हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शनिवार • 20.09.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 58 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाले में पांच और आरोपी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** सीबीआई ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) भर्ती घोटाले की जांच में पांच और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों में तत्कालीन सचिव जीवन किशोर ध्रुव, तत्कालीन नियंत्रक परीक्षा अरति वासनिक, डिप्टी कलेक्टर सुमित ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर मिषा कोसले और जिला आबकारी अधिकारी दीपा आदिल शामिल हैं। सभी को पुलिस रिमांड के लिए अदालत में पेश किया जाएगा। एजेंसी ने यह मामला 9 जुलाई 2024 को राज्य सरकार की अधिसूचनाओं के आधार पर दर्ज की थी। आरोप है कि तत्कालीन अध्यक्ष, सचिव और अन्य अधिकारियों ने 2020 से 2022 तक आयोजित परीक्षाओं और साक्षात्कारों में हेरफेर कर अपने परिजनों का चयन कराया। सीजीपीएससी परीक्षा 2021 में कुल 1,29,206 उम्मीदवारों में से 2,548 ने प्रारंभिक परीक्षा पास की थी। इनमें से 509 मुख्य परीक्षा तक पहुंचे और अंततः 170 उम्मीदवारों का चयन हुआ। इस मामले में इससे पहले आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष, उप नियंत्रक परीक्षा, चार चयनित उम्मीदवार और एक निजी व्यक्ति गिरफ्तार किए जा चुके हैं। सभी न्यायिक हिरासत में हैं।

### डूसू चुनाव में अभाविप ने चार में से तीन पदों पर किया कब्जा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिए गए। इसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने चार में से तीन पदों पर जीत दर्ज की, जबकि राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) ने उपाध्यक्ष पद अपने नाम किया। हालांकि एनएसयूआई ने इन चुनावों में अभाविप पर चुनाव आयोग के साथ मिलकर धांधली का आरोप लगाया था, जिसे अभाविप ने बेबुनियाद बताया था। नतीजों के अनुसार अध्यक्ष पद पर अभाविप के आर्यन मान ने 28,841 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि जोशलीन नंदिता चौधरी को 12,645 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के राहुल झांसला ने 29,339 मत पाकर जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी गोविंद तंवर को 20,547 मत मिले। सचिव पद पर अभाविप के कुणाल चौधरी को 23,779 मत मिले, जबकि कबीर 16,117 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

### एसीबी ने घूस लेते दो जूनियर इंजीनियरों को किया गिरफ्तार

**बोकारो :** धनबाद एसीबी की टीम ने शुक्रवार को बोकारो जिले के कसमार से दो जूनियर इंजीनियरों को पांच हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ दबोचा है। इनकी गिरफ्तारी कसमार प्रखंड कार्यालय से हुई है। आरोप है कि जूनियर इंजीनियर आशीष कुमार व राजीव रंजन ने मनरेगा के तहत मजदूरी पेमेंट के पैसे देने के एवज में रिश्वत मांगी थी। इसकी शिकायत मिलने के बाद धनबाद एसीबी ने तहकीकात की। जांच में मामला सही पाया गया। इसके बाद एसीबी की टीम ने कसमार प्रखंड कार्यालय पहुंचकर जाल बिछाया और घूस की रकम लेते दोनों जूनियर इंजीनियरों को गिरफ्तार कर लिया।

### तीन दिवसीय डिफेंस एक्सपो के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री

# रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार हर संभव सहयोग करेगी : मुख्यमंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची परिसर में आयोजित "East Tech Symposium-2025" (Defence Expo) कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन राज्य के लिए महत्वपूर्ण दिन है। राजधानी रांची की स्थित वीर टाना भगत इंडोर स्टेडियम परिसर खेलगांव में केंद्रीय रक्षा मंत्रालय की ओर से "ईस्ट टेक सिम्पोजियम-2025" का ऐतिहासिक आयोजन किया जा रहा है। ये आयोजन अपने आप में एक विशिष्ट कार्यक्रम है जिसमें रक्षा क्षेत्र के कई नए आयाम जोड़ने की पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन के उद्देश्य को पूरा करने में हमें जरूर सफलता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड ने देश को बहुत कुछ दिया है, इस राज्य में डिफेंस सेक्टर से जुड़े उद्योग क्षेत्र के विस्तार की भी प्रबल संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र के साथ पूरा सहयोग करने हेतु प्रतिबद्ध है।



#### झारखंड में उद्योग विस्तार की असीम संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड संभावनाओं का प्रदेश है। यहां रक्षा सेक्टर में उपयोग होने वाले रॉ-मैटेरियल प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यहां पर्याप्त मात्रा में यूरेनियम की भी उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कई बड़े-बड़े उद्योग संस्थान स्थापित हुए है। उद्योग के विस्तार में भी इस राज्य का देश में अलग पहचान रहा है। कई छोटे-बड़े उद्योग यहां पले-बढ़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार गलत नीति निर्धारण के कारण कुछ चीजें समाप्त होती नजर आती है। हम सभी लोग ये जानते हैं कि एचईसी जैसी उद्योग संस्थान रांची में स्थापित है। इस संस्थान के सहयोग से देश के भीतर कई अन्य औद्योगिक संस्थाएं आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि एचईसी सैटेलाइट तथा परमाणु कॉम्पोनेंट्स बनाने में भी अहम भूमिका निभाता रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एचईसी की स्थिति आज बहुत अच्छी नहीं है, यह जानकर काफी तकलीफ होती है आखिर किस वजह से इतना बड़ा उद्योग संस्थान आज उम्मीद के अनुरूप खरा नहीं उतर पा रहा है।

#### राज्य सरकार का मिलेगा पूरा सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरत है कि केंद्र एवं राज्य सरकार समन्वय स्थापित कर आपसी सहयोग से उद्योग संस्थाओं को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करे ताकि उद्योग के क्षेत्र में राज्य तथा देश आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि मिलजुलकर प्रयास करने से डिफेंस से जुड़े इंडस्ट्री सेक्टर में नए आयाम जोड़े जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि भारतीय सशस्त्र सेना के रक्षा प्रमुख आज हमारे बीच यहां उपस्थित हैं। एमएसएमई के क्षेत्र में भी इनके द्वारा किया जा रहा प्रयास एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से डिफेंस सेक्टर को पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा।

#### डिफेंस एक्सपो का अवलोकन

इस अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य अतिथियों एवं रक्षा मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों ने डिफेंस एक्सपो का अवलोकन किया। इस डिफेंस एक्सपो में देशभर से रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञ, औद्योगिक संस्थाएं, तकनीकी संस्थान तथा लघु एवं मध्यम उद्योगों से जुड़े लोग शामिल हुए। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, भारतीय सशस्त्र सेना के रक्षा प्रमुख (सीडीएस) अनिल चौहान, मुख्य सचिव अलका तिवारी, पूर्वी कमान प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी, पूर्वी कमान एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ सूरत सिंह, रक्षा मंत्रालय के अन्य वरीय अधिकारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आज गुजरात को देंगे 26 हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

एजेंसी



**गांधीनगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार 20 सितंबर को गुजरात के भावनगर में आयोजित 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इसमें प्रधानमंत्री प्रदेश को 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात देंगे।

राज्य सूचना विभाग ने अपने बयान में बताया कि भारत सरकार और गुजरात सरकार के विभिन्न विभागों के तहत राज्य की जनता के लिए 26,354 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगे। इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी कुल मिलाकर 01 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के विकास कार्यों की देश की जनता को भेंट देंगे। इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल तथा भारत सरकार के बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग विभाग के मंत्री सबार्नंद सोनोवाल भी उपस्थित रहेंगे।

देश की विकास यात्रा को 'समुद्र से समृद्धि' की दिशा में ले जाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार के पोर्ट्स, शिपिंग तथा वॉटरवेज (बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग) मंत्रालय अंतर्गत 66,025 करोड़ रुपये के एमओयूस का रिमोट बटन दबाकर लोकार्पण करेंगे, जिनमें बंदरगाहों व शिपिंग से संबंधित 21 एमओयू शामिल हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री पोर्ट्स, शिपिंग तथा वॉटरवेज मंत्रालय अंतर्गत देश के प्रमुख बंदरगाहों के विकास के लिए 7,870 करोड़ रुपये के विभिन्न प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। भावनगर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात सरकार के विभिन्न विभागों के तहत 2,500 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इन विभागों में ऊर्जा एवं पेट्रोरसायन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सड़क एवं भवन, शहरी विकास, जल संसाधन एवं जल आपूर्ति तथा मत्स्योद्योग (कृषि) विभाग शामिल हैं।

राज्य सूचना विभाग ने बताया कि भारत सरकार के मंत्रालयों के अधीनस्थ आने वाले कुछ महत्वपूर्ण विकास कार्यों में पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस मंत्रालय अंतर्गत 4,700 करोड़ रुपये की लागत से छारा बंदरगाह पर निर्मित एचपीएलएनजी एलएनजी रीगैसिफिकेशन टर्मिनल का तथा 5,894 करोड़ रुपये की लागत से वडोदरा स्थित गुजरात रिफाइनरी में निर्मित इंडियन ऑयल के एक्रेलिक/ऑक्सो-अल्कोहल प्रोजेक्ट का लोकार्पण शामिल है।

## गायक जुबिन गर्ग का सिंगापुर में निधन पीएम समेत तमाम नेताओं ने जताया शोक

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** असम के लोकप्रिय गायक और अभिनेता जुबिन गर्ग का सिंगापुर में एक स्कूबा डाइविंग दुर्घटना में निधन हो गया। 52 वर्षीय जुबिन गर्ग के अचानक चले जाने से संगीत जगत और उनके प्रशंसकों में शोक की लहर है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग के अचानक निधन से स्तब्ध हूं। वह संगीत जगत में अपने समृद्ध योगदान के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। उनकी प्रस्तुतियां हर वर्ग के लोगों में बेहद लोकप्रिय थीं। उनके परिजनों और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि देश ने एक जादुई आवाज और बहुमुखी प्रतिभा वाले कलाकार को खो दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने जुबिन गर्ग को असम की आवाज बताते हुए कहा कि उनके गीत और योगदान सदैव हर भारतीय के दिल में गूंजते रहेंगे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि उनकी आवाज ने एक पीढ़ी को परिभाषित किया और उन्होंने असमिया संगीत की दिशा बदल दी। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने उन्हें असम का सांस्कृतिक प्रतीक बताते हुए कहा कि उनका संगीत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर लिखा, प्रसिद्ध गायक, गीतकार, संगीतकार और करोड़ों संगीत प्रेमियों के दिलों में अपनी विशेष जगह बनाने वाले, जुबीन गर्ग के सिंगापुर में एक दुर्घटना में असामयिक निधन से मैं स्तब्ध हूं।

## राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने फिर दिया विवादित बयान, कहा- 'पाकिस्तान में घर जैसा महसूस हुआ'

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** बिहार चुनाव से ठीक पहले इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के मुखिया सैम पित्रोदा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान उन्हें घर जैसा लगता है। राहुल गांधी के खास सैम पित्रोदा ने पाकिस्तान के साथ बातचीत की वकालत की है। उन्होंने केंद्र सरकार से अपनी विदेश नीति का ध्यान सबसे पहले अपने पड़ोस पर केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जाकर उन्हें घर जैसा महसूस हुआ। पित्रोदा के बयान पर अब भाजपा ने कांग्रेस को घेरा है। दरअसल, कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने कहा, मेरे अनुसार हमारी विदेश नीति को सबसे पहले अपने पड़ोस पर केंद्रित होना चाहिए। क्या हम वाकई अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों में काफी सुधार कर सकते हैं? मैं पाकिस्तान गया हूं, और आपको बता दूं कि मुझे वहां घर जैसा महसूस हुआ। मैं बांग्लादेश गया हूं, मैं नेपाल गया हूं, और मुझे घर जैसा महसूस हुआ। मुझे ऐसा नहीं लगता कि मैं किसी विदेशी देश में हूं।

#### भाजपा ने कैसे घेरा?

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चीफ सैम पित्रोदा के पाकिस्तान वाले बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा, राहुल गांधी के चहेते और कांग्रेस के विदेश प्रमुख सैम पित्रोदा कहते हैं कि उन्हें पाकिस्तान में घर जैसा महसूस हुआ। कोई आश्चर्य नहीं कि यूपीए ने 26/11 के बाद भी पाकिस्तान के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की। पाकिस्तान का चहेता, कांग्रेस का चुना हुआ।



#### बिहार चुनाव से पहले भाजपा को मौका?

दरअसल, सैम पित्रोदा ने ऐसे वक्त में यह बयान दिया है, जब कांग्रेस के सामने बिहार चुनाव है। बिहार चुनाव में भाजपा सैम पित्रोदा के इस बयान को बड़ा मुद्दा बना सकती है। इसके संकेत प्रदीप भंडारी की प्रतिक्रिया में दिख गई है। भाजपा इसे अपना सियासी हथियार बना सकती है, जैसा कि पहले भी कई चुनावों में कांग्रेस नेताओं के बयानों को बना चुकी है।

#### गांधी फैमिली के भरोसेमंद

सैम पित्रोदा को राहुल गांधी का खास और करीबी माना जाता है। वह 1980 के दशक में राजीव गांधी के करीबी टेक्नोक्रेट के रूप में उभरे थे। वह लंबे समय से गांधी परिवार के भरोसेमंद सलाहकार रहे हैं। इससे पहले फरवरी में जब चीन के साथ संबंध अभी भी तनावपूर्ण थे, उन्होंने यह कहकर हंगामा खड़ा कर दिया था कि भारत चीन से खतरे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करता है।

## 30 आईपीएस का तबादला, रांची के नए एसएसपी बने राकेश रंजन



राकेश रंजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार ने 30 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। राज्य सरकार ने डीजीपी पद पर पदस्थापित अनुराग गुप्ता को सीआईडी और एसीबी के प्रभार से मुक्त कर दिया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी है।

जारी अधिसूचना के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) एसपी के पद पर पदस्थापित राकेश रंजन को रांची का नया एसएसपी बनाया है। वहीं, वायरलेस डीजी प्रशांत सिंह को डीजी मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जबकि जैप एडीजी के पद पर पदस्थापित प्रिया दुबे को एसीबी का एडीजी बनाया गया है।

### कौन अधिकारी कहां गया

- डीजीपी अनुराग गुप्ता को सीआईडी और एसीबी के प्रभार से विमुक्त किया गया।
- वायरलेस डीजी प्रशांत सिंह को डीजी मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया।
- पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत सुमन गुप्ता को रेल एडीजी बनाया गया।
- प्रिया दुबे को एसीबी का एडीजी बनाया गया। साथ ही प्रिया दुबे जैप एडीजी और प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण के प्रभार में रहेंगी।
- रांची आईजी मनोज कौशिक को आईजी सीआईडी के प्रभार में रहेंगे।
- बोकारो आईजी के पद पर पदस्थापित क्रांति कुमार गडीदेशी को आईजी मानवाधिकार बनाया गया।
- नरेंद्र कुमार सिंह को आईजी निगरानी सह सुरक्षा झारखंड विद्युत बोर्ड के पद पर स्थापित किया गया।
- दुमका आईजी शैलेंद्र सिन्हा को पलामू आईजी बनाया गया।
- सीआईडी आईजी के पद पर पदस्थापित सुदर्शन मंडल को आईजी मुख्यालय के पद पर पदस्थापित किया गया और वह जेल आईजी के प्रभार में रहेंगे।
- सुनील भास्कर को बोकारो जोनल आईजी बनाया गया।
- आईजी प्रोविजन पटेल मयूर कन्हैयालाल को दुमका जोनल आईजी का प्रभार दिया गया।
- सीआईडी डीआईजी के पद पर पदस्थापित संजीव कुमार को डीआईजी एसआईबी बनाया गया।
- पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) एसपी राकेश रंजन को रांची का नया एसएसपी बनाया गया।
- शैलेंद्र प्रसाद बरनवाल को डीआईजी एसीबी के पद पर पदस्थापित किया गया है।
- चौथे मनोज रतन को डीआईजी स्पेशल ब्रांच बनाया गया।
- पलामू डीआईजी नौशाद आलम अंसारी को पुलिस मुख्यालय में योगदान देने को कहा गया।
- देवघर के पद पर पदस्थापित अजीत पीटर डुंगडुंग को अगले आदेश तक संयुक्त निदेशक झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग के पद पर पदस्थापित किया गया।
- रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को एसीबी डीआईजी बनाया गया।
- अरविंद कुमार सिंह को एसपी स्पेशल ब्रांच बनाया गया।
- एहतेशाम वकारिब को सीआईडी एसपी बनाया गया।
- अमित रेनू को पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) एसपी बनाया गया।
- जैप 10 के समादेष्टा के पद पर पदस्थापित सौरभ का तबादला करते हुए देवघर एसपी बनाया गया है।
- रांची सिटी एसपी अजीत कुमार को रेल एसपी जमशेदपुर बनाया गया।
- दीपक कुमार पांडे को एसपी स्पेशल ब्रांच बनाया गया।
- अनिमेष नैथानी को एसीबी का एसपी बनाया गया।
- कैलाश करमाली को रेल एसपी धनबाद बनाया गया।
- मनोज स्वर्गीयरी को जैप तीन गोविंदपुर का कमांडेंट बनाया गया।

## चुनाव आयोग ने 474 गैरमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का पंजीकरण किया समाप्त




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** चुनाव आयोग ने गैर-मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों पर कार्रवाई करते हुए 474 का पंजीकरण समाप्त कर दिया है। इसके साथ ही पिछले दो महीनों में आयोग 808 ऐसे दलों पर कार्रवाई कर चुका है। आयोग ने 9 अगस्त को 334 दलों की मान्यता खत्म की थी।

राजनीतिक दल जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत पंजीकृत होते हैं। इससे पार्टी और उससे जुड़े लोगों को कुछ विशेषाधिकार और लाभ मिलते हैं। हालांकि लगातार छह सालों तक चुनाव नहीं लड़ने की स्थिति में इन पार्टियों का पंजीकरण समाप्त किया जा सकता है। चुनाव आयोग ने ऐसे दलों की पहचान की और उनके खिलाफ कार्रवाई की।

आयोग ने 359 अन्य राजनीति दलों की पहचान भी की है। इन्होंने चुनाव लड़ा है लेकिन पिछले तीन सालों की ऑडिट रिपोर्ट दाखिल नहीं की है। साथ ही इन्होंने चुनाव खर्च रिपोर्ट भी दाखिल नहीं की है। आयोग ने 28 राज्यों में फैले इन दलों को सीईओ के माध्यम से नोटिस भेजा है।

## एक नजर

### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक 21 को

बरही : 21 सितम्बर रविवार को बरही थाना में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति का बैठक बुलाई गई है। इसकी जानकारी देते हुए पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि थाना अंतर्गत दुर्गा पूजा शांति सौहार्द के साथ मनाने के लिए शांति समिति का बैठक रखा गया है जिसमें सभी पंचायत के मुखिया, पसंस, समाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक कार्यकर्ता, सभी पूजा पंडाल के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पत्रकार बंधुओं को बैठक में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आस्था का पर्व नवरात्र में जगत जननी जगदंबा माता का पूजा क्षेत्र के अमन शांति को लेकर मनाया जाता है जो 22 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक होगा। इस पावन पर्व नवरात्र को शांति सौहार्द से मनाने को लेकर रविवार को थाना प्रांगण में बैठक की आयोजन किया गया है।

### बरही विधायक ने विश्वकर्मा पूजा पर भक्ति जागरण कार्यक्रमों का किया शुभारंभ

बरही: विधायक मनोज कुमार यादव ने गुरुवार रात में बरही प्रखंड क्षेत्र के कई जगहों पर विश्वकर्मा पूजा पर आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम को फीता काट शुभारंभ किया इस अवसर पर उन्होंने बरही के श्रीनगर, डपोक,कारीमाटी गांव में उन्होंने दीप प्रज्वलित कर फीता काट उद्घाटन किया इस मौके पर ज़िप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, अर्जुन साव, मुखिया मोतीलाल चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, उमेश यादव, बासुदेव यादव गुरुदेव गुप्ता,सुजित कुमार सहित सभी पूजा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होंने कई जगहों पर अपने मधुर कला का भी मधुर ध्वनि से भक्ति गीत गा दर्शकों का मन मोहा। वहीं भक्ति जागरण में आए कलाकारों ने भी अपने भक्ति गीत से रात भर दर्शकों को भर पूर आनंद देते रहे वहीं दर्शक भी रात भर भक्ति भाव जागृत होता रहे इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं पूजा पाठ के अवसर पर समय-समय पर धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होते रहना चाहिए ताकि लोगों में भक्ति भाव जागृत होता रहे। उन्होंने इस अवसर पर सभी पूजा समितियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए तथा बाबा विश्वकर्मा से पूरे बरही विधानसभा की प्रगति और समृद्धि हेतु प्रार्थना किया और शुभकामनाएं दी।

### जागृति रथ का भारत माता चौक पर हुआ भव्य स्वागत

हजारीबाग : श्री गुरु तेग बहादुर साहब जी के शहादत दिवस पर निकाली गई जागृति यात्रा का भारत माता चौक में भव्य स्वागत किया गया। यह यात्रा बुधवार को तख्त श्री हरमंदिर साहिब, पटना से रवाना हुई थी और रामगढ़ की ओर जाते हुए हजारीबाग के भारत माता चौक पहुंची। यहाँ पर श्री गुरु सिंह सभा, हजारीबाग ने पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ इसका स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग, श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। भारत माता चौक पर आयोजित स्वागत समारोह में गुरु वाणी का कीर्तन गूंज उठा और गुरु साहब के बलिदान को याद करते हुए संगत ने श्रद्धा अर्पित की। यात्रा के मार्ग की जानकारी देते हुए समिति ने बताया कि रामगढ़ से होते हुए धनबाद, कोलकाता रांची होते हुए 2 अक्टूबर को हजारीबाग नगर में प्रवेश करेगी। यात्रा का उद्देश्य गुरु तेग बहादुर साहब जी के शहीदी दिवस पर उनके बलिदान, आदर्शों और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। पूरे आयोजन को लेकर सिख समाज में गहरी श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

# कुड़मी समाज आज झारखंड, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के 100 रेलवे स्टेशनों पर करेगा रेल टेका आंदोलन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



बड़कागांव : झारखण्ड में इन दिनों आदिवासी कुड़मी समुदाय द्वारा रेल टेका आंदोलन को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। सभी चौक चौराहों पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी विषय को लेकर आज पलांडू गांव में कुड़मी समाज की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रदीप महतो एवं संचालन अजय कुमार महतो ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदीप महतो ने कहा कि हमें अपना अस्तित्व और संस्कृति को बचाना है तो अपने हक अधिकार के लिए लड़ना होगा। वहीं समाज के अगुआ व नेतृत्वकर्ता नारायण प्रसाद ने कहा कि हमारा कुड़मी समाज इस देश में अंग्रेजों के शासन काल से खेती बारी करते आ रहा है जो भारत के उत्तरी छोटानागपुर में 65000 (पैंसठ हजार)सालों से रह रहा है। वहीं कुड़मी समाज के सक्रिय सदस्य अजय कुमार महतो ने विस्तार से बताते हुए कहा कि हमारा कुड़मी समाज अंग्रेज सरकार के गजट 1913 और 1931 के गजट में भी आदिवासी सूची में दर्ज है उस समय मात्र 13 जनजातियां ही सुची में शामिल थीं जिसमें कुड़मी (महतो) भी शामिल था। लेकिन 1950 ई० में जब संविधान का संसोधन हुआ तो सिर्फ कुड़मी जनजाति को ही से बिना सूचना दिए बाहर कर दिया गया। उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसे भूल वश स्वीकार किया और कहा कि भूल हो गई है कुड़मी जनजाति को भी जोड़ दिया जाएगा। तब से हमारा समाज इंतजार कर रहा है और दर दर की ठोकरें खा रहा है। इसके साथ ही सबों को भारी संख्या में रेल टेका आंदोलन में शामिल होने के लिए अपील किया। वहीं सक्रिय सदस्य ईश्वर कुमार महतो ने कहा कि झारखंड में हमारे कुड़मी समाज की आबादी 26% है इसके बावजूद हम अपने हक अधिकार से वंचित हैं। बैठक में उपस्थित सभी महिला पुरुषों ने एक स्वर में कहा कि हमें अपने हक अधिकार पाने के लिए जान भी गंवाना पड़े तो हमलोग तैयार रहेंगे और सबों ने रेल टेका आंदोलन में जाने के लिए तैयार हुवे। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित समाज के अगुआ प्रदीप महतो, नारायण प्रसाद, अजय कुमार महतो, ईश्वर कुमार महतो, बिजय महतो, तापेश्वर महतो, रबिन्द्र महतो, रामु कुमार, बबलु कुमार, किशोर कुमार, पारसनाथ महतो, टीभर महतो, धनराज महतो, लगनु महतो, प्रताप कुमार, महेश महतो , महावीर महतो, किशुन महतो, युगल महतो, बिसुन कुमार, आकाश कुमार, महादेव महतो, रेखा देवी, शांति देवी, पुसनी देवी, सालखो देवी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## 19 से 25 सितंबर तक झारभूमि सेवा बंद, आमजन को होगी दिक्कत




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : पूरे झारखंड प्रदेश में एक सप्ताह के लिए झार भूमि सेवा बाधित रहेगा। इसके लिए सरकार के राजस्व विभाग उप निदेशक ने सभी उपायुक्त, भूमि सुधार उप समाहर्ता, एनआईसी, सभी अंचल अधिकारी सहित राजस्व सम्बंधित विभाग को पत्र के माध्यम से सूचित किया है। पत्र के माध्यम से बताया गया है कि झारभूमि को झारखंड स्टेट डाटा सेंटर जैप आई टी के नए इन्फ्रास्ट्रक्चर जेएचएसडीसी -2.0 में स्थानांतरण का काम किया जा रहा है जिसके कारण झारभूमि सर्वर 19 सितम्बर से 25 सितम्बर तक डाउन रहेगा तथा इस अवधि में राजस्व विभागीय सीटिजन सेंट्रिक सेवाएं बाधित रहेगी। एक सप्ताह बंद रहने से सरकार को भी राजस्व का नुकसान होगा साथ ही आम आदमी का कार्य भी प्रभावित होगा। बाधित रहने के कारण जमीन रजिस्ट्री, म्यूटेशन तथा जमीन सहित राजस्व से संबंधित सभी कार्य बंद रहेगा। जिससे आम लोगों की परेशानी बढ़ सकती है।

## जमीन विवाद हत्या मामले में नौ साल बाद फैसला, पांच दोषियों को उम्रकैद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बरही : बरही थाना क्षेत्र के करसो में 9 साल पहले जमीन विवाद में मुन्ना गोप उर्फ मुन्ना महतो की हत्या के मामले में नामजद पांच आरोपियों के खिलाफ अष्टम सत्र एवं जिला न्यायधीश हजारीबाग पुरुषोतम गोस्वामी की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिन्हें सजा सुनाई गई है उनमें बद्री साव, नंदलाल साव, भुनेश्वर साव तीनों के पिता स्व किशुन साव, मुन्नी देवी पति बद्री साव एवं मीना देवी पति नंदलाल साव सभी करसो बरही निवासी शामिल है। क्या था मामला: मृतक मुन्ना गोप बरही निवासी चौहनी देवी से बतौर केवाला जमीन की खरीदा था। लेकिन नामजद आरोपियों का कहना था कि जमीन उनके जमीन के बगल में है इसलिए सीलिंग एक्ट के तहत हमलोग जमीन लेंगे। इसी बात को लेकर 13.04.2016 को मुन्ना गोप अपने जमीन पर कृषि कार्य कर रहे थे। इसी बीच आरोप है कि उपरोक्त नामजद अभियुक्त सहित अन्य लोग लाठी डंडा शबल से मुन्ना गोप पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उनका सर फट गया था। मुन्ना गोप को बचाने आई बद्री साव की पत्नी मुंदरी देवी ने सूचक यमुना यादव, उनकी पत्नी एवं एक उनकी गोतनी के सिर पर लाठी से मार दी। जिसके कारण तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया था। लेकिन जाने के क्रम में मुन्ना गोप उर्फ मुन्ना महतो ने दम तोड़ दिया। इस मामले में बरही थाना में बरही थाना कांड संख्या 94/16 धारा आईपीसी के धारा 302, 307 सहित कई अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था। मामला हजारीबाग न्यायालय में 9 वर्षों तक चला। 9 वर्ष बाद 12 सितंबर को सभी पांच अभियुक्तों को दोषी करार दिया गया और 19 सितंबर को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास , धारा 307 के तहत 10 वर्ष की सश्रम कारावास के साथ साथ 12000 का जुर्माना भी लगाया गया। सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। 9 वर्ष बाद आया कोर्ट के फैसला का स्वागत करते हुए सूचक यमुना यादव ने कहा कि जिन लोगों ने उनके पिता की हत्या की उन्हें माननीय न्यायालय ने सजा दे दी है। हमलोगों को न्याय मिल गया है। उन्होंने न्याय पर संतोष जताया है। कहा न्यायालय में देर भले है लेकिन अंधेर नहीं है।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत दौरवा में लगा विकास सह स्वास्थ्य जांच शिविर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बरही : झारखंड सरकार के निर्देशानुसार आदिवासी समाज से जुड़े लोगों के स्वास्थ्य एवं जनजातीय विकास के उद्देश्य से खोड़ाहर पंचायत के दौरवा प्राथमिक विद्यालय में विकास सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन प्रमुख मनोज कुमार रजक, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, एम ओ संजय यादव मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। शिविर में आदिवासी समाज से जुड़े जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही आदिम जनजाति के विकास के लिए झारखंड सरकारी की विकास योजनाओं का लाभ दिया गया। मौके पर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। जहां कुल 62 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में आए मरीजों को बीपी, शुगर, एचआईवी, मलेरिया, कैंसर सहित अन्य कई तरह की जांच कर इलाज किया गया और जरूरत के अनुसार परामर्श एवं दवा भी दिया गया। जांच का कार्य एवं शिविर को सफल बनाने में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के अलावा डॉक्टर अमन कुमार, अनीता कुमारी, गौतम कुमार, कादम्बनी दुबे, एच एम सुधांशु कुमार आदि ने सहयोग किया।

## बड़कागांव में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ 21 सितम्बर को

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बड़कागांव : सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का शुभारंभ प्रखंड के शिवाडीह फुटबॉल मैदान में आगामी 21 सितंबर को किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल व विशिष्ट अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी एवं पूर्व विधायक लोकनाथ महतो समेत कई प्रदेश एवं जिला स्तरीय नेता एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस फुटबॉल टूर्नामेंट में बड़कागांव प्रखंड से 40 से ऊपर टीम भाग लिया है। मैच नॉकआउट सिस्टम से खेला जाएगा। फाइनल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 25,000 नगद एवं ट्रॉफी, दुसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 15,000 नगद एवं ट्रॉफी, गोल्डन बुट पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार, टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी टीमों को 15 सेट का जर्सी दिया जाएगा। वही टूर्नामेंट को सफल बनाने को लेकर मुखिया संघ अध्यक्ष सह टूर्नामेंट अध्यक्ष भीखन कुमार मेहता, राजीव कुमार रंजन, सचिव शिवशंकर उर्फ शिबू मेहता, संयुक्त सचिव मनीष पांडे, विजय यादव, संजय विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष भवानी प्रसाद दांगी, खेल प्रभारी धनंजय प्रसाद धीरज, संजय राणा, कमेन्ट्री विधानसभा सांसद सह प्रतिनिधि कृष्ण राम, मीडिया प्रभारी ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, उदय मेहता, संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, मुकुटधारी महतो, डॉ. बालेश्वर महतो, कैलाश राणा, राजेश गुप्ता, कजरू साव, उपेंद्र प्रसाद समेत दोनों मंडल के सैकड़ो कार्यकर्ता भव्य आयोजन की तैयारी में जुटे हुए हैं।

# हजारीबाग में 100 बेड कोविड अस्पताल को वैकल्पिक हॉस्पिटल बनाने की मांग, डीसी को सौंप ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



हजारीबाग : हजारीबाग की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पर बढ़ते बोझ को कम करने के उद्देश्य से शुक्रवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह को एक मांग पत्र सौंपा है। इस पत्र में उन्होंने शहर के नए समाहरणालय के बगल में निर्मित 100 बेड के कोविड अस्पताल को वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर उपयोग में लाने का मांग किया है, ताकि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों की भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। वर्तमान में हजारीबाग का शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज जो प्रमंडलीय सदर अस्पताल परिसर में ही संचालित हो रहा है। वर्तमान समय में यह अस्पताल प्रमंडल भर के मरीजों का लाइफलाइन माना जाता है। नतीजतन अस्पताल में मरीजों की संख्या उसकी क्षमता से कहीं अधिक है। सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह को सौंपे गए अपने पत्र में बताया कि अस्पताल में लगभग 300 बेड हैं, जिनमें से लेबर रूम में 30, मैटरनिटी वार्ड में 38 और शिशु वार्ड में 28 बेड हैं। ये वार्ड अत्यधिक संवेदनशील होने के बावजूद यहां क्षमता से अधिक मरीज होने के कारण अक्सर बेड की कमी, भीड़-भाड़ और असुविधा की स्थिति बनी रहती है। सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से आग्रह किया कि नया समाहरणालय के पास लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से बना 100 बेड का कोविड अस्पताल फिलहाल उपयोग में नहीं लाया जा रहा है। अगर इस नवनिर्मित अस्पताल को वैकल्पिक केंद्र के रूप में इस्तेमाल किया जाए, तो यह हजारीबाग की स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक बड़ी राहत और वरदान साबित हो सकता है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के लेबर रूम, मैटरनिटी वार्ड और शिशु वार्ड को इस नए अस्पताल में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा है। सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी का मानना है कि ऐसा करने से न केवल मुख्य मेडिकल कॉलेज अस्पताल का भार कम होगा, बल्कि जच्चा-बच्चा को एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण भी मिल पाएगा। इस व्यवस्था को कार्यान्वित करने के लिए नए अस्पताल में केवल एक ऑपरेशन थिएटर और शिशु वार्ड के लिए कुछ आवश्यक उपकरणों सहित चिकित्सक और चिकित्सा कर्मी की आवश्यकता होगी। चौधरी ने आग्रह किया कि इन जरूरतों को डीएमएफटी मद से और राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग से आग्रह करके पूरा किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### 22 सितंबर से नवरात्र मां का आगमन हाथी पर व गमन मनुष्य पर : ज्योतिषाचार्य



इटखोरी : माँ भद्रकाली मंदिर पुजारी ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा बताते हैं कि 22 सितंबर दिन सोमवार से नवरात्र प्रारम्भ हो रहा है जिसमे बन रहे हैं कई शुभ सयोंग इन नौ दिनों में दुर्गा मां के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जाएगी 9 दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरुपों की पूजा की जाती है। इन 9 दिनों का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि, जो भक्त इन दिनों में माता रानी की सच्ची उपासना करता है मां दुर्गा उसकी सारी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। शारदीय नवरात्रि का आरंभ आश्विन प्रतिपदा तिथि से होता है और समापन दशमी तिथि को होता है। वैसे तो माता का वाहन शेर है लेकिन, नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा अलग-अलग वाहन से आगमन और प्रस्थान करती हैं। माता के अलग-अलग वाहन पर आने और जाने का प्रभाव भी अलग होता है इस वर्ष नवरात्र 22 सितंबर से प्रारम्भ हो रहा है और 2 अक्टूबर को दशमी तिथि के दिन नवरात्रि का समापन हो जाएगा। गज पर आगमन फल: इस बार शारदीय नवरात्रि का आरंभ 22 सितंबर सोमवार से हो रहा है। जब भी नवरात्रि का आरंभ रविवार या सोमवार से होता है तो उस दिन माता का आगमन गज यानी हाथी पर होता है। श्रीमदेवी भागवत महापुराण के अनुसार, जब भी माता का आगमन हाथी पर होता है तो यह बेहद ही शुभ माना जाता है। माता के हाथी पर आगमन का अर्थ है कि वर्षा अच्छा होगा जिसके परिणाम स्वरूप कृषी में वृद्धि होती साथ ही देश में धन समृद्धि में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। मनुष्य पर गमन फल: शारदीय नवरात्रि का समापन 2 अक्टूबर गुरुवार विजयदशमी के दिन होगा। जब भी माता का प्रस्थान गुरुवार के दिन होता है तो मां दुर्गा मनुष्य की सवारी करके प्रस्थान करती हैं। इस बार भी मां मनुष्य की सवारी करके प्रस्थान करेंगे जिसे बहुत ही शुभ संकेत माना गया है। इसका मतलब है कि लोगों के बीच प्रेम बढ़ेगा और सुख शांति बनी रहेगी। ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा आगे बताते है कि नवरात्र के शुभ अवसर पर आप तमाम धर्म प्रेमी सज्जन दुर्गा पाठ अवश्य ब्राह्मण से करवाएं या खुद करें नहीं कर सकते तो सार्वजनिक दुर्गा पंडाल में या भगवती के मंदिर में अखण्ड 9 दिनों तक दिप जलाएं नहीं जला सकते तो सन्ध्या बेला में पंडाल यह दुर्गा मंदिर में दीप जरूर जलाएं ऐसा करने से मनोकामना पूर्ण होने के साथ सभी प्रकार से रक्षा अवश्य होगा। कुछ सावधानियां: अगर आप नौ दिनों का व्रत रखते हैं, तो बीच में व्रत न तोड़ें। व्रत के दौरान दिन में सोने से बचें। दाढ़ी, बाल और नाखून काटने से परहेज करें। किसी का अपमान न करें विशेष रूप से माता पिता गुरु ब्राह्मण स्त्री का और मन में बुरे विचार न लाएं।

### आरएनवाईएम कॉलेज बरही में आज होगा शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

बरही : रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज, बरही में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन शनिवार, 20 सितंबर 2025 को किया जाएगा। प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से कॉलेज के सभागार कक्ष में आयोजित होगा। कार्यक्रम में सत्र 2025-29 के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया है। कॉलेज प्राचार्य ने सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी और विद्यार्थियों से समय पर उपस्थित होकर संगोष्ठी को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### बड़कागांव में नायक फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



बड़कागांव : प्रखंड के चेपाकला पंचायत अंतर्गत ग्राम हुदुवा में नायक फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार व मुखिया अनिकेत नायक एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह ,पूर्व मुखिया भीखन महतो के द्वारा संयुक्त रूप से खेलड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मार कर किया गया। वहीं मुख्य संयोजक मुखिया अनिकेत नायक ने कहा कि टूर्नामेंट में आसपास के क्षेत्रों से कुल 16 टीम ने भाग लिया है। उद्घाटन मैच एस टी ब्रदर जरजरा बनाम बिरसा मुंडा क्लब हजारीबाग के बीच खेला गया। जिसमें एसटी ब्रदर टीम ने 0-1 से बढ़त बनाकर खेल में जीतदर्जकिया। इस दौरान टूर्नामेंट के उद्घाटन के उपरांत आयोजक टीम के द्वारा अतिथियों को फूलमाला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट देकर स्वागत किया गया। खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार ने कहा कि खेल से एक दूसरे गांव के लोगों को जोड़ने का काम करता है एंव जान पहचान बढ़ती है, आपसी भाईचारगी बना रहता है। बड़कागांव के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है बस इन्हें बेहतर प्रशिक्षण मिले तो यह भी राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर सकते हैं। मौके पर मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार,मुखिया सह आजसू केंद्रीय सचिव अनिकेत नायक, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, पूर्व मुखिया भिखन महतो, नायक फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष सुरेश महतो, दिनेश महतो, देव नन्द महतो, तुलेश्वर महतो, राजेश्वर महतो,सुनील महतो, प्रितिम महतो, कामिल तिर्की सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

### तृषा वैलनेस सेंटर का मुखिया ने किया उद्घाटन



बड़कागांव: बड़कागांव ब्लॉक मोड़ के समीप बड़कागांव पूर्वी पंचायत मुखिया विमला देवी के द्वारा फीता काट कर तृषा वैलनेस सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मिस्टर बबलू (कानपुर) तथा प्रभाकर शामिल हुए।संचालन संजय कुमार पासवान के द्वारा किया गया। मौके पर डॉ महेंद्र सिंह ने बताया कि आयुर्वेद के जरिए शुगर, ब्लड प्रेशर, बवासीर, घुटनों का दर्द, कमर दर्द सहित कई प्रकार की बीमारियां का आयुर्वेद के जरिए ईलाज कर ठीक किया जाएगा मौके पर मुख्य रूप से डॉ. ओंकार शर्मा, सुरेश शाह, डॉ परवेज, बायो फिजियो थैरेपिस्ट आशा कुमारी,डॉ जितेंद्र महतो, राजेंद्र कुमार दास, उमेश कुमार राम, संतोष राम, रवि राम, अशोक कुमार मेहता, सुनील कुमार शर्मा, सुनील कुमार पासवान, मनोहर कुमार, रूबी देवी, डॉक्टर प्रवेश अंसारी, प्रियंका देवी, अलका देवी, मीना देवी, सुनीता देवी, रूबी देवी, सुनीता देवी सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### रांची में महाराजा अग्रसेन जयंती पर 20 को निकलेगी शोभायात्रा



रांची: अग्रवाल सभा, रांची के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन जयंती को लेकर आगामी 20 सितंबर को अपराह्न महाराजा अग्रसेन भवन से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी समारोह के संयोजक अमर अग्रवाल ने दी। अमर अग्रवाल ने शुक्रवार को बताया कि यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः अग्रसेन भवन पहुंचेगी। शोभायात्रा के अलावे 22 सितंबर को अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन होगा। समारोह की शुरूआत प्रभात फेरी और अग्रसेन चौक पर पुष्पांजलि अर्पण से होगी। इसके बाद अग्रसेन भवन में हवन और कुलदेवी पूजन का कार्यक्रम होगा। इस असर पर आम सभा, पुरस्कार वितरण समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर अग्रवाल सभा, रांची के अध्यक्ष प्रमोद कुमार अग्रवाल, जयंती संयोजक अमर अग्रवाल और युवा सभा अध्यक्ष रौनक झुनझुनवाला सहित पूरी कार्यकारिणी सक्रिय है।

### झारखंड के अधिकांश स्थानों पर 20 को बारिश की संभावना

रांची: झारखंड के अधिकांश स्थानों पर 20 सितंबर को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है।

यह जानकारी मौसम विभाग ने शुक्रवार को दी। विभाग के अनुसार इन स्थानों पर गर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका भी व्यक्ति गई है। इसे लेकर विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में तापमान में किसी प्रकार के विशेष उतार-चढ़ाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री के गिरावट होने की जानकारी दी गई है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश रामगढ़ डीवीसी में 26.6 मिमी रिकॉर्ड की गई। वहीं इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 34.1 डिग्री सरायकेला में और सबसे कम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और गुनगुनी धूप खिली रही। मौसम विभाग ने दोपहर बाद हल्की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है।

### ओबीसी में शामिल सभी जातियां करें आंदोलन : सूरज मंडल

रांची: अखिल भारतीय संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व सांसद डॉ सूरज मंडल ने कहा कि 1912 से पहले बंगाल प्रेसीडेंसी तक कुर्मी, खेतौरी और घटवाल जैसी जातियां अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में आती थीं। उन्होंने कहा कि लेकिन बंगाल के विभाजन के बाद ही जब बिहार का गठन हुआ तो, कुर्मी, खेतौरी और घटवाल को अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में डाल दिया गया। यह बिल्कुल गलत निर्णय था। मंडल ने कहा कि सुंडी, तेली, कलवार, कहार, सोनार, कुम्हार, मोगरा, रौनियार जैसी जातियां अनिश्चित जाति की श्रेणी में थीं। लेकिन उन्हें भी अन्य पिछड़े वर्ग की श्रेणी में डाल दिया गया। मंडल ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि बंगाल में अब भी मंडल समुदाय को तथाकथित संभ्रांत लोग नवशूद्र के नाम से ही संबोधित करते हैं।

## आईपीएस राकेश रंजन ने रांची के नए एसएसपी का पदभार किया ग्रहण

# अपराध नियंत्रण करना पहली प्राथमिकता होगी : राकेश रंजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राकेश रंजन ने शुक्रवार को रांची के 74वें वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभाल लिया है। रांची के निवर्तमान पुलिस उपमहानिरीक्षक सह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने उन्हें पदभार सौंपा और नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। पदभार ग्रहण करने के बाद राकेश रंजन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चंदन सिन्हा के नेतृत्व में रांची पुलिस ने बेहतर कार्य किया है। इसी को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि रांची जैसी



राजधानी में काम करना एक बड़ी चुनौती है और वे इस चुनौती को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। सरकार ने उन्हें जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और लगन के साथ निभाएंगे। नए एसएसपी ने कहा कि अपराध नियंत्रण करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। राजधानी में छोटे से छोटे और बड़े से बड़े सभी आपराधिक मामलों पर लगाम कसना बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी थानेदारों को विशेष टास्क दिए जाएंगे, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही, जिससे कि लोगों को जाम से राहत मिल सके। राकेश रंजन ने रांची की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे 24 घंटे उनके लिए उपलब्ध हैं। उनका मोबाइल फोन हमेशा ऑन रहता है और कोई भी व्यक्ति किसी भी समय उनसे सीधे संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने आम लोगों से बेहतर पुलिसिंग में सहयोग करने की अपील भी की। एसएसपी ने यह भी कहा कि रांची पुलिस ने जो अच्छे काम किए हैं, उन्हें आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा। उनका एकमात्र लक्ष्य जनता को सुरक्षित और बेहतर पुलिसिंग का अनुभव देना है। इस अवसर पर राजधानी के कई पुलिस उपमहानिरीक्षक भी मौजूद थे।

## दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी की जीत राष्ट्रवाद की जीत : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में जीत हासिल करने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के युवा साथियों को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मरांडी ने रांची में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए विजयी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में दुनियां के सबसे बड़े छात्र संगठन आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बड़ी जीत राष्ट्रीय विचारधारा की जीत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के चार पदों में से अध्यक्ष सहित तीन पदों पर जीत हासिल करना यह बताता है कि देश की युवा शक्ति राष्ट्रवादी विचारों के साथ खड़ी है। मरांडी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ही एक



ऐसा छात्र संगठन है, जो ज्ञान, शील और एकता के मूल मंत्र के साथ राष्ट्रीय विचारों को आगे बढ़ाते हुए शिक्षित परिवार की कल्पना करता है और शिक्षा जगत में सुधार के साथ भारतीयता को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद के वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रमों, सांगठनिक गतिविधियों से छात्र शक्ति,राष्ट्र शक्ति बन गई है। मरांडी ने विद्यार्थी परिषद से जुड़े सभी पदाधिकारियों और युवाओं को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## नौकरी से हटाए गए स्वच्छ भारत मिशन के प्रखंड समन्वयक मिले मंत्री से

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ और स्वच्छ भारत मिशन कर्मचारी संघ की ओर से शुक्रवार को पेयजल स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद के नेपाल हाउस स्थित कार्यालय में मंत्री को स्वच्छ भारत मिशन के अधीन कार्यरत प्रखंड समन्वयक संवर्ग और सामाजिक उत्प्रेरक संवर्ग के कर्मियों ने लंबित मांगें पूरा करने का आग्रह किया गया। मौके पर के संघ के महामंत्री सुनील कुमार साह ने बताया कि प्रखंड समन्वयक संवर्ग और सामाजिक उत्प्रेरक संवर्ग वर्ष 2006 से ही कार्यरत हैं। इन कर्मियों को नियम बिरुद्ध 24 जुलाई से नौकरी से हटा दिया गया है, जबकि कर्मचारी वर्षों से कार्य कर रहे थे। उन्होंने बताया कि संघ के सदस्यों ने इसे लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में रीट याचिका दायर किया था। इसके बाद उच्च न्यायालय ने कर्मियों के हटाने के आदेश पर रोक लगा



दी है। इसके बावजूद भी विभाग अब तक तक इन सभी कर्मियों को योगदान नहीं कराया है। विभाग की ओर से इन पदों पर आउटसोर्सिंग से बहाली करने की प्रक्रिया शुरू की गई, जबकि उच्च न्यायालय के रिट याचिक पर कर्मियों के हित में न्यायादेश पारित किया गया है। संघ ने मंत्री से इन पदों पर हुई सभी नियुक्तियों को रद्द करने की मांग की। इसपर मंत्री ने कहा कि जो कर्मचारी 10-15 वर्षों से काम कर रहे थे, उन्हें स्थाई करने के बजाय उन्हें मनमाने ढंग से विभाग ने जुलाई 2024 से हटा दिया है। इसे किसी भी स्तर से सही नहीं ठहराया जा सकता। मंत्री ने कहा कि कार्मिक विभाग के पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि 10 वर्षो से अनियमित कर्मचारियों को उनकी सेवा को नियमित करने पर विचार सरकार की ओर से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से राज्य में बेरोजगारी खत्म करने के लिए सभी को रोजगार देने की कारवाई जोरों पर है।

## झारखंड में युवाओं की भूमिका पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अखिल झारखंड छात्र संघ ने शुक्रवार को शहीद स्मृति सभागार, सेंट्रल लाइब्रेरी में वर्तमान झारखंड में युवाओं की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी और आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संगोष्ठी में उपस्थित विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने राज्य में रोजगार और पलायन को लेकर गहरी चिंता प्रकट की। इसके अलावा झारखंड की सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक परिस्थितियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। वक्ताओं ने बेरोजगारी, पलायन, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की कमी, छात्र संघ चुनाव, शिक्षकों की कमी और युवाओं की राजनीतिक भागीदारी




जैसे मुद्दों पर अपने विचार रखा। साथ ही इनके समाधान के लिए ठोस पहल की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू छात्र संघ अध्यक्ष ओम वर्मा ने की। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ऋतुराज शाहदेव, ज्योत्स्ना केरकेट्टा, रोहित, दीपक प्रताप सिंह, अमन साहू, रोशन नायक, सक्षम झा, रवि रोशन, अंजू तिर्की सहित अन्य उपस्थित थे। सभी ने युवाओं को राज्य निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से आए कई छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी समस्याओं और सुझावों को साझा किया। संवाद के माध्यम से युवाओं ने झारखंड के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प व्यक्त किया। वहीं संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य युवाओं को समाज और राज्य के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था।

## बगैर यू-डायस कोड संचालित स्कूलों को बंद कराने की मिलती है धमकी : तिवारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड गैर सरकारी स्कूल संचालक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी ने केंद्र और राज्य सरकार से राज्य में बगैर यू-डायस कोड संचालित गैर मान्यता प्राप्त निजी प्ले स्कूलों को तत्काल यू-डायस कोड आवंटन करने की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि झारखंड राज्य में गैर मान्यता बिना यू-डायस के चल रहे डेढ़ लाख प्ले स्कूलो, निजी स्कूलों को लगातार बंद करने की धमकी दी जा रही है और लगातार शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की ओर से करोड़ों रुपये की अवैध वसूली करने की सूचना मिल रही है। इसे देखते हूए सभी प्ले स्कूलों, निजी स्कूलों को जल्द मान्यता देने के लिए झारखंड निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार द्वितीय संशोधन 2025 में पुनः संशोधन किया जाए। उन्होंने कहा कि विगत 2017 से 24 जिलों में स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,



भारत सरकार ने नए, पुराने लगभग डेढ लाख गैर मान्यता प्ले स्कूलों, प्राइवेट स्कूलों को यू-डायस कोड आवंटन करना बंद कर दिया गया। इससे जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय की ओर से 2017 से यू-कोड संख्या देना बंद कर दिया गया है। इससे डेढ़ लाख प्ले स्कूल प्राइवेट स्कूल बिना यू-डायस के चल रहे हैं। इन स्कूलों का आंकड़ा डाटा एंट्री नहीं हो पा रहा है। बिना यू-डायस, बिना मान्यता के चल रहे डेढ़ लाख प्ले स्कूलो, निजी स्कूलो में पढ़ रहे लाखों बच्चें बच्चियों का यू-डायस में डाटा एंट्री नहीं हो रहा। इससे भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं, छात्रवृत्ति की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

# के राजू ने दिया टास्क, अर्बन लोकल बॉडी का काम अक्टूबर तक करें पूरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल की बैठक शुक्रवार को स्टेट गेस्ट हाउस मोरहाबादी में किया गया। इस बैठक में जिला अध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, ग्राम पंचायत कमेटी पर्यवेक्षक तथा अर्बन लोकल बॉडी पर्यवेक्षक शामिल हुए। प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि ग्राम पंचायत कमेटी और अर्बन लोकल बॉडी संगठनात्मक दृष्टि से बेहद अहम हैं। नगर निगम चुनाव को देखते हुए पार्टी की प्राथमिकता इन दोनों क्षेत्रों को सशक्त बनाना है। अर्बन लोकल बॉडी का पूरा काम अक्टूबर तक पूरा करना होगा, ताकि संगठन मजबूत होकर आने



वाले चुनावों में प्रभावशाली भूमिका निभा सके। पार्टी किसी एक व्यक्ति से नहीं, बल्कि पूरे संगठन से चलती है। प्रदेश प्रभारी ने यह भी स्पष्ट किया कि नवंबर में चुनाव आयोग झारखंड में SIR प्रक्रिया करेगा। कांग्रेस पार्टी सभी जिला मुख्यालयों में 2003 का मतदाता सूची उपलब्ध कराएगी, ताकि उसका अध्ययन कर किसी भी मतदाता का नाम न कटे। कांग्रेस पार्टी किसी एक व्यक्ति से नहीं, बल्कि पूरे संगठन से चलती है। अतः हर स्तर के कार्यकताओं की सक्रिय भूमिका अनिवार्य है।

**ये दिए निर्देश**

प्रत्येक जिला अध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि कनेक्ट सेंटर को सभी आवश्यक प्रतियां और सूचनाएं भेजी जाएं। अक्टूबर माह तक ग्राम पंचायतों में झंडा लगाना, कनेक्ट सेंटर को सूचना देना और प्रमाणपत्र वितरण का कार्य पूरा कर लिया जाए। महिलाओं तथा अनुसूचित जाति वर्ग की उपस्थिति संगठनात्मक गतिविधियों में बढ़ाई जाए। बीएलए की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण कार्य 31 अक्टूबर तक हर हाल में पूरा हो। प्रत्येक जिला अध्यक्ष को बीएलए-2 की नियुक्ति करनी होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची के ओरमांझी स्थित केमिकल फैक्टरी में लगी आग से भारी नुकसान



रांची: रांची के ओरमांझी थाना क्षेत्र के इरबा इलाके में एक केमिकल फैक्ट्री में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि देखे ही देखते पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। इसके बाद तुरंत ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि फैक्ट्री से पहले धुआं उठा। धुआं उठने के कुछ देर बाद जोरदार धमाका हुआ और आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रूप ले लिया। घटना के बाद आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। ओरमांझी थाना के थानेदार अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन फैक्ट्री को काफी नुकसान हुआ है। आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। प्रशासन ने भी जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया, यह हादसा शॉर्ट सर्किट का बताया जा रहा है। लेकिन आग लगने के असली कारणों की जांच की जा रही है।

### सीए स्टूडेंट्स नेशनल टैलेंट सर्च की प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



रांची: दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान, रांची शाखा की ओर से सीए स्टूडेंट्स नेशनल टैलेंट सर्च-2025 की शाखा स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन शुक्रवार को किया गया।
इस प्रतियोगिता में सीए छात्रों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विधाओं में प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में जो प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं उनमें स्केचिंग प्रतियोगिता, वाद्य संगीत प्रतियोगिता, नाटक, शतरंज प्रतियोगिता शामिल है।
वहीं प्रतियोगिताओं के परिणामों में स्केचिंग प्रतियोगिता के विजेता - सौरभ सागर, उपविजेता-अनामिका कुमारी, वाद्य संगीत प्रतियोगिता-विजेता- यश आनंद सिन्हा, उपविजेता-किर्ति कुमार जैन, शतरंज प्रतियोगिता-विजेता-खुशी अग्रवाल, उपविजेता-आर्यन राज, नाटक प्रतियोगिता- विजेता टीम-राधिका मोदी, उत्कर्षा वर्मा, कुशाग्र कुमार सिंह, अदिति विपासा, विकास नाथ शाहदेव, अनुष्का अग्रवाल का नाम शामिल है। वहीं शाखा स्तर पर विजेता छात्र आगामी क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसका आयोजन चार अक्टूबर को जोधपुर में किया जाएगा। इस अवसर पर रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया और सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए दिलीप कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सीए छात्रों की रचनात्मकता और विविध प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### अरगोड़ा में बन रहा पुस्तकालय की थीम पर दुर्गा पूजा पंडाल



रांची : अरगोड़ा दुर्गा पूजा समिति में साल 1967 से दुर्गा पूजा की परंपरा चली आ रही है। शुरूआत में पूजा छोटे पैमाने पर होती थी, लेकिन समय के साथ इसका स्वरूप भव्य और आकर्षक होता गया। इस वर्ष समिति द्वारा दुर्गा पूजा पंडाल को भव्य रूप देने के लिए 40 लाख रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। पूरे पंडाल को किताब गैलेरी का रूप दिया जा रहा है। इसमें 33 हजार किताब से तैयार हो रही है। जिसमें रामायण, महाभारत,वेद, संविधान,वाणि कथा, झारखंड का क्रांतिकारी,प्रेमचंद का किताब मानसरोवर, भगवान बिरसा मुंडा,दिशोम गुरु शिबु सोरेन,भारत का संविधान, द्रोपदी का महाभारत,भारत का इतिहास श्रषि मुनियों और विद्वानों का किताब शामिल किए गए है। पंडाल का निर्माण पिछले दो महीने से तैयार हो रहा है। 27 सितम्बर से खोल दिए जायेगे पूजा पंडाल पंडाल के अंदर छह बुक सेल्फ बनाया गया है। जहां पर रामायण का चित्र लगाएं जायेंगे। इस पंडाल का ऊंचाई 60 फीट है, लंबाई 35 फीट और चौड़ाई 35 है। पश्चिम बंगाल से 20 कारीगरों पंडाल का निर्माण को अंतिम रूप देने में जुटे हुए है। पंडाल के बाहर बरगद का पेड़ भी लगाए जायेंगे। पंडाल का दर्शन 27 सितंबर से श्रद्धालुओ के लिए खोल दिए जायेगें। रावन दहन कार्यक्रम में शामिल होगें सीएम अरगोड़ा मंडाटाड़ मैदान में 2 अक्टूबर को रावण दहन का कार्यक्रम रखा गया है। इसमें रावण का पुतला गांव वालों का सहयोग से होता था। सबसे पहले रावन का ही दहन होता था.। अब यहां पर रावन का पुतला ऊचाई 55 फीट,कुंभकरण 50और मेघनाद 45 फीट का दहन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि सीएम होगें। विशेष अतिथि रक्षा राजमंत्री संजय सेठ,हटिया विधायक नवीन जयसवाल शामिल होगें। अतिशबाजी के लिए गया और रांची का टीम होगें।

### रांची में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत की गई साफ-सफाई



**रांची** : स्वच्छ भारत मिशन के तहत 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान 17 से 2 अक्टूबर 2025 तक चल रहा है। इसी क्रम में रांची नगर निगम ने आज कई जगहों पर सफाई अभियान चलाया। आज हुई खास गतिविधियां इस प्रकार रहीं-पार्कों में सफाई - मोरहाबादी चिल्ड्रेन पार्क, विवेकानंद पार्क, हरमू हाउसिंग कॉलोनी पार्क और बरियातू के पार्क में सफाई की गई। धार्मिक स्थल- मंदिरों और अन्य धार्मिक जगहों की सफाई की गई। बाजार क्षेत्र झ बरियातू सब्जी मंडी, कोकर वेजिटेबल मार्केट, मोरहाबादी वेंडिंग जोन-2, नागा बाबा मार्केट और धुर्वा बाजार में सफाई अभियान हुआ। स्कूलों में गतिविधियां- कई स्कूलों के बच्चों ने मिलकर सफाई अभियान में हिस्सा लिया। मुख्य सड़कें - शहर की प्रमुख सड़कों पर भी विशेष सफाई की गई।

## एक नजर

### अज्ञात चोरों के द्वारा कई विद्यालय में हुई चोरी

**मरकच्चो** : प्रखंड के नवाडीह पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहादुरपुर में बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा विद्यालय का ताला तोड़कर कई सामानों की चोरी कर ली गई। 19 तारीख की सुबह रसोइया, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और ग्रामीणों ने देखा कि विद्यालय का ताला टूटा हुवा है। इसकी सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुशील राम को दी। ततपश्चात विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व प्रधानाध्यापक के द्वारा घटना की जानकारी मरकच्चो थाना को दी गयी। दिए गए आवेदन में कहा गया कि विद्यालय से ताला तोड़कर गैस सिलेंडर 2, अल्युमिनियम का बड़ा डेग 1,जग 1,अंडा 1पेटी,पाइप 1,खेल का सामान,दाल 15 किलो लगभग तथा 6 ताला की चोरी कर ली गयी। इस विद्यालय के अलावे उत्तकर्मित विद्यालय चिल्हो टांड़, धोबियाडीह, व खेशमी में भी अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की गई है।

### वाहन जांच अभियान चलाकर डीटीओ ने वसूली 4 लाख 25 हजार रुपए का जुर्माना

**बोकारो** : राष्ट्रीय राज्यमार्ग 32 पर पिंडराजोरा थाना क्षेत्र पर जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज द्वारा शुक्रवार को चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 35 वाहनों से 4 लाख 25 हजार रुपए का जूमार्ना लिया गया। उक्त वाहन जांच, सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में किया गया। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज द्वारा जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 35 वाहन से 4 लाख 25 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 97 वाहनों की जांच की गई, जिसमें फिटनेस सर्टिफिकेट, रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग, इंश्योरेंस फेल एवं टैक्स फेल होने को लेकर 35 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला लिया गया। साथ ही डीटीओ श्रीमती मारुति मिंज ने चास प्रखंड के आईटीआई मोड सहित अन्य चौक चौराहों पर दो पहिया वाहनों सहित चार पहिया वाहनों की जांच की गई, जिसमें हेलमेट, रजिस्ट्रेशन, पॉल्यूशन, लाइसेंस, सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टिव टेप सहित अन्य की जांच की। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के साथ चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने का निर्देश भी दिया गया। वाहन जांच के दौरान मोटरवाहन निरीक्षक, जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य एवं अन्य उपस्थित थे।

### दो दिवसीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता हुआ संपन्न

**बोकारो** : यह प्रतियोगिता 18 सितम्बर को सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय, पिण्ड्राजोरा, चास, बोकारो तथा 19 सितंबर को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, चंदनकियारी, बोकारो में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 550 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इन खिलाड़ियों ने अलग-अलग खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विभाग द्वारा संचालित आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र, सेंटर ऑफ एक्सेलेंस एवं.एस.एस.पी.एस. के लिए योग्य एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करना था। यह चयन खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी श्रीमती हेमलता बुन ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता से बोकारो जिले के होनहार खिलाड़ियों को पहचान मिलेगी।

# झामुमो ने स्टील प्रबंधन की नीतियों का किया विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : झारखंड मुक्ति मोर्चा, बोकारो महानगर संगठन सचिव अर्जुन महतो के अध्यक्षता में बोकारो परिसदन में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए झामुमो नेता मंटु यादव ने कहा कि बोकारो इस्पात प्रबंधन की मनमानी अब असहनीय हो चुकी है। पहले गलत तरीके से डीड ऑफ कन्वेंशन लिया गया, उसके बाद आवासों को लीज पर देने की प्रक्रिया शुरू की गई। शहीद प्रेम महतो का स्मारक बनाने के लिए 20 डिसमिल जमीन प्रबंधन ने नहीं दिया और विस्थापितों को नियोजन देने का समझौता सेल प्रबंधन ने आज तक उसे लागू नहीं कर सका। एक ओर बोकारो स्टील 1300 विस्थापितों लोगों को चरणबद्ध ढंग से नौकरी देने का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक इस्पात प्रबंधन ने पूरा नहीं कर पाया, वहीं दूसरी ओर 6000 ठेका मजदूरों की छंटनी करने की तैयारी की जा रही है। यह किस तरह का सबका साथ, सबका विकास है–जहाँ एक झटके में छह हजार परिवारों को उजाड़ने की साजिश रची जा रही है। मंटू यादव ने कहा कि अनुपयुक्त भवनों को लीज पर देने की प्रक्रिया में भी भारी गड़बड़ी है। यदि इसे तुरंत नहीं रोका गया तो झामुमो कड़ा विरोध करेगा। हमारी स्पष्ट मांग है कि स्कूल भवन केवल शिक्षण संस्थानों को ही दिया जाए और अस्पताल भवन केवल स्वास्थ्य सेवाओं को दिया जाए। साथ ही सभी श्रेणी के भवनों में विस्थापितों और आदिवासियों को 50 प्रतिशत कम शुल्क पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था अनिवार्य किया जाए। झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि बोकारो स्टील की नीतियाँ झारखंड व विस्थापित विरोधी हैं। अब तक टाउन हाल को बिजली नहीं देना, जल संसाधन विभाग का एक हजार करोड़ रुपये बकाया भुगतान रोक कर रखना और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की जमीन अब तक न सौंपना–यह सब जिला प्रशासन और झारखंड सरकार के प्रति दुर्भावनापूर्ण रवैया है। झामुमो स्पष्ट करता है कि यदि प्रबंधन अपनी नीतियाँ नहीं बदलता, तो चरणबद्ध आंदोलन कर बोकारो स्टील की मनमानी को जनता के सामने बेनकाब किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से मदन महतो, मिथुन मंडल, प्रमोद तापड़िया, भागीरथ शर्मा, अशोक हेंब्रम, सदानंद गोप, आकाश टुडू, उदय कुंभकार, राकेश सिंहा, लालमोहन हेंब्रम, दिगम्बर महतो, सोहन मुर्मू, अकलू मांझी, मस्तान अंसारी, धनेश तूरी, सलीम अंसारी, रणधीर रजक, ज्योति प्रकाश, पुनीत विश्वकर्मा, महिला नेत्री कुसुम भारती, विनोद महतो, पिंटू राज, नीरज कुमार, दीपक कुमार, राजेश महतो, सलीम अंसारी, संतोष हेंब्रम, शिवचंद मुर्मू, शंभू नाथ मांझी, बलबीर मुर्मू, सुखदेव मांझी, रवि शंकर, नवाज अहमद, जुबैर आलम, रियाजउद्दीन शाह, फैजान अंसारी, दानिश अंसारी, तारा शाह, चूनचून राय, बसु महतो उपस्थित रहे।

## सांप काटने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर संपर्क करें झाड फूक का सहारा न लें : डॉ. अभय



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : शुक्रवार को अन्तर्राष्टीय सर्पदंश दिवस के अवसर पर आमजनमानस को जागरूक करने हेतु सिविल सर्जन बोकारो डा0 अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में सिविल सर्जन कार्यालय से टाउनहाल होते हुये आईडीएसपी कार्यालय तक सहियाओं द्वारा जागरूकता रैली निकाला गया। जागरूकता रैली को डा0 अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो एवं डा0 एन0पी0सिंह उपाधीक्षक सदर अस्पताल बोकारो ने हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया।

डा0 अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो ने बताया कि यह जागरूकता अभियान बोकारो जिला के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में एक सप्ताह तक मनाया जायेगा। इस दौरान ग्रामीणों को सर्पदंश के पश्चात क्या करे क्या न करें इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी। डा0 प्रसाद ने बताया कि सांप काटने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पर्क करें झाड फूक का सहारा न लें इससे स्वास्थ्य और बिगडेगा समय पर इलाज न किया गया तो जान भी जा सकती है। इस कार्यक्रम में डा0 अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो, डा0 एन0पी0 सिंह उपाधीक्षक सदर अस्पताल बोकारो। डा0 सेलिना टुडू आरसीएच पदाधिकारी बोकारो, जिला कार्यक्रम समन्वयक, डीडीएम कंचन, डीडीएम आईडीएसपी संतोष कुमार सिविल सर्जन कार्यालय के समस्त पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बीमा कंपनियों और अधिवक्ताओं संग की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में आगामी 21 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाले मोटर दुर्घटना से सम्बंधित जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला की सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में बीमा कंपनियों एवं दावाकर्ता के अधिवाक्ताओ के साथ एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने की । प्रधान जिला जज ने उपस्थित अधिवक्ताओ से आगामी मोटर दुर्घटना से सम्बंधित जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला में अधिक से अधिक अधिवाक्ताओ को उपस्थित होने की दिशा में आवश्यक पहल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस एक दिवसीय कार्यशाला में मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम से सम्बंधित नए नए कानूनी प्रावधानों एवं उसमे होने वाले बदलाव एवं नए नए नियम की अद्यतन जानकारी प्राप्त होती है वही इस प्रकार की जानकारी अधिवाक्ताओ के लिए मील का पत्थर साबित होगा । उन्होंने अधिवक्ताओ से अपने स्तर से भी अन्य अधिवाक्ताओ को सूचित करने तथा उनको मोटर दुर्घटना से सम्बंधित जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला के प्रति जागरुक करने की भी अपील की। साथ ही साथ विभिन्न बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओ से अनुरोध किया गया कि वे अपने स्तर से अधिक से अधिक अधिवाक्ताओ को सूचित करें ताकि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा सके। मौंके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, अधिवक्ता प्रदीप कुमार, अरुण कुमार, प्रकाश राम, चन्दन पाण्डेय, गोविन्द कुमार, ऋषिकांत, न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, एवं अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे ।

## झारखंड राज्य दफादार-चौकीदार पंचायत शाखा की बैठक, 6 सूत्री प्रस्ताव पारित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा बोकारो जिला कमिटी की एक आवश्यक बैठक बोकारो समाहरणालय के पास मैदान में हुई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पासवान ने की और इसका संचालन जिला सचिव शिवनाथ हजाम ने किया । बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह भाग लिए ।बैठक में सर्वसम्मति से 6 सूत्री प्रस्ताव पारित करके तत्काल कार्रवाई करने हेतु बोकारो उपायुक्त को सौंपा गया। सर्वसम्मति से पारित 6 सूत्री प्रस्तावों में बोकारो जिला में 5 माह से बकाया वेतन भुगतान करने के साथ ही साथ हर माह के प्रथम सप्ताह में वेतन भुगतान करने , ए सी पी/ एम ए सी पी का लाभ देना, वर्दी भत्ता कभुगतन सभी बकाया जोड़कर करना, बैंक ड्यूटी, रोड ड्यूटी, कैदी स्कॉट और डाक ड्यूटी कराने पर रोक लगाना, बीट में ही ड्यूटी कराना और चौकीदार दफादारों का जिला स्तर पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित करना प्रमुख है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि झारखण्ड के सभी 24 जिलों में चौकीदार दफादारों का वेतन भुगतान करने हेतु सभी उपायुक्त को आबंटन झारखण्ड सरकार के गृह , कर एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है। श्री सिंह ने बोकारो उपायुक्त से मांग किया है कि सभी अंचल पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दें ताकि दुगार्पूजा के पहले वेतन भुगतान हो जाय । श्री सिंह ने कहा कि जिन चौकीदार दफादारों को ए सी पी/ एम ए सी पी का अभी तक लाभ नहीं मिला है उनको भी इसका लाभ दिया जाय और बकाया एरियर का भुगतान किया जाय। श्री सिंह ने कहा कि जिला स्तर पर चौकीदार दफादारों के नियंत्रण पदाधिकारी उपायुक्त होते हैं और अंचल स्तर पर अंचल पदाधिकारी होते हैं। चौकीदार दफादारों का कार्यालय अंचल कार्यालय होता है और इनका कार्यक्षेत्र इनका बीट होता है।

## स्वस्थ नारी समूह परिवार कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मरकच्चो** : प्रखंड क्षेत्र में स्वस्थ नारी समूह परिवार कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में दीप प्रज्वलित कर की गई। मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मोनिका मिश्रा उत्तरी पंचायत मरकच्चो के मुखिया रंजीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि बी डी ओ हुलास महतो ने अपने संबोधन में कहा कि महिला ही परिवार की धुरी होती है। यदि महिला स्वस्थ होगी तो पूरा परिवार स्वस्थ होगा और खुशहाल रहेगा। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मोनिका मिश्रा ने महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, व स्वच्छता अपनाने की सलाह दी। वहीं मुखिया रंजीत कुमार सिंह ने इस पहल को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि स्वस्थ नारी ही समाज की सच्ची शक्ति है । कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने इस पहल का स्वागत किया और इसे घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। अंत में आयोजकों ने सभी से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की। मौके पर बी पी एम अमरकांत सिंह, धर्मेंद्र राम, सतीश कुमार वर्णवाल, विवेकानंद शर्मा, पंकज राणा, इंद्रदेव पांडे, आदित्य राज समेत कई स्वास्थ्य गर्मी उपस्थित थे।

# जनता दरबार में वृद्धा की बिजली समस्या का तुरंत समाधान, 67 मामलों की सुनवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : शुक्रवार को एक बार फिर जनता दरबार संवेदनशीलता और त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई का जीवंत उदाहरण बना। जब चास निवासी वृद्ध महिला संझारों देवी अपने घर में ठप पड़ी बिजली आपूर्ति के लिए फरियाद लेकर पहुंची। वृद्ध महिला की समस्या सुनते ही उपायुक्त अजय नाथ झा ने तुरंत संबंधित कार्यपालक अभियंता चास को निर्देश दिया कि मामले को प्राथमिकता से लिया जाए। विपत्र में गड़बड़ी व अत्यधिक बिजली विपत्र आने के कारण यह समस्या उत्पन्न आई हैं, इसकी गंभीरता से जांच करें। आदेश मिलते ही विभागीय टीम सक्रिय हुई और आज शाम ही महिला के घर बिजली आपूर्ति पुनः बहाल कर दी गई है।

**छलका खुशी के आंसू..., लौटती उम्मीदें...**

बिजली आपूर्ति पुनः बहाल करने का उपायुक्त का निर्देश कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल चास को दिए जाने के बाद वृद्ध महिला संझारों देवी की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। उन्होंने भावुक होकर कहा कि अब मेरे घर भी उजाला होगा, बेटा... भगवान आप सबको खुश रखे। यह दृश्य वहां मौजूद लोगों के दिल को छू गया और जनता दरबार की सार्थकता एक बार फिर सबके सामने आई। 67 मामलों की हुई सुनवाई, कई का ऑन स्पॉट निष्पादन जनता दरबार में कुल 67 मामलों की सुनवाई हुई। उपायुक्त ने कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही कराया। शेष मामलों पर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित हो सके। जनता दरबार में जमीन-जायदाद, जबरन कब्जा, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, शिक्षा, आपूर्ति विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, राजस्व, अंचल चंदनकियारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कई में त्वरित निर्णय लेते हुए लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बिना चालान के बारह चक्का ट्रक एवं बोल्डर लदे हाइवा को किया गया जब्त



**मरकच्चो** : खनन निरिक्षण बीपी महतो ने शुक्रवार को बिना माइनिंग चालान के परिवहन कर रहे गिट्टी लदे एक बारह चक्का ट्रक व बोल्डर लदे दो हाइवा को जब्त किया है। जानकारी अनुसार दोनों हाइवा गिरिडीह सीमा क्षेत्र स्तिथ खदान से बोल्डर लेकर नवलशाही की ओर जा रहा था। साथ ही गिट्टी लोड एक ट्रक भी उसी मार्ग पर परिवहन कर रहा था। क्षेत्र में निकले पदाधिकारियों ने तीनो वाहनो को रुकवा कर बोल्डर व गिट्टी से संबंधित चालान की मांग की। चालकों द्वारा कोई कागजात नहीं दिखाए जाने पर तीनो वाहनो को जब्त कर सुरक्षा हेतु मरकच्चो थाना ले आए जहां तीनो वाहनो पर अग्रेषित कार्यवाई की जा रही है।

### मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी में अभिभावक बैठक



**डोमचांच/ कोडरमा** : मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी, डोमचांच में शुक्रवार को कक्षा 9 से 12 के अभिभावकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कक्षा 9 एवं 11 के पंजीकरण की प्रक्रिया, कक्षा 10 एवं 12 के LOC, तथा आगामी सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं से जुड़ी आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी अभिभावकों तक पहुंचाना था। बैठक की जानकारी अध्यक्षता विद्यालय के अनुभवी प्रशासक आर. पी. पांडेय ने की। उन्होंने पंजीकरण एवं LOC की समय-सीमा, आवश्यक दस्तावेजों की सूची, तथा बोर्ड द्वारा जारी नवीनतम नियमों को विस्तार से समझाया। पांडेय ने यह भी कहा कि समयबद्ध तैयारी से ही विद्यार्थियों की परीक्षा प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या नहीं आएगी। विद्यालय निदेशक रजनीश शर्मा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा, सीबीएसई द्वारा पंजीकरण और LOC के लिए निर्धारित दिशानिदेर्शों का पालन हर विद्यालय एवं अभिभावक के लिए अनिवार्य है। यह विद्यार्थियों के भविष्य और बोर्ड परीक्षा की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करता है। हम सबका सहयोग ही बच्चों की सफलता की कुंजी है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे विद्यालय द्वारा मांगे गए जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, हालिया फोटो, तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराएं। बैठक के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा की तैयारी से जुड़े पाठ्यक्रम विभाजन, आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षाओं एवं नवीनतम मूल्यांकन प्रणाली की भी जानकारी दी। अभिभावकों के प्रश्नों का समाधान करते हुए शिक्षकों ने यह भरोसा दिलाया कि विद्यालय विद्यार्थियों को सर्वोत्तम मार्गदर्शन प्रदान करेगा। अभिभावकों को ने विद्यालय प्रशासन के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की बैठकें पारदर्शिता बढ़ाती हैं और बच्चों की शैक्षणिक प्रगति में सकारात्मक योगदान देती हैं। बैठक के अंत में सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बोनस और अन्य मांगों को लेकर इस्पातकर्मियों का जोरदार प्रदर्शन



**बोकारो** : बोनस सहित अन्य मांगो को लेकर आज हजारों की संख्या मे इस्पातकर्मी एवं ठेकाकमीर्यों ने प्लांट गोलचक्कर से अधिशासी निदेशक संकार्य कार्यालय तक जोरदार आक्रोश जुलूस प्रदर्शन किया। प्रदर्शन उपरान्त मजदूर सभा के माध्यम से नेतृत्व कर रहे जय झारखण्ड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी ने प्रबंधन को चेताबनी देते हुए कहा कि अपनी आँख कान खोलकर मजदूरों के आक्रोश को देख लें जो प्रबंधन और एन जे सी एस गठजोड को तोड़कर अपनी आर्थिक और मानसिक शोषण से मुक्त होने के लिए संकल्पित हो चूका है। एन जे सी एस नेताओं ने बोनस के गलत फामूर्ले पर हस्ताक्षर कर मजदूरों को बंधुआ बनाने का काम किया है जिसे मजदूर किसी भी परिस्थिति मे मानने को तैयार नही है ।खून पसीना से उत्पादन और मुनाफा देने बाले कामगार को 20 सितम्बर को दिल्ली मे होने बाले प्रबंधन परस्त एन जे सी एस की होने बाले बैठक मे इस्पातकमीर्यों को कम से कम 50000/= रूपया बोनस तथा समान भागेदारी निभाने बाले ठेकाकमीर्यों को प्रोफिट लिंक रिवार्ड स्कीम के तहत कम से कम 20000/=रूपया ,39 महिने का एरियर, इन्सेंटिव रिवार्ड स्कीम मे बढ़ोतरी ,एस वन से चार पहिये वाहन का गेट पास तथा समान काम करने बाले ठेकाकमीर्यों को रात्री पाली,केन्टीन,,साईकिल भत्ता,इन्सेंटिव रिवार्ड, काम कर रहे मजदूर को हीं काम पर रखने का हर टेन्डर मे प्रावधान करने ,एटेन्डेनस कार्ड,पे-स्लिप,बेतन से पैसा लोटाने की परम्परा पर 100% रोक ,यू एस डब्लू को मोटर साइकिल पास, एस डब्लू का सपरिवार बी जी एच मे मुफ्त ईलाज इत्यादि 21 सूत्री मांगो पर सकारात्मक पहल नही हुआ तो जय झारखंड मजदूर समाज हड़ताल का नोटिस देकर प्लांट का चक्का जाम करने के लिए तैयार है क्योंकि कामगार अब प्रबंधन और एन जे सी एस का दमनात्मक रबैये को बर्दाश्त करने को तैयार नही ।

### बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण हेतु वॉइस ऑफ सर्वाइवर्स कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बोकारो** : बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण हेतु सहयोगिनी बोकारो में वॉइस ऑफ सर्वाइवर्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस संबंध में सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने बताया कि बाल विवाह सर्वाइवर्स को सरकार की विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़े जाने जरूरी है ,ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके। साथ ही समाज के सभी स्टेकहोल्डर को इस संबंध में मिलकर काम करने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने बताया कि जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के साथ मिलकर बोकारो जिले में बाल विवाह विवाह, बाल यौन हिंसा तथा बाल तस्करी को समाप्त करने को विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है ।उक्त कार्यक्रम में 10 सर्वाइवर्स द्वारा बाल विवाह से संबंधित अपने आपबीती को बताते हुए कहा कि उन्होंने कैसे बाल विवाह को रोका तथा अब पढ़ाई कर रही है तथा अपने सपना को पूरा करना चाहती है। कार्यक्रम के दौरान सहयोगिनी की सोनी कुमारी, संगीता देवी, रेखा देवी, कुमारी किरण, रवि कुमार, सूरजमानी देवी आदि उपस्थित थी।

एक नजर

### धनबाद-कोडरमा रेलखंड में 256 यात्री बिना टिकट पकड़े गए

**सरिया :** पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल में सोमवार को टिकट चेकिंग अभियान के तहत धनबाद–कोडरमा–पहाड़पुर रेलखंड में बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक मोहम्मद इकबाल ने बताया कि धनबाद रेलवे मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में चले इस अभियान में 256 यात्रियों को पकड़ा गया। इनमें बिना टिकट, बिना प्राधिकार और बिना बुकिंग के सामान के साथ यात्रा करने वाले यात्री शामिल थे। अभियान के दौरान 96,585 रुपये जुमार्ने के रूप में वसूले गए। पकड़े गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की सख्त हिदायत दी गई। धनबाद मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे वैध टिकट के साथ ही प्लेटफॉर्म में प्रवेश करें और अपनी टिकट की श्रेणी के अनुसार ही यात्रा करें।

### राम नारायण सिंह रोहिल्ला की 4वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**सिमडेगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व० राम नारायण सिंह रोहिल्ला जी के चौथे पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र सत्येंद्र रोहिल्ला के आवास पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रखा गया। जिसमें कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प देकर नमन किया। इस अवसर में उपस्थित जिलाध्यक्ष देवीड तिर्की ने रोहिल्ला जी के जीवन में प्रकाश डालते हुये कहा की वें काफी सरल स्वभाव के धनी व्यक्तित्व थें और उन्होंने अपना सारा जीवन ईमानदारी एवं सेवा लगन भाव से कांग्रेस पार्टी संगठन को मजबूत किया साथ ही कांग्रेस पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा की वें एक कुशल संगठनकर्ता और अच्छे अभिभावक के रूप में हमेशा याद किये जायेंगे। आज के इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, अनूप लकड़ा, पुष्पा कुल्लू, प्रभा तिग्गा, जोगेंद्र रोहिल्ला, मनीष कुजूर आदि कार्यकर्त्ताओं ने अपने नेता को याद किया।

# चिरुवां में दो छात्राओं की मौत, जांच में शिक्षक लापरवाह, तत्काल ट्रांसफर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** सरिया थाना क्षेत्र के चिरुवां गांव में गुरुवार को दो छात्राओं द्वारा आत्महत्या की घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। उपायुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को जांच टीम गांव पहुंची, जहां अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। जांच में एक सहायक शिक्षक की लापरवाही उजागर होने के बाद उसे तत्काल दूसरे स्कूल में ट्रांसफर कर दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी वसीम अहमद के नेतृत्व में पहुंची टीम में जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज, एडीपीओ प्रकाश कुमार, एसडीपीओ धनंजय राम, बीडीओ ललित नारायण तिवारी, बीपीओ अक्षय कुमार प्रभाकर समेत अन्य अधिकारी शामिल थे। अधिकारी घटनास्थल पर काफी मर्माहत नजर आए। उन्होंने पीड़ित परिजनों से विस्तृत जानकारी ली और दुख की इस घड़ी में हर प्रकार की मदद का वादा किया। जांच के दौरान दोषी पाए जाने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई का ऐलान किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यदि जांच में कोई नई जानकारी सामने आती है, तो दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। इसके बाद टीम स्कूल पहुंची, जहां 10 सदस्यीय जूरी टीम का गठन किया गया। यह टीम घटना से जुड़े सभी बिंदुओं की गहन जांच करेगी। अधिकारियों ने स्कूल के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं से भी घटना के संबंध में पूछताछ की। घटना में स्कूल में कार्यरत सहायक शिक्षक रणधीर पटेल की लापरवाही सामने आई, जिसके चलते उन्हें तत्काल प्रभाव से दूसरे विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया। राहत के तौर पर आपदा राहत कोष से दोनों मृतक छात्राओं के परिजनों को चार-चार लाख रुपये एक सप्ताह के भीतर प्रदान करने का भरोसा दिलाया गया। डीईओ वसीम अहमद ने बताया कि जांच टीम को मिली शिकायतों और जानकारी को सौंपा जाएगा, जहां से दोषी शिक्षकों पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद दोनों छात्राओं के शवों को सुपुर्द-ए-खाक करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारियों की टीम, प्रखंड प्रशासन, पुलिस बल के अलावा जिला परिषद सदस्य लालमणि यादव, भोला लाल मंडल, गोविंद महतो, कामेश्वर यादव, मनोज यादव आदि उपस्थित थे। यह घटना स्थानीय स्तर पर शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है, और जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## खुले में मेडिकल वेस्ट फेंकने वालों पर होगी कार्रवाई : सीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** सदर प्रखंड क्षेत्र के हेसला गांव में बायोमेडिकल जेनेटिक प्लांट का जहरीला कचरा खुले मैदान में फेंका जा रहा था। बारिश के दौरान बायो मेडिकल वेस्ट सड़ कर पूरे इलाके को प्रदूषित करने लगा। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत जिले के अधिकारियों से की। शुक्रवार को रामगढ़ अंचल अधिकारी रमेश रविदास गांव में पहुंचे और इस पूरे मामले की जांच की। उन्होंने बताया कि हेसला गांव के कानाटांड टोला में बायोमेडिकल जेनेटिक प्लांट का जहरीला कचरा फेंका गया था। जिले के अन्य अधिकारियों के साथ उन्होंने इस मामले की जांच की। अंचल अधिकारी रमेश रविदास ने बताया कि जांच में यह स्पष्ट हुआ कि गांव का ही संतोष करमाली बिना किसी अनुमति के और बिना ग्रामीणों के सहमति से बायो मेडिकल जेनेटिक प्लांट का जहरीला कचरा अपने खेत में डलवा रहा था। उसके इस मनमानी तरीके से पूरे गांव में प्रदूषण फैल गया था। उसने अपने खेत में ही गड्ढा खुदवा कर बायो मेडिकल जेनेटिक प्लांट का कचरा गिरवाया था। प्रदूषण से परेशान सैकड़ों ग्रामीणों ने बताया कि डंपिंग कचरे के कारण पूरे इलाके में दुर्गंध फैल गई है। उस इलाके में कई गंभीर बीमारियों से लोग ग्रसित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जांच कार्यालय अधिकारियों को बताया कि बायो मेडिकल जेनेटिक प्लांट का गार्ड दिनेश मुंडा प्लांट का गेट कभी नहीं खोलता है। जब भी ग्रामीण उसे बोलते हैं, तो वह अपने मालिक डॉ कृष्ण सिंह के नहीं होने की बात कहता है। ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि अगर अभिलंब बायो मेडिकल वेस्ट को फेंका नहीं गया तो महामारी की समस्या उत्पन्न हो सकती है। अंतर अधिकारी रमेश रविदास ने बताया कि बिना अनुमति के खुले में बायो मेडिकल वेस्ट फेंकना गैरकानूनी है। इससे न सिर्फ वायु प्रदूषण होता है, बल्कि जल प्रदूषण से भी बीमारियां फैलती हैं। इस मामले की जांच में जिन लोगों का भी नाम सामने आएगा, उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## बिजली समस्याओं को लेकर झामुमो अध्यक्ष ने कार्यपालक अभियंता से की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना ने जिले में बिजली आपूर्ति से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। कांडुलना ने बताया कि जिले के कई गांव आज भी बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। कई जगहों पर ट्रांसफार्मर खराब हैं, तो कहीं कम वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य रूप से राजाबासा पंचायत के ग्रामीणों की समस्या को रखें कि जोराम पावर हाउस से चिराटोली फीडर होते हुए लगभग 40- 45 किलोमीटर तक घूमकर राजाबासा पंचायत के कई गांव में बिजली आती है, जबकि जोराम पावर हाउस से राजाबासा पंचायत के काहुपानी गांव की दुरी मात्र 4-5 किलोमीटर है। अनिल कांडुलना ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से मिलकर इस समस्या का समाधान करते हुए इस गांव की विद्युत कनेक्शन को जोराम पावर हाउस से जोड़ने का आग्रह किया। कार्यपालक अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि यथा संभव जल्द से जल्द सभी समस्याओं के समाधान की दिशा में काम किया जा रहा है और संबंधित तकनीकी टीमों को निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर झामुमो जिला सचिव मो सफीक खान, झामुमो के केंद्रीय सदस्य नोवास केरकेट्टा, संजु डांग, जिला कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

### एसबीयू में हिंदी दिवस का हुआ आयोजन



**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय में योग एवं नेचुरोपैथी विज्ञान विभाग और फाइन आर्ट्स विभाग द्वारा संयुक्त रूप से भारतीय ज्ञान परंपरा के तत्वावधान में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो नीलिमा पाठक ने हिंदी के महत्व को रेखांकित करते हुए देश– विदेश में इसकी बढ़ती स्वीकार्यता पर अपना विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना मौर्या और स्वागत भाषण डॉ. राधा माधव झा ने किया। कार्यक्रम के अवसर पर अंजना कुमारी सिंह, डॉ स्वातिलेखा, सुजीत सेनगुप्ता, स्पर्श उपाध्याय, वीरेंद्र बेदिया, पंकज केसरी और विश्वविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। हिंदी दिवस के अवसर पर एसबीयू में कार्यक्रम के आयोजन पर विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक एवं कुलपति प्रो सी जगनाथन ने हर्ष व्यक्त किया है।

### अंबाझरिया में नशा मुक्ति अभियान, थाना प्रभारी ने दी सख्त चेतावनी




**अनगड़ा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत सचिवालय अंबाझरिया में नशा मुक्ति को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के समक्ष अवैध अफीम की खेती से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया। बैठक में थाना प्रभारी हीरा लाल साह ने बताया कि अफीम से होने वाले दुष्परिणाम एवं कानूनी पहलू के बारे में जानकारी दी गई। सख्त निर्देश दिया गया कि जो भी अफीम की खेती करेंगे उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सरिया में 70 वर्षीय बुजुर्ग लापता, परिजनों ने पुलिस से लगाई गुहार

**सरिया :** सरिया बाजार के कलाली रोड निवासी यशोदा देवी ने सरिया थाने में एक आवेदन देकर अपने पति जानकी मंडल की बरामदगी के लिए पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। 70 वर्षीय जानकी मंडल 11 सितंबर 2025 की मध्य रात्रि में घर से लापता हो गए, जिसके बाद परिवार की बेचैनी बढ़ती जा रही है। यशोदा देवी ने बताया कि घटना की रात करीब 2:00 बजे उनके पति घर से निकल गए, जबकि पूरा परिवार गहरी नींद में सो रहा था। सुबह उठने पर जब जानकी मंडल घर में नजर नहीं आए, तो परिजनों ने आसपास छानबीन शुरू कर दी। कई घंटों की तलाश के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं लगा। यशोदा ने आवेदन में उल्लेख किया है कि उनके पति मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं और मोबाइल फोन का उपयोग भी नहीं करते, जिससे उनकी तलाश और भी मुश्किल हो गई है। थाना प्रभारी को सौंपे गए आवेदन में यशोदा देवी ने भावुक अपील की है, मेरे पति सरिया थाने के पीछे के क्षेत्र के निवासी हैं। उनकी उम्र अधिक होने के कारण वे कहीं भी भटक सकते हैं। कृपया तत्काल कार्रवाई कर उन्हें सुरक्षित ढूंढवाएं।

## रोजगार मेला में 368 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, 56 अभ्यर्थी चयनित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर सिमडेगा के तत्वावधान में नगर भवन, सिमडेगा में एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में स्थानीय और बाहरी 12 संस्थानों ने विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु साक्षात्कार लिया। इस अवसर पर कुल 368 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें से 104 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया, 56 अभ्यर्थियों का चयन हुआ तथा 5 उम्मीदवारों को मौके पर ही प्रोविजनल ऑफर लेटर प्रदान किया गया। रोजगार मेला में सरकारी/ महिला आईटीआई सिमडेगा, आईटीआई बानो, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन सहित आठ कौशल विकास केंद्र भी शामिल हुए। जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा ने बताया कि रोजगार मेला के दौरान नियोजकों के प्रतिनिधियों द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर विभिन्न पदों पर चयन किया गया। उन्होंने कहा कि श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सहयोग से जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा द्वारा नियमित रूप से रोजगार शिविर एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है। यह पूरी प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। उन्होंने जिले के युवाओं से अपील की कि वे भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और रोजगार प्राप्त करें। इस दौरान रोजगार मेला में जिला नियोजनालय से लक्ष्मण राम टोप्पो, अनुराग केरकेट्टा, युनिस ओड़ेया, अमृत लुगुन, जितेंद्र बड़ाईक, गणेश यादव, हेमंत कुल्लु के साथ मुख्यमंत्री सारथी योजना, सक्षम और बिरसा स्किल सेंटर के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## अवैध खनन पर रोक के लिए सिमडेगा में टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी की संयुक्त अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में अवैध खनन के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि सितंबर 2025 में कुल 11 निरीक्षण किए गए, जिनमें अवैध बालू खनन से संबंधित तीन गाड़ियों पर आवश्यक कार्रवाई की गई। उपायुक्त ने अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु लगातार छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक के दौरान जिले में संचालित खनन पट्टा क्षेत्रों की भी समीक्षा की गई। जिला खनन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि सिमडेगा में कुल 14 खनन पट्टे निर्गत हैं, जिनमें से 10 में खनन कार्य संचालित है जबकि शेष चार पट्टा क्षेत्र विभिन्न कारणों से फिलहाल बंद हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी, परिवहन पदाधिकारी संजय बखला, जिला खनन पदाधिकारी महेंद्र कुमार, अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### ग्रामीण विकास योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएम जनमन, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना तथा पंचायत अंतर्गत 15वें वित्त आयोग की योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने विशेष रूप से आवास योजनाओं में लंबित कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना के तहत 150 दिन से अधिक समय से लंबित निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा राशि भुगतान के बाद शीघ्र कार्य पूर्ण करने की बात कही। मनरेगा योजनाओं पर जोर देते हुए उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने, मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा विशेष रूप से एसटी–एसी महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों व समन्वयकों को निरंतर फील्ड विजिट करने, एरिया ऑफिसर एप पर 100 प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करने तथा अधीनस्थ कर्मियों के साथ नियमित समीक्षा बैठक करने को कहा।

### मारवाड़ी महिला सम्मेलन के माध्यम से करें समाज सेवा का कार्य : साधना

**सिमडेगा :** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की प्रांतीय अध्यक्ष साधना देवरालिया शुक्रवार को सिमडेगा पहुंची। प्रांतीय अध्यक्ष ने जिला शाखा की माया देवी अग्रवाल के आवासीय परिसर में बैठक करते हुए संगठन मजबूती पर चर्चा की। उन्होंने संगठन के माध्यम से मारवाड़ी समाज के हीत के लिए किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने संघ के माध्यम से समाज सेवा करने की बात कही। इससे पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष का स्वागत बुके शॉल देकर किया गया। जिले की अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन और अखिल भारतीय सृजन सम्मेलन में भी जिले में किए गए कार्यो की जानकारी दी। मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष ने अग्रसेन जयंती की भी शुभकामना देते हुए महाराज अग्रसेन के विचारो को अपनाते हुए काम करने की बात कही। मौके पर कमलेश बोंदिया, रेखा जैन, संगीता देवी, सावित्री देवी, पूनम मातनहेलिया, सोनी अग्रवाल, सोनम अग्रवाल आदि उपस्थित थे।


कार्यालय, जिला परिवहन पदाधिकारी ,सिमडेगा
Email id– dto-sim@jharkhandmail.gov.in

–वाहन स्वामियों हेतु आवश्यक सूचना–

एतद् द्वारा परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेशानुसार आप सभी वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 का उल्लंघन करने के कारण आपके वाहन में निर्गत किया गया चालान अब तक जमा नहीं किए जाने से राज्य सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है एवं लंबित चालानों को जमा करने हेतु दिनांक 24.09.2025 एवं 25.09.2025– को विशिष्ट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सहयोग हेतु जिला परिवहन कार्यालय के निम्न पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनयुक्ति की जाती है–

| क्र० संख्या | स्थान का नाम | प्रतिनियुक्त कर्मी का नाम | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | सिमडेगा थाना परिसर, सिमडेगा | 1. श्री अजित कुमार (DRSM सिमडेगा ) 2 . श्री चन्दन कुमार (REA Simdega) | |
| 2. | जिला परिवहन कार्यालय ,सिमडेगा | 1 श्री कार्तिक राम सन्यासी (कंप्यूटर ऑपरेटर सिमडेगा ) 2.श्री देवशरण चन्द्र दे (Cahsier सिमडेगा ) | |

अतः आप सभी वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि उक्त तिथि को कैम्प में उपस्थित होकर अपने वाहन के लंबित चालान को अनिवार्य रूप से जमा करना आवश्यक समझे। चालान ससमय जमा नहीं करने की स्थिति में विभागीय कार्रवाई होने पर इसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

जिला परिवहन पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 362341 (Simdega)25-26*D


## सिमडेगा के भरत सिंह व वीणा ज्योति कुमारी को 'यंग अचीवर्स अवार्ड' से किया जाएगा सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** झारखंड राज्य के सिमडेगा जिले का नाम एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर रोशन होने जा रहा है। ठेठईटांगर प्रखंड के कोरोमियाँ पंचायत के बलसेरा निवासी भरत सिंह और ताराबोगा की वीणा ज्योति कुमारी को ह्लयंग अचीवर्स अवार्डह्व से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट की सिल्वर जुबली समारोह के दौरान 21 से 24 सितम्बर 2025 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम एवं हरियाणा के करनाल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। भरत सिंह इससे पूर्व नेशनल यूथ पार्लियामेंट, दिल्ली (2019) तथा झारखंड युवा सदन (2020) में सिमडेगा जिले का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वहीं, वीणा ज्योति कुमारी ने भी झारखंड युवा सदन (2021), मिलान फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित गर्ल आइकॉन लीडरशिप समिट (2021) सिमडेगा जिला का प्रतिनिधित्व कर सम्मानित हुई हैं साथ ही भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित युवा संगम



एक भारत श्रेष्ठ भारत (2023) कार्यक्रम में हरियाणा में जिले का नेतृत्व किया था। इस आयोजन में देश-विदेश से लगभग 3000 युवा शामिल होंगे। भारत के 780 जिलों से एक-एक युवक और युवती (लगभग 1600 युवा) को चयनित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मॉरीशस के महामहिम राष्ट्रपति होंगे। इसके अलावा देश-विदेश की बड़ी हस्तियाँ, केन्द्र और राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री भी उपस्थिति होने वालें हैं। इस अवसर पर निफा की विभिन्न राज्य शाखाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएँगे। साथ ही, विभिन्न राज्यों एवं जिलों के अध्यक्ष और सचिव भी शामिल होंगे। झारखंड से इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए कई प्रतिभाशाली युवाओं का चयन हुआ है, जिनमें सिमडेगा से भरत सिंह और वीणा ज्योति कुमारी, रामगढ़ से विधा भूषण, डॉ. रजनी प्रिया, बोकारो से सैयद दानिश अराफत, सुम्मी कुमारी, धनबाद से गणेश शर्मा, सुरभि कुमारी, लोहरदगा से दीक्षा कुमारी, सुशीला साहू, पश्चिम सिंहभूम से प्रधान विरुआ, इयो श्री दास, और सरायकेला खरसावां से आकाश कुमार शामिल हैं। सिमडेगा जिला से भरत सिंह एवं वीणा ज्योति कुमारी का चयन होने पर अनेकों लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।


झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा।
पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा पिन –835302
E-mail :- ssaloh@rediffmail.com / lohardagassa@gmail.com

69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2025–26 में भाग लेने वाली राज्य टीम के गठन हेतु राज्य स्तरीय खुली चयन प्रतियोगिता में भाग लेने से पूर्व लोहरदगा जिला में अवस्थित सभी प्रकार के विद्यालयों के नियमित छात्र/छात्रा खिलाड़ी के लिए आयोजित जिला स्तरीय पंजीयन शिविर आयोजन से संबंधित सूचना

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के ज्ञापांक 1855, दिनांक 15.05.2025 के द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में 69वीं राश्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2025–26 में भाग लेने वाली टीम के गठन हेतु राज्य स्तरीय खुली चयन प्रतियोगिता में भाग लेने से पूर्व लोहरदगा जिला में अवस्थित सभी प्रकार के विद्यालयों के नियमित छात्र/छात्रा खिलाड़ी के लिए **पंजीयन शिविर का आयोजन जिला स्तर पर दिनांक 23, 24 एवं 25 सितम्बर 2025 को पूर्वाह्न 10.00 बजे से 04 बजे अपराह्न तक समाहरणालय परिसर के अभिलाषा कक्ष में शारीरिक शिक्षकों के द्वारा किया जायेगा।** जिला स्तरीय पंजीयन शिविर में पंजीयन के उपरांत ही छात्र/छात्रा खिलाड़ी राज्य स्तरीय खुली चयन प्रतियोगिता–2025 में भाग ले सकेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन निम्न प्रकार से निर्धारित है –

| क्र0 | खेल का प्रकार | आयुवर्ग | राज्य स्तरीय आयोजन तिथि | राज्य स्तरीय आयोजन स्थल | जिला स्तरीय पंजीयन के समय प्रतिभागी के पास निम्नांकित प्रपत्र अनिवार्य है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गतका | U-17, 19 बालक/बालिका | 06.10.2025 | राँची | Eligibilty Form, आधार कार्ड, बोनाफाईड सर्टिफिकेट, जन्म प्रमाण–पत्र एवं अंतिम वर्ष का अंक पत्र (सभी तीन–तीन प्रतियों में) |
| 2 | तीरंदाजी | U-14, 17, 19 बालक/बालिका | 08.10.2025 | | |
| 3 | वॉलीबाल | U-14 बालक/बालिका | | | |
| 4 | मुक्केबाजी | U-14 बालक | 09.10.2025 | | |
| | | U-17, 19 बालक/बालिका | | | |
| 5 | भारोत्तोलन | U-17, 19 बालक/बालिका | | | |
| 6 | नेटबॉल | U-14, 17, बालक/बालिका | | | |
| 7 | बास्केटबॉल | U-14, 17, 19 बालक/बालिका | 09 से 10 अक्टूबर 2025 | | |
| 8 | योगा | U-14, 17, 19 बालक/बालिका | | | |
| 9 | निशानेबाजी | U-14, 17, 19 बालक/बालिका | 12.10.2025 | | |
| 10 | बैडमिंटन | U-14, 17, 19 बालक/बालिका | | | |
| 11 | जुडो | U-17, 19 बालक/बालिका | | | |
| 12 | टेबल–टेनिस | U-17, 19 बालक/बालिका | | | |
| 13 | हैंडबॉल | U-14, 17, 19 बालक/बालिका | | | |
| 14 | स्केटिंग | U-11,14, 17, 19 बालक/बालिका | | | |

उपरोक्त विवरणी के आलोक में राज्य स्तरीय खुली चयन प्रतियोगिता–2025 में भाग लेने के लिए इच्छूक लोहरदगा जिला में अवस्थित सभी प्रकार के विद्यालयों के नियमित छात्र/छात्रा खिलाडी पंजीयन के लिए Eligibilty Form, आधार कार्ड, बोनाफाईड सर्टिफिकेट, जन्म प्रमाण–पत्र एवं अंतिम वर्ष का अंक पत्र (सभी तीन–तीन प्रतियों में) के साथ जिला स्तरीय पंजीयन शिविर में निर्धारित तिथि एवं स्थल पर भाग ले सकते हैं। एलीजीबिलिटी फार्म, बोनाफाईड सर्टिफिकेट का प्रारूप एवं अन्य आवश्यक मार्गदर्शिका आदि की विस्तृत जानकारी लोहरदगा जिला के अधिकृत वेवसाईट https://lohardaga.nic.in पर उपलब्ध है।

विश्वासभाजन
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना धनबाद।

PR 362368 (Lohardaga) 25-26 (D)

## धर्मांतरण की बढ़ती समस्या

भारत एक बहुधार्मिक, बहुसांस्कृतिक देश है, जहाँ धर्म की आजादी संविधान द्वारा सुनिश्चित है। लेकिन हाल ही में मतांतरण (धर्म परिवर्तन) की घटनाओं में वृद्धि और उनसे जुड़े विवादों ने इस विषय को हवा दे दी है। हाल के दिनों में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं जिसमें लोग अपने धर्म को छुपाकर या गलत तरीके से दूसरे धर्म के व्यक्तियों के साथ शादी करते हैं तथा शादी के बाद ऐसे दूसरे व्यक्ति को अपने धर्म में परिवर्तित करने के लिये मजबूर करते हैं। पिछले दिनों राजस्थान विधानसभा में राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 पारित कर दिया गया। अवैध रूप से धर्मान्तरण रोकने के लिए विधानसभा ने दूसरी बार विधेयक को मंजूरी दी है। वर्तमान विधेयक में जबरन व प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने वाली संस्थाओं की अवैध सम्पत्तियों को बुल्डोजर से ध्वस्त करने का प्रावधान है। राजस्थान में किसी भी धर्म के व्यक्ति को अन्य धर्म में शादी करने या किसी अन्य उद्देश्य से धर्म परिवर्तन करने के लिए कलेक्टर को 90 दिन पहले सूचना देकर स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन का घोषणा पत्र देना होगा। ऐसा नहीं करने पर जबरन धर्म परिवर्तन मानते हुए राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस विधेयक के आधार पर बनने वाला कानून सभी धर्मों पर समान रूप से लागू होगा लेकिन मूल धर्म में वापसी को धर्म परिवर्तन नहीं माना जाएगा।

यह सही है कि संविधान ने हमें किसी भी धर्म को मानने का अधिकार दिया है। यह भी सही है कि स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन को कानूनन गलत नहीं ठहराया जा सकता है। लेकिन देखना यह होगा कि क्या वाकई धर्म परिवर्तन स्वेच्छा से हो रहा है? क्या किसी लोभ के कारण इस तरह की घटनाएँ नहीं हो रहीं? क्योंकि लोभ, भय, ब्लैकमेल आदि के कारण कराया जाने वाला धर्म परिवर्तन अपराध की श्रेणी में आता है। इसलिए इस पर राजनीति से हटकर सख़्त कदम उठाने की जरूरत है। गौर करने वाली बात है कि केंद्रीय स्तर पर देश में मतांतरण को लेकर कोई कानून नहीं है। हालांकि पहले इसके लिए प्रयास हुए पर असफल ही रहा लेकिन अब देश के कई राज्यों में मतांतरण को रोकने के लिए कानून लागू किया गया है। लेकिन अच्छा तो यह होता कि मतांतरण पर कोई देशव्यापी केंद्रीय कानून होता।

मतांतरण और विदेशी फंडिंगः पंजाब जैसे राज्यों में काम कर रहे संगठनों ने वहां चल रहे मतांतरण पर चिंता व्यक्त की है। इसके कारण सामाजिक उपद्रव बन रहा है। वहां नशे के कारण युवाओं में परिणाम सामने आ रहे हैं। इस पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। इससे पीड़ित लोगों की सहायता कैसे की जाए, उसके लिए सरकार व पुलिस के साथ समन्वय बनाकर काम हो रहा है। डॉ. अंबेडकर ने कहा था कि जो मत-परिवर्तन लालच से किया जाता है, वह अनुचित है। गांधीजी मानते थे कि मतांतरण राष्ट्रांतरण है। कोर्ट भी मानता है कि यह राष्ट्र के लिए खतरनाक है। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा समय-समय पर केंद्र सरकार से इस पर कानून बनाने की बात कही जाती रही है लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा सके हैं। हाल के समय में उच्चतम न्यायालय में अश्वनी उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ के सामने भी इस मुद्दे पर कानून न होने तथा आर्थिक रुप से पिछड़े नागरिकों का अनैतिक तरीके से मतांतरण कराए जाने की बात कही गई। विदित हो कि विदेशी फंडिंग के जरिए महिलाएं व बच्चे मतांतरण के अधिक शिकार हो रहे हैं इसलिए एक राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी कानून बनाया जाना चाहिए क्योंकि पड़ोसी देशों पाकिस्तान, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका और भूटान में इसे लेकर कानून है। बावजूद इस दिशा में सरकार का आगे न बढ़ना समझ से परे है। इसका एक कारण वोटबैंक की राजनीति भी है जो धर्मनिरपेक्षता के नाम पर इसका लंबे समय से विरोध करती आ रही है। यह विरोध राष्ट्र के लिए ठीक नहीं। निर्बल असहाय वर्ग को प्रलोभन देकर धर्मांतरण करवाया जाना सख्त कानून के अभाव में आम होता जा रहा है। अनेक राज्यों ने अपने-अपने स्तर पर इस संबंध में कानून बनाए हुए हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर सख्त कानून की आवश्यकता है।

### सूडोकु नवताल- 7558

✶ ✩ ✩ ✩ ✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7557 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# युद्ध-आतंक के दौर में शांति के लिये भारत की पुकार

**ललित गर्ग**



अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस, जिसे प्रतिवर्ष 21 सितंबर को मनाया जाता है, आज के समय की सबसे बड़ी मानवीय आवश्यकता की याद दिलाता है। जब पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंकवाद, जलवायु संकट और असमानताओं के दौर से गुजर रही हो, तब शांति का महत्व केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि अस्तित्व का आधार बन जाता है। इतिहास गवाह है कि युद्धों ने मानव सभ्यता को केवल विनाश ही दिया है। दो विश्वयुद्धों में करोड़ों लोगों की जान गई, असंख्य परिवार उजड़ गए और सभ्यता के सपनों पर गहरी चोट लगी। आज भी यूक्रेन से लेकर सीरिया, अफगानिस्तान और अफ्रीका तक की धरती पर संघर्ष और आतंकवाद की आग धधक रही है। निर्दोष नागरिक, महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक पीड़ा झेल रहे हैं। शरणार्थियों की भीड़, विस्थापितों के आँसू और टूटे हुए घर-परिवार इस बात का सबूत हैं कि युद्ध और आतंकवाद किसी भी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि और बड़ी समस्या पैदा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना ही इसी उद्देश्य से हुई थी कि विश्व में शांति और सहयोग कायम हो। इसी क्रम में 1981 में महासभा ने 21 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस घोषित किया, ताकि पूरी दुनिया को यह याद दिलाया जा सके कि युद्धविराम, संवाद और अहिंसा ही मानव सभ्यता की रक्षा कर सकते हैं। इस दिन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में शांति की घंटी बजाई जाती है, जो यह प्रतीक है कि जब तक धरती पर शांति नहीं होगी, तब तक जीवन सुरक्षित नहीं हो सकता।

आज विज्ञान और तकनीक ने मानव को अभूतपूर्व शक्ति और संसाधन दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही भय, हिंसा, तनाव और असुरक्षा भी बढ़ी है। परमाणु हथियारों की दौड़ ने धरती को विनाश के कगार पर ला खड़ा किया है। आर्थिक असमानताएँ और संसाधनों की होड़ युद्धों और संघर्षों को जन्म दे रही हैं। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकट नए विवादों एवं संकटों को जन्म दे रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि एक चेतावनी और आह्वान है। यह हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम हिंसा और युद्ध की संस्कृति से ऊपर उठकर शांति, संवाद और सहयोग की संस्कृति को स्थापित कर सकते हैं, क्या हम धर्म, जाति और राजनीति की संकीर्णताओं से निकलकर एक वैश्विक परिवार के रूप में जी सकते हैं, क्या हम शिक्षा, करुणा और अहिंसा को अपने जीवन और समाज का आधार बना सकते हैं। विश्व शांति की दिशा में भारत का योगदान हमेशा से उल्लेखनीय रहा है और वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार 'वसुधैव कुटुंबकम्' और 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का संदेश देकर मानवता को एक साझा परिवार के रूप में देखने की दृष्टि दी है। संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे वैश्विक मंचों पर मोदी ने संवाद, कूटनीति, अहिंसा और सहअस्तित्व को संघर्ष और युद्ध से बेहतर विकल्प बताया है। भारत के नेतृत्व में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शांति और सतत विकास के एजेंडे को प्राथमिकता दी गई। आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक सहयोग, योग को विश्व स्तर पर शांति और मानसिक संतुलन का साधन बनाना, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के लिए 'अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन' दुनियाभर विश्व अहिंसा दिवस मनाने जैसे प्रयास भी विश्व शांति को दीर्घकालिक आधार प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का यह मानना है कि 'शांति केवल संघर्षों की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि न्याय, समानता और सहयोग की उपस्थिति है।' उनके नेतृत्व में भारत विश्व को न केवल आर्थिक और राजनीतिक सहयोग दे रहा है, बल्कि नैतिकता, अहिंसा, योग और सांस्कृतिक रूप से भी शांति की राह दिखा रहा है। महात्मा गांधी ने कहा था-'शांति का कोई रास्ता नहीं, शांति ही रास्ता है।' गांधी का यह विचार आज और भी प्रासंगिक प्रतीत होता है। नेल्सन मंडेला ने भी कहा था-'शांति का निर्माण हथियारों से नहीं, बल्कि आपसी विश्वास और मेल-जोल से होता है।' संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस बार-बार यह चेतावनी देते रहे हैं कि 'दुनिया को हथियारों की नहीं, बल्कि कूटनीति और संवाद की आवश्यकता है। शांति केवल एक आदर्श नहीं, यह सभी के जीवन और विकास का अधिकार है।' महात्मा गांधी ने जिस अहिंसा और सत्याग्रह का मार्ग दिखाया, वह आज भी वैश्विक शांति की सबसे बड़ी आशा है। स्वामी विवेकानंद ने भी विश्व धर्म महासभा में यह संदेश दिया था कि समस्त धर्म मानवता को जोड़ने के लिए हैं, बाँटने के लिए नहीं। आज संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में भारत की भूमिका सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण है, भारतीय सैनिक और अधिकारी अनेक देशों में जाकर शांति स्थापना के मिशनों में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। भारत ने न केवल सिद्धांतों से बल्कि व्यवहार में भी यह दिखाया है कि शांति उसका मूल आदर्श है। इन विचारों और योगदानों की गूंज आज के समय में हमें सचेत करती है। अगर मानवता को बचाना है तो युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को छोड़कर केवल शांति को अपनाना होगा। जब व्यक्ति, समाज और राष्ट्र स्तर पर शांति की चेतना जागेगी तभी सभ्यता का भविष्य सुरक्षित हो सकेगा। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस हमें यही प्रेरणा देता है कि हम सहअस्तित्व, करुणा और संवाद की राह पर चलें और पूरी दुनिया को भय और हिंसा से मुक्त करके एक शांति और समरसता से भरा वैश्विक परिवार बनाएं।

संघर्ष की अग्रिम पंक्तियों पर तैनात शांति सैनिकों से लेकर समुदाय के सदस्यों और दुनिया भर के कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्रों तक, हर किसी की शांतिपूर्ण विश्व संरचना में महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें हिंसा, नफरत, भेदभाव और असमानता के खिलाफ आवाज उठानी होगी; सह-अस्तित्व का अभ्यास करना होगा; और अपनी दुनिया की विविधता को अपनाना होगा। शांति-स्थापना की कार्रवाई करने के कई तरीके हैं। समझदारी, अहिंसा और निरस्त्रीकरण की तत्काल आवश्यकता के बारे में बातचीत शुरू करें। अपने समुदाय में स्वयंसेवा करें, अपनी आवाज से अलग आवाजों को सुनें, अपने कार्यस्थल पर भेदभावपूर्ण भाषा एवं व्यवहार को चुनौती दें, ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों तरह से अशांति फैलाने वालों की रिपोर्ट करें, और सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से पहले तथ्यों की पुष्टि जरूर करें। आप अपनी पसंद के बारे में भी बता सकते हैं, सामाजिक रूप से जागरूक ब्रांडों से सामान खरीदने का विकल्प चुन सकते हैं, या स्थिरता और मानव अधिकारों को बढ़ावा देने वाले संगठनों को दान दे सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकारों को आगे बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन से लड़ने, तथा संघर्ष को रोकने और उसका जवाब देने के लिए वैश्विक प्रयासों का नेतृत्व करता है। वह शांति निर्माण आयोग के माध्यम से, जो 2025 में अपनी बीसवीं वर्षगांठ मना रहा है, गरीबी, असमानता, भेदभाव और अन्याय-हिंसा के सभी संभावित कारणों को दूर करने के लिए कार्य करता है। अपने 17 सतत विकास लक्ष्यों के माध्यम से, संयुक्त राष्ट्र समृद्धि बढ़ाने, स्वास्थ्य और जीवन स्तर को बेहतर बनाने, और सभी प्रकार के भेदभाव और अन्याय को समाप्त करने के देशों के प्रयासों का समर्थन करता है। संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिक दुनिया भर में कठिन और खतरनाक परिस्थितियों में काम करते हैं और सभी को कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करते हैं। तथा हाल ही में अपनाए गए भविष्य के लिए समझौते में, संयुक्त राष्ट्र ने उभरती चुनौतियों और अवसरों - जैसे कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का समाधान करने तथा भावी पीढ़ियों की सक्रिय भागीदारी का समर्थन करने का वादा किया है। संयुक्त राष्ट्र के एक्टनाउ अभियान ने दुनिया भर के लाखों लोगों को उन मुद्दों को चुनने, उन पर कार्रवाई करने और उनके प्रभाव को ट्रैक करने में मदद की है जो उनके लिए महत्वपूर्ण हैं। शांति स्थापना के कार्य शब्दों से अधिक जन-जीवन में जोर से गूंजें।

# राहुल गांधी का जेन-जेड दांव लोकतंत्र की रक्षा या पड़ोसी देशों जैसी आग का न्योता?

**अजय कुमार**

देश की सियासत में इन दिनों हंगामा बरपा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक ट्वीट ऐसा है, जिसने सबको चौंका दिया। 18 सितंबर 2025 को एक्स पर उन्होंने लिखा, 'देश के युवा, देश के छात्र, देश की जेनरेशन-जी संविधान को बचाएंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट की चोरी रोकेगी। मैं उनके साथ हमेशा खड़ा हूं। जय हिंद!' यह कोई मामूली बात नहीं थी। इस ट्वीट में पड़ोसी मुल्क नेपाल के हाल के जेन-जी आंदोलन की छाया साफ दिख रही है, जहां नौजवानों ने सड़कों पर उतरकर सरकार को उखाड़ फेंका। सवाल उठ रहे हैं, क्या राहुल गांधी युवाओं को सड़कों पर बुलाने का इशारा दे रहे हैं? क्या वे चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का इल्जाम लगाकर आग भड़का रहे हैं? कांग्रेस का कहना है कि युवा उनकी ताकत हैं, वहीं भाजपा इसे 'नेपाल जैसी साजिश' बता रही है। ऊपर से सैम पित्रोदा का पाकिस्तान को 'घर जैसा' बताने वाला बयान ने नया बवाल खड़ा कर दिया। आखिर क्या है यह माजरा? क्या राहुल का जेन-जी दांव भारत में नेपाल जैसी आग लगाएगा या लोकतंत्र को और मजबूत करेगा?

नेपाल में सितंबर 2025 में जेन-जी आंदोलन ने तहलका मचा दिया। वहां की सरकार को जाना पड़ा। बात शुरू हुई 4 सितंबर से, जब नेपाल सरकार ने फेसबुक, एक्स, यूट्यूब, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया पर पाबंदी लगा दी। वजह बताई गई कि ये कंपनियां नए नियमों में रजिस्टर नहीं हुई थीं। लेकिन यह फैसला 1995 से 2010 के बीच पैदा हुए जेन-जी युवाओं को बिल्कुल रास नहीं आया। उनके लिए सोशल मीडिया सिर्फ टाइमपास नहीं, बल्कि रोजगार, पढ़ाई और दुनिया से जुड़ने का जरिया है। रील्स बनाकर पैसे कमाने वाले, विदेश में बसे रिश्तेदारों से वीडियो कॉल करने वाले, ऑनलाइन बिजनेस चलाने वाले सब गुस्से में आ गए। शुरू में आंदोलन बैन के खिलाफ था, लेकिन जल्दी ही यह भ्रष्टाचार, परिवारवाद और अमीर-गरीब की खाई के खिलाफ उग्र हो गया। काठमांडू से लेकर छोटे शहर तक सड़कों पर हजारों युवा उतर आए। सरकारी दफ्तरों, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास पर हमले हुए। कम से कम 51 लोग मारे गए, सैकड़ों जख्मी। सेना को सड़कों पर उतारना पड़ा। एक बड़े नेता ने कहा, 'सियासी दलों ने युवाओं की बात नहीं सुनी, इसलिए हिंसा भड़की।' नतीजा? प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को कुर्सी छोड़नी पड़ी। अब नई सरकार की बात हो रही है, जिसमें कुछ नए चेहरों के नाम सामने आ रहे हैं। यह आंदोलन कुछ नौजवानों ने शुरू किया, जो सियासत से दूर थे। बाद में विपक्षी दलों ने इसे हवा दी। भारत पर भी इसका असर पड़ा। उत्तराखंड के सीमाई बाजारों में धंधा ठप है, क्योंकि नेपाली ग्राहक सड़कों पर हैं। नेपाल का यह बवाल भारत के लिए चेतावनी बन रहा है।

राहुल गांधी का ट्वीट इस माहौल में आया। उन्होंने नेपाल का नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी बातों में वही जोश दिखा। बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के बाद उनका 'वोट चोर, गद्दी छोड़' वाला नारा वायरल हो गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने चुनाव आयोग पर सीधा निशाना साधा। कर्नाटक में 6018 वोटरों के नाम कटने और महाराष्ट्र में 6180 वोटर जोड़े जाने का हवाला देकर 'वोट चोरी फैक्ट्री' का इल्जाम लगाया। मुख्य चुनाव आयुक्त को 'वोट चोरों का सरगना' तक कह डाला। आयोग ने सफाई दी कि यह रूटीन काम है, लेकिन राहुल नहीं रुके। उन्होंने कहा, 'मैं 100 फीसदी सबूतों के साथ बोल रहा हूं। मुझे अपने देश और संविधान से प्यार है।'कांग्रेस का कहना है कि युवा उनकी ताकत हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल ने 'युवा न्याय' की बात की थी। गुजरात दौरे पर फिटनेस पर जोर दिया, जो युवा नजरिए को दिखाता है। लेकिन भाजपा इसे खतरनाक खेल बता रही। सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर तंज कसा, 'जेन-जी परिवारवाद के खिलाफ है। नेहरू, इंदिरा, राजीव, सोनिया के बाद राहुल को क्यों बर्दाश्त करेगा? भ्रष्टाचार से नफरत करता है, तो यूपीए के घोटाले कैसे भूलेगा?' उनका पोस्ट वायरल हो गया। दुबे ने गृह मंत्रालय और ईडी से सैम पित्रोदा की फंडिंग और राहुल के विदेश दौरों की जांच की मांग की। बोले, 'कांग्रेस विदेशी ताकतों के साथ अराजकता फैलाना चाहती है। देश छोड़ने की तैयारी करो।' कंगना रनौत ने कहा, 'नेपाल में जेन-जी ने परिवारवादी सरकार उखाड़ी। राहुल देश को शर्मिंदा करते हैं।' भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी बोले, 'कांग्रेस की पहचान परिवारवाद और घोटाले हैं।' पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने तो हद कर दी, बोले, 'नेपाल जैसी क्रांति भारत में हुई तो राहुल-अखिलेश के घरों में आग लग जाएगी!' विपक्ष में शिवसेना के संजय राउत ने राहुल का साथ दिया, लेकिन चेताया, 'भारत में भी ऐसा हो सकता है, भाजपा तैयार रहे।' जेडीयू के नीरज कुमार ने जवाब दिया, 'भारत न बांग्लादेश है, न नेपाल। यहां लोकतंत्र मजबूत है।' गृह मंत्री अमित शाह बोले, 'चुनाव आयोग को बदनाम करना कांग्रेस की पुरानी चाल।' अनुराग ठाकुर ने कहा, 'कांग्रेस लोकतंत्र कमजोर कर रही।' प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के नेताओं से बात की और युवाओं को शांतिपूर्ण रास्ता अपनाने की सलाह दी।इस बवाल में सैम पित्रोदा ने और आग में घी डाला। 19 सितंबर को उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान गया, वहां घर जैसा लगा। बांग्लादेश, नेपाल में भी ऐसा ही।' भाजपा ने इसे 'देशद्रोही' बताया। शहजाद पूनावाला ने एक्स पर लिखा, 'पित्रोदा को पाकिस्तान घर जैसा लगता है? 26/11 पर नरमी, पुलवामा में पाक का साथ कांग्रेस की सोच साफ!' पित्रोदा ने राहुल के जेन-जी बयान का समर्थन किया, लेकिन उनके पुराने बयान याद आ गए 1984 दंगों पर 'हुआ तो हुआ', उत्तर-पूर्व को 'चीनी-अफ्रीकी' कहना, विरासत टैक्स की बात। कांग्रेस ने खुद को अलग किया, लेकिन नुकसान हो चुका।19 सितंबर को दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन (उ्ररव) चुनाव में नौजवानों ने जवाब दे दिया। अभाविप ने जीत हासिल की, आर्यन मान अध्यक्ष बने। #अइश्ढ4उ्ररव ट्रेंड किया। पंजाब यूनिवर्सिटी में भी अभाविप जीती। लोग बोले, 'राहुल के बयान के अगले दिन जेन-जी ने भाजपा चुनी।'

बिहार चुनाव से पहले यह बवाल बड़ा है। कांग्रेस कहती है, जेन-जी पढ़ाई, नौकरी, बराबरी चाहती है। राहुल बार-बार कहते हैं, लोकतंत्र और संविधान खतरे में हैं। उनकी बात अच्छी लगती है, लेकिन सवाल है क्या वे वोटिंग की बात कर रहे या सड़कों पर बवाल का इशारा दे रहे हैं? एक्स पर #श्ङ्मश्३ीउँङ्ग१्रत्रूङ्ग१८ ट्रेंड कर रहा, लेकिन मुंबई में #ढँङ्गल्ली17 की लाइन में जेन-जी रात 2 बजे से खड़ी है। एक यूजर ने तंज मारा, 'राहुल की बात सुनी, जागे, मगर ढँङ्गल्ली लेने चले गए।' कांग्रेस के जमाने में सिलेंडर की लाइन थी, आज ऐपल फोन की। केंद्र की स्किल इंडिया, विकसित भारत रोजगार योजना युवा-केंद्रित हैं।

# हरियाणा में तबादलों का संकट - शिक्षकों की उम्मीदों पर विराम

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

हरियाणा की शिक्षा व्यवस्था इस समय गहरे असमंजस और ठहराव के दौर से गुजर रही है। अप्रैल से लेकर अब तक हजारों शिक्षक अपने तबादलों का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन नतीजा यह है कि महीनों बाद भी कोई ठोस प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई। सरकार और विभाग ने कई बार आश्वासन दिया कि जल्द ही तबादला ड्राइव चलेगी, लेकिन वास्तविकता यह है कि आज तक न तो मॉडल स्कूल का परिणाम घोषित हुआ और न ही नई तबादला नीति लागू हो सकी। ऐसे में शिक्षकों के मन में असंतोष और धैर्य की सीमाएँ दोनों टूटती नजर आ रही हैं।

हरियाणा में शिक्षकों के तबादले अप्रैल में होने थे, लेकिन अब तक शुरू नहीं हो पाए। सरकार ने पहले कहा था कि सबसे पहले मॉडल स्कूल का परिणाम घोषित किया जाएगा और फिर उसी के आधार पर तबादला ड्राइव चलाई जाएगी, मगर महीनों बीत जाने के बावजूद यह परिणाम जारी नहीं हुआ। नई तबादला नीति बनाने की बात कहकर शिक्षकों को उलझाए रखा गया है, जबकि वह नीति भी अब तक सार्वजनिक नहीं हुई है। इस देरी से हजारों शिक्षक असमंजस और निराशा में हैं, क्योंकि कई शिक्षक कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे हैं और उन्हें समय पर स्थानांतरण से राहत की उम्मीद थी। लगातार वादों और अधूरी तैयारियों ने उनके धैर्य की परीक्षा ले ली है। अब जरूरी है कि सरकार तुरंत मॉडल स्कूल का परिणाम घोषित करे, नई नीति स्पष्ट करे और पूरी पारदर्शिता के साथ तबादला प्रक्रिया को आगे बढ़ाए।

तबादले किसी भी शिक्षक के लिए केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं होते। यह उनके निजी जीवन, पारिवारिक परिस्थितियों और पेशेवर संतुष्टि से गहराई से जुड़े होते हैं। वर्षों से एक ही स्थान पर काम कर रहे शिक्षकों को बदलाव की उम्मीद रहती है, वहीं दूरदराज क्षेत्रों में तैनात शिक्षकों को अपने परिवार और बच्चों से जुड़ने की चाह होती है। जब यह उम्मीदें लगातार अधूरी रह जाती हैं, तो उसका असर उनके मनोबल और कार्यक्षमता दोनों पर पड़ता है।

अप्रैल में सरकार ने दावा किया था कि सबसे पहले मॉडल स्कूल का परिणाम घोषित किया जाएगा और उसके आधार पर तबादलों की प्रक्रिया को दिशा दी जाएगी। लेकिन यह परिणाम महीनों से लटका हुआ है। इसके साथ ही सरकार ने नई तबादला नीति बनाने की घोषणा की, ताकि प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष हो सके। यह घोषणा सुनने में आकर्षक जरूर थी, लेकिन जब नीति महीनों तक अधर में ही पड़ी रहे और शिक्षकों को उसका कोई स्पष्ट स्वरूप न दिखे, तो यह केवल समय खींचने का बहाना प्रतीत होता है।

इस पूरी देरी का सीधा असर शिक्षा व्यवस्था पर पड़ रहा है। जहाँ कुछ स्कूलों में जरूरत से ज्यादा शिक्षक मौजूद हैं, वहीं कई ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में वर्षों से पद खाली पड़े हैं। नतीजा यह है कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और असमानता बढ़ रही है। मॉडल स्कूल परियोजना, जिसे शिक्षा सुधार का प्रतीक बताया गया था, उसका परिणाम ही न आना सरकार की गंभीरता पर सवाल खड़े करता है।

शिक्षक लगातार धैर्य बनाए हुए हैं, लेकिन अब उनकी आवाजें तेज होने लगी हैं। संघ और संगठन यह सवाल पूछ रहे हैं कि जब पुरानी नीति के तहत भी प्रक्रिया पूरी हो सकती थी, तो उसे बीच में क्यों रोका गया। नई नीति का हवाला देकर महीनों तक शिक्षकों को उलझाए रखना क्या केवल राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी नहीं दर्शाता? शिक्षकों का मानना है कि सरकार को यदि सचमुच पारदर्शिता चाहिए तो नीति को सार्वजनिक करना चाहिए। यदि वह तैयार नहीं है तो पुरानी नीति के तहत प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए, ताकि कम से कम शिक्षकों को राहत मिल सके।


हरियाणा जैसे राज्य में, जहाँ शिक्षा सुधार और मॉडल स्कूलों की बातें बड़े स्तर पर की जाती रही हैं, वहाँ आज स्थिति यह है कि शिक्षकों को अपने ही भविष्य का पता नहीं। यह केवल शिक्षकों का संकट नहीं है, बल्कि छात्रों और पूरी शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न है। शिक्षक असंतुष्ट और परेशान रहेंगे तो वे बच्चों को पूरी निष्ठा से कैसे पढ़ा पाएंगे?

अब जबकि सितंबर भी समाप्ति की ओर है, सरकार को और देरी नहीं करनी चाहिए। सबसे पहले मॉडल स्कूल का परिणाम घोषित करना जरूरी है, ताकि शिक्षकों को स्पष्टता मिल सके। इसके बाद नई नीति को सार्वजनिक करना चाहिए और यदि वह अधूरी है तो पुरानी नीति के तहत ही तबादला प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। साथ ही यह भी आवश्यक है कि पूरी प्रक्रिया डिजिटल और समयबद्ध तरीके से हो, ताकि किसी प्रकार का पक्षपात या अनुशंसा की गुंजाइश न रहे।

अंततः यह समझना होगा कि शिक्षक केवल सरकारी कर्मचारी नहीं बल्कि समाज की रीढ़ हैं। उन्हें महीनों तक अनिश्चितता और प्रतीक्षा में रखना उनके साथ अन्याय है और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है। यदि सरकार सचमुच शिक्षा सुधार चाहती है, तो उसे तुरंत ठोस और पारदर्शी कदम उठाने होंगे। हरियाणा के शिक्षकों का धैर्य अब अंत की ओर है, और यह समय है कि सरकार वादों और घोषणाओं से आगे बढ़कर वास्तविक कार्रवाई करे। यही एकमात्र रास्ता है जो शिक्षकों को न्याय देगा और हरियाणा की शिक्षा व्यवस्था को संतुलन और मजबूती प्रदान करेगा।

## दैनिक पंचांग

**20 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | कन्या | 05.34 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | तुला | 07.49 बजे से |
| मंगल | तुला में | वृश्चिक | 10.04 ब.से |
| बुध | कन्या में | धनु | 12.20 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मकर | 14.25 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | कुंभ | 16.11 बजे से |
| शनि | मीन में | मीन | 17.44 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मेष | 19.15 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृष | 20.55 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | मिथुन | 22.53 बजे से |
| | | कर्क | 01.06 बजे से |
| | | सिंह | 03.22 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 263 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** चतुर्दशी 00.17 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 08.06 बजे को समाप्त।
**योग** साध्य 20.07 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 11.54 बजे तदनन्तर शकुनि 00.17 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 01° 05'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872473
**जूलियन दिन** 2460938.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रवि उलावल **तारीख** 27
**विशेष** चतुर्दशी श्राद्ध।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# विधायक रोशन लाल चौधरी ने चार पीसीसी सड़क निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** विधानसभा क्षेत्र के पतरातु प्रखंड अंतर्गत बीचा पंचायत, देवरिया पंचायत और कुरसे पंचायत में माननीय विधायक रोशन लाल चौधरी जी ने चार पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शुभ शिलान्यास आज नारियल फोड़कर विधिवत किया। जिनकी कुल लागत 3,33,39,411 रुपए हैं। 1.बीचा पंचायत में पीसीसी सड़क कालीकरण पाको बेदिया के घर से बोरवा टुंगरी स्थिति आंगनबाड़ी केंद्र तक लघु सिंचाई विभाग डीएमएफटी मद द्वारा बनाया जा रहा है। 2 कुर्से पंचायत लघु सिंचाई विभाग डीएमएफटी योजना अंतर्गत पीसीसी सड़क घाघरा से तेहदा तक। 3.देवरिया पंचायत,लघु सिंचाई विभाग डीएमएफटी मद योजना अंतर्गत भंडरा से घाटों टोला देवरिया तक पीसीसी पथ निर्माण। 4. चिकोर पंचायत,लघु सिंचाई विभाग डीएमएफटी मद योजना अंतर्गत ग्राम चिकोर पंचायत भवन से कब्रिस्तान तक पीसीसी सड़क का शिलान्यास। विधायक ने कहा है कि सड़क विकास का पैमाना होती है। मैं अपने विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए दिन-रात कार्य कर रहा हूं। स्थानी ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ही बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का विकास संभव है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र करमाली पूर्व जिला पार्षद मनोज राम भाजपा नेता देवेंद्र सिंह आशीष शर्मा मुखिया सोनामती देवी विजय बेदिया राजेश महतो वैजनाथ बेदिया शिवनाथ बेदिया झलकू बेदिया विजय करमाली देवनारायण बेदिया रविंद्र बेदिया मनोज बेदिया अनिल खरवार गणेश करमाली लालू करमाली जलेश्वर करमाली जिंदल करमाली सोनु महतो भोला महतो कालचंद महतो सुजीत टोप्पो सुजीत महतो दीपक प्रसाद दीवाकर कुमार सरवन कुमार शिव कुमार महतो सरवन सिंह वंशी महतो अद्वितीय करकेटा सुनील उरांव विकास कश्यप हरेन्द उरांव समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे।



## एक नजर

### 20 को मोतियाबिंद एवं 23 को लगेगा रक्तदान शिविर : डॉ प्रकाश ज्ञानी

**बरही** : स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत बरही अनुमंडलीय अस्पताल में 20 सितंबर को मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया है। वही 23 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि 23 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें रक्तदान कर्ता बरही अनुमंडलीय अस्पताल से संपर्क कर पंजीयन करा सकते है। उन्होंने बताया कि रक्तदान आज के समय में सबसे बड़ा दान होता है। रक्तदान से कई लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि आप सब रक्तदान करें। आपका संग्रहित रक्त बरही ब्लड स्टोरेज में ही रखा जाएगा। जिसे जरूरतमंदों के बीच उपयोग में लाया जाएगा।

### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**चौपारण** : चौपारण थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ संजय यादव ने की, जबकि संचालन पूर्व मुखिया शंभू नारायण सिंह ने किया। बैठक में एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, बीडीओ नितेश भास्कर और थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी विशेष रुप से उपस्थित रहे। बैठक में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों दैहर, ताजपुर ब्लॉक मोड़, सिंघरावा, पाण्डेयबारा, रामपुर, मानगढ़ और बसरिया में आयोजित होने वाली दुर्गा पूजा की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सीओ संजय यादव ने कहा कि दुर्गा पूजा शांति और भाईचारे का प्रतीक है, इसलिए इसे अमन-चैन और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने भी लोगों से अपील करते हुए कहा कि यह पर्व परंपरा और आस्था का पर्व है, इसे आपसी सौहार्द और मिल-जुलकर मनाना चाहिए। वहीं थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने कहा कि प्रशासन की हुड़दंगियों और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रहेगी। सभी दुर्गा पूजा समितियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य है। पंडाल परिसर में अग्नि शमन यंत्र की व्यवस्था करनी होगी, महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बैरिकेडिंग और वॉलिंटियर की नियुक्ति अनिवार्य है, विशेषकर बाइक पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

### जन्मदिन पर किया पहला रक्तदान, थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे को दी नई जिंदगी

**हजारीबाग** : समाज सेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए हजारीबाग यूथ विंग के कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया ने अपने जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान किया। यह उनके जीवन का पहला रक्तदान था, जिसे उन्होंने एक थैलेसीमिया पीड़ित मासूम बच्चे की मदद के लिए समर्पित किया। जन्मदिन जैसे व्यक्तिगत अवसर को सामाजिक कार्य से जोड़कर उन्होंने यह साबित किया कि सच्चा उत्सव वही है, जिसमें जरूरतमंद की सहायता हो सके। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन, सचिव रितेश खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष विकास तिवारी, संस्था के मार्गदर्शक जय प्रकाश खण्डेलवाल एवं संजय कुमार, कार्यकारिणी सदस्य रोहित बजाज और प्रमोद खण्डेलवाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर गुंजन मद्धेशिया का उत्साहवर्धन किया और उनके इस कदम को सराहनीय बताया। हजारीबाग यूथ विंग लंबे समय से रक्तदान जैसे मानवीय कार्यों के साथ-साथ सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाता रहा है।

## चिरूडीह मोड़ से माधवपुर जाने वाली बदहाल सड़क की हुई मरम्मती



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के चिरूडीह मोड़ से माधवपुर तक जाने वाली मुख्य सड़क भारी बारिश में काफी बदहाल बन चुकी थी। इस सड़क के रास्ते जाने वाले कई गांवों के लोगों को काफी समस्या का समाना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों के द्वारा सांसद विद्युत वरण महतो को इस मामले से अवगत करवाया गया। वही गोरडीह के उपमुखिया पूर्ण महतो कई जनप्रतिनिधियों के साथ सांसद से मिलकर समस्या समाधान की मांग की थी। सांसद विद्युत वरण महतो ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अपने स्तर से स्लैग डलवाकर सड़क को तत्काल मरम्मतीकरण करवाने का कार्य किया। इस कार्य को सफलता पूर्वक करवाने में भाजपा पूर्व प्रत्यासी मुचिराम बाउरी, महावीर महतो, मंडल अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी, सनातन दास, तरणी महतो सहित कई का योगदान रहा।

## दुर्गा पूजा के दौरान प्रशासन रहेगी सक्रिय हुड़दंगियों पर विशेष नजर : सीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** कमलपुर,पटमदा और बोड़ाम थाना परिसर में दुर्गा पूजा के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति के सदस्य, दुर्गा पूजा समिति लाइसेंसी/ गैरलाइसेंसी, डी जे संचालक, जनप्रतिनिधि, प्रेस एवं ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजन किया गया। बैठक में दुर्गा पूजा से सम्बंधित जिला प्रशासन द्वारा दिये गए सभी महत्वपूर्ण निदेशों से अवगत कराया गया। बैठक में उपस्थित सभी आगंतुक द्वारा बिश्वास के साथ कहा गया की दुर्गा पूजा शांति पूर्वक संपन्न होंगी। वही अंचलाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार दास ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान में सड़कों पर तेज गति से चलाने बाइक सवार पर विशेष नजर होगी। वही सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से प्रभावी रहेगा। प्रशासन सभी स्थानों पर सक्रिय रहेगी। इस बैठक में कमलपुर थाना में बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, सीओ डॉ राजेंद्र कुमार दास, थाना प्रभारी अशोक कुमार, शांति समिति अध्यक्ष शंभू दास, ग्राम प्रधान संदीप मिश्रा, मृत्युंजय महतो, पटमदा में इंस्पेक्टर गुलाम रब्बानी, पार्षद प्रदीप बेसरा, रामकृष्ण महतो, सुभाष, वही बोड़ाम थाना में बीडीओ किकू महतो, सीओ रंजीत रंजन,मानिक महतो सहित कई सदस्य उपस्थित थे। सभी ने प्रशासन से एक सुर में दुर्गा पूजा के दौरान अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग करते हुए शराबियों पर अंकुश लगाने की मांग रखी।



## कुशपुतुल के सोगड़ा घाट पर पुल निर्माण टेंडर के बाद भी शुरू नहीं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**नीमडीह :** नीमडीह प्रखंड के ग्राम कुशपुतुल के ग्रामीणों ने शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार में उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह से नीमडीह प्रखंड अंतर्गत बामनी नदी स्थित सोगड़ा घाट पर पुल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने और 99.28 लाख रुपये की स्वीकृति के बावजूद अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। बरसात में बामनी नदी का जलस्तर बढ़ने से मार्ग पूरी तरह कट जाता है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है, मरीजों को अस्पताल पहुँचाना कठिन हो जाता है और एंबुलेंस जैसी सेवाएं भी बाधित रहती हैं। जामडीह होकर वैकल्पिक रास्ता जरूर है, लेकिन वहां हाथियों का लगातार आतंक बना रहता है। इस मौके पर ईचागढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी नृपेन कृष्ण महतो, ललित कुमार महतो, अभिराम महतो, प्रदीप कुमार महतो, नीलकमल सिंह, जयदेव महतो, समीर कुमार महतो और विजय कर्मकार सहित कई ग्रामीणों ने पुल निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करवाने की मांग उपायुक्त से की। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया और संबंधित विभाग को आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए।




## डीएवी स्कूल में बच्चों ने देखी प्रेरक फीचर फिल्म चलो जीते हैं हम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** भारत सरकार के शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रेरणा कार्यक्रम के तत्वाधान में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में प्रयोगात्मक शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वोत्तम फीचर फिल्म चलो जीते हैं हम का विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच स्क्रीनिंग किया गया। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों के बीच स्वाभिमान और विनय ,शौर्य और साहस, परिश्रम और समर्पण, सत्य निष्ठा और सुचिता ,करुणा और सेवा, नवाचार और जिज्ञासा, विविधता और एकता, श्रद्धा और विश्वास, स्वतंत्रता और कर्तव्य जैसे नैसर्गिक गुणों से परिचित कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि बच्चे सुनकर, लिखकर और देखकर बहुत कुछ ग्रहण करते हैं परंतु इसमें सर्वाधिक महत्व देखकर सीखने का होता है इसी के अंतर्गत चलो जीते हैं हम एक सफल और सर्वोत्तम उदाहरण के रूप में प्रस्तुत हो रहा है। बच्चों ने अपने जीवन में संघर्ष और मेहनत के बल पर अपनी इच्छाओं और सफलताओं को पाने का गुण सीखा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ ने कहा कि डीएवी की शिक्षण पद्धति कुछ इस प्रकार की ही है, जहां बच्चे देखकर ,समझ कर अपने वातावरण के प्रति संवेदनशील होकर अपने शिक्षण को आगे बढ़ाने में सदैव प्रयतनशील रहते हैं। अतः इस तरह के कार्यक्रम सदैव बच्चों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होते हैं।

## रामगढ़ में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आज हुआ शुभारंभ, सभी राज्यों से अंडर 19 बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें ले रही है हिस्सा, इसका मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों के अंदर अनुशासन विकसित करते हुए उनको रोजगार से जोड़ कर उनका सर्वांगिंग विकास करना है। खेलो झारखंड कार्यक्रम के द्वारा राज्य स्तरीय तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आज रामगढ़ के सिद्धू कान्हू जिला मैदान में शुरू हुआ। इस आयोजन में अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग के पूरे राज्य की सभी जिलों की टीम ने हिस्सा लिया। झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में रामगढ़ विधायक ममता देवी बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के साथ रामगढ़ जिला प्रशासन के तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत रामगढ़ विधायक एवं बड़का गांव विधायक के साथ पुलिस अधीक्षक एवं शिक्षा परियोजना के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। फुटबॉल मैच की शुरूआत के समय विशिष्ट अतिथि एवं खेल पदाधिकारी ने बैलून को उड़ाते हुए खेल में अनुशासन की प्रमुखता पर बल दिया। इस दौरान झारखंड संस्कृति का प्रतीक पाईका डांस और रामगढ़ की स्कूली छात्राओं द्वारा किया गया अन्य मनमोहन डांस आकर्षण का केंद्र बना रहा। मैच के शुरू होने पर सभी जिले के खिलाड़ियों द्वारा अपने जिलों के नेम प्लेट को लेकर मैदान में मार्च पास्ट करना भी इस आयोजन का प्रमुख बिंदु रहा। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता का आयोजन जिले के जिला मैदान सिद्धू कान्हू, छावनी परिषद फुटबॉल मैदान एवम राधा गोविंद फुटबॉल मैदान तथा रजरप्पा डीएवी स्कूल मैदान में आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इस दौरान सभी चारों फुटबॉल मैदान में करीब 45 मैच खेले जाएंगे इसके बाद फाइनल मैच का आयोजन 21 सितंबर को किया जाना सुनिश्चित है। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने बताया कि खेलो झारखंड फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन रामगढ़ के ऐतिहासिक सिद्धू कान्हू मैदान में हो रहा है जो हम लोगों के लिए गर्व और सौभाग्य की बात है कि राज स्तरीय आयोजन का मौका मिला है इससे यहां के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा। जिससे यहां के प्रतिभावान खिलाड़ी आगे बढ़ेंगे।मौके पर कार्यक्रम की संयुक्त मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी ने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेले हार जीत कोई बड़ी बात नहीं होती है इसमें अनुशासन सबसे बड़ी बात है और इससे शारीरिक और मानसिक विकास होता है जिससे हम एक अच्छे प्लेटफार्म को प्राप्त कर सकते हैं।मौके पर कार्यक्रम में पहुंचे रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि यहां रामगढ़ में 24 जिलों के प्रतिभागी राज्य स्तरीय फुटबॉल मैच में हिस्सा ले रहे हैं ।




## संक्षिप्त खबरें

### गोला पॉलिटेक्निक कॉलेज में रजरप्पा क्षेत्र द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन




**गोला** : शुक्रवार को सतर्कता जागरुकता अभियान 2025 के अंतर्गत गोला.पॉलिटेक्निक कॉलेज में सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र, द्वारा एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कल्याणजी प्रसाद, महाप्रबंधक, रजरप्पा क्षेत्र रहे, जिन्होंने स्वयं रक्तदान कर सभी को प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समाज की भलाई के लिए नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। यह न केवल किसी का जीवन बचाता है बल्कि मानवता के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। विशेष अतिथि के रूप में सीमा प्रसाद, अध्यक्षा, अर्पिता महिला मंडल, रजरप्पा क्षेत्र एवं महिला समिति की सदस्याएँ उपस्थित रहीं और लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुस्कुराहटें संस्था के अध्यक्ष विवेकानंद, गोला. पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य तथा सदर अस्पताल, रामगढ़ से आए चिकित्सकों की टीम भी मौजूद रही, जिन्होंने रक्त संग्रह की पूरी प्रक्रिया का संचालन किया। शिविर में कुल 35 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। कार्यक्रम में सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों के परिजनों तथा गोला.पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इसे सफल बनाया। सीएसआर अधिकारी आशीष झा ने बताया कि सतर्कता जागरुकता अभियान पूरे सीसीएल में 16 अगस्त से 15 नवम्बर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत रजरप्पा क्षेत्र द्वारा कमांड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में निबंध लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, खेलकूद एवं अन्य जन-जागरूकता कार्यक्रम भी लगातार आयोजित किए जा रहे हैं।

### मनरेगा कर्मियों के आठ माह से वेतन भुगतान नहीं होने से भुखमरी की स्थिति उत्पन्न



**पटमदा** : बोड़ाम प्रखंड सभागार में झारखंड राज्य मनरेगा कर्मियों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में विगत आठ माह से वेतन भुगतान नहीं होने से उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मनरेगा कर्मियों का कहना हैं कि कई बार बीडीओ के माध्यम से जिला के उपायुक्त को भी वेतन भुगतान करने की मांग की जा रही हैं। बैठक में सहदेव बेरा, विजय कुमार दास, जगन्नाथ सीट,संजीत सहित कई मनरेगा कर्मी उपस्थित थे। सभी ने दुर्गा पूजा तक वेतन भुगतान नहीं होने पर धरना देने की चेतावनी दी।

### धर्म परिवर्तन के खिलाफ आगुईडांगरा हरि मंदिर में जन आक्रोश सभा आयोजित



**पटमदा** : धर्म परिवर्तन व यीशु गुरु प्रार्थना के नाम पर पटमदा के विभिन्न गांवों में भोले भाले ग्रामीणों को दिग्भ्रमित किए जाने के खिलाफ शुक्रवार को आगुईडांगरा हरि मंदिर प्रांगण में ग्राम प्रधान बाघंबर सिंह की अध्यक्षता में जन आक्रोश सभा का आयोजन किया गया। इस जन आक्रोश सभा में दर्जनों ग्राम प्रधान, मुखिया एवं सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान शंभू दास ने कहा कि कुछ लोग बाहर से आकर गांव-गांव में घूम कर एजेंट के जरिए ग्रामीणों को धर्म परिवर्तन का पाठ पढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाहर से आकर धर्म परिवर्तन के नाम पर ग्रामीणों को दिग्भधर्मित करने वालो को चिन्हित कर सरेआम गांव के हरि मंदिर में बांध कर रखे और पटमदा ग्राम प्रधान संघ को मामले की सूचना दें। उन्होंने कहा कि हम सनातन धर्म के वंशज है और हमें कोई भी धर्म परिवर्तन नहीं कर सकता हैं। इसके लिए सभी को एकजुट रहने की जरूरत है। ग्राम प्रधान संघ के सचिव मृत्युंजय महतो व संदीप मिश्र ने ग्रामीणों को विदेशी धर्म व बाहरी शक्ति का एकजुट होकर विरोध करने का संकल्प दिलाया। पंचमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी जम्बू वाले बाबाजी ने शिक्षा एवं दीक्षा के महत्व को बताया। उन्होंने बताया कि सबसे पहले शिक्षा गुरु अपने माता एवं पिता होते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में दीक्षा और शिक्षा दोनों ही जरूरी है। हम सनातन धर्म के वंशज है और हमारी धर्म व संस्कृति से अच्छा कोई भी धर्म नहीं हो सकता है। एकजुट होकर अपनी धर्म और संस्कृति की रक्षा करें। कार्यक्रम को मुखिया परमेश्वर सिंह, मुखिया कृष्णा पदो सिंह, भीष्म देब सिंह, शरद सिंह सरदार, बाघंबर सिंह, रामनाथ सिंह, राखोहरी सिंह, निरंजन रजक आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर ग्राम प्रधान दल गोविंद सिंह, चंदन सिंह, संदीप मिश्र, अनिल महतो, विकास महतो, बेलू सिंह, विभूति हसदा, रोहिण महतो, तिलक सिंह, सुखदेव भुइयां, वनवासी कल्याण केंद्र के रामनाथ सिंह आदि उपस्थित थे।

### विश्वकर्मा पूजा अवसर पर बसरिया में भक्ति जागरण का भव्य आयोजन



**चौपारण** : प्रखंड के बसरिया पंचायत में विश्वकर्मा पूजा के पावन अवसर पर इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ झामुमो नेता बीरेंद्र राणा एवं बसरिया मुखिया मंजू देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात पूरा पंडाल भक्तिमय नारों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित अतिथियों का कमिटी के सदस्यों ने भगवा अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। सम्मान पाकर सभी अतिथियों ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वकर्मा भगवान से समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। वही अपने संबोधन में झामुमो नेता बीरेंद्र राणा ने कहा ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल हमारी आस्था को मजबूत करते हैं बल्कि समाज को एकजुट करने का भी कार्य करते हैं। विश्वकर्मा भगवान मेहनतकश लोगों के आराध्य देव हैं और हम सभी को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। वहीं मुखिया मंजू देवी ने अपने संबोधन में कहा की हमारे पंचायत क्षेत्र में केवल एक ही विश्वकर्मा मंदिर है। यह हमारी धरोहर है और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। इसके संरक्षण एवं विकास के लिए मैं हरसंभव प्रयास करूंगी।

## एक नजर

### पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**साहिबगंज** : मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अभियुक्त को अलग-अलग मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुफ्फसिल थाना कांड सं 26/25, दिनांक 17 मार्च 2025, धारा118(2)/109/351(3)/3(5) बी.एन.एस. एवं 27 आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त नितीश यादव उर्फ गुड़्डा यादव 20 वर्ष, पिता दीनदयाल यादव, साकिन महादेवगंज पुरब टोला एवं मुफ्फसिल थाना कांड सं 98/24, दिनांक 06 दिसंबर 2024, धारा 191(2)/ 193(3)/ 190/195(1)/ 115(2)/117(2)/ 126(2)/ 127(2) /112(2)/ 121(1) 186/ 132/221/ 224/351(2)/ 352/ 61(2) बी.एन.एस.के प्राथमिकी अभियुक्त वकील यादव उम्र करीब 45 वर्ष, पिता जमुना यादव साकिन शोभनपुर डेरा (मठिया) दोनों का थाना मुफस्सिल, जिला साहेबगंज निवासी को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर,कागजी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत सदर अस्पताल साहिबगंज में शारीरिक जांच करने के बाद पुलिस ने दोनों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### जनता दरबार में डीसी ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**साहिबगंज**: समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित जनता दरबार के दौरान जिला दंडाधिकारी-सह-डीसी हेमंत सती ने आमजनों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए लोगों ने विभिन्न विभागों और योजनाओं से जुड़ी अपनी समस्याओं को डीसी के समक्ष रखा। डीसी ने एक-एक कर सभी शिकायतकर्ताओं की बातें गंभीरता से सुनीं। जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों में मूलतः राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, सड़क, बिजली, जलापूर्ति, रोजगार एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले शामिल रहे। डीसी ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है ताकि लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान हो सके। डीसी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक शिकायत की भौतिक जांच करें और यथाशीघ्र उसका निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायतों पर कार्रवाई करने के उपरांत संबंधित विभाग प्रतिपुष्टि जिला प्रशासन को अवश्य दें, ताकि आवेदकों को संतोषजनक समाधान मिल सके। इस दौरान डीसी ने अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की प्राथमिकता के आधार पर छंटाई कर उनका निवारण त्वरित गति से किया जाए। साथ ही, योजनाओं से संबंधित मामलों में यदि किसी पात्र लाभुक को वंचित किया गया है, तो उसे तुरंत लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रमुख उद्देश्य यही है कि जिले के अंतिम छोर तक बैठा व्यक्ति भी योजनाओं का लाभ प्राप्त करे। गौरतलब है कि जनता दरबार हर सप्ताह मंगलवार और शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में आयोजित किया जाता है। डीसी ने आमजनों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए न केवल आवेदन करें बल्कि अपनी समस्या से जुड़े सभी जरूरी दस्तावेजों को भी साथ लेकर आएं ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# त्योहारों के दौरान सुचारू बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : ज़िले में शुक्रवार को उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता मे विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं त्योहारों के मद्देनजर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त श्री मनीष कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी दुगार्पूजा से पूर्व बिजली आपूर्ति व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त कर लिया जाए। किसी भी क्षेत्र में अनावश्यक लाइन कटिंग नहीं होनी चाहिए।बिजली की कमी की स्थिति में क्रशर का कनेक्शन काटने को प्राथमिकता दें। दुगार्पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना से बचाव हेतु विशेष सावधानी बरती जाए। सभी नए कनेक्शनों एवं अस्थायी तार जोड़ने में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। दुगार्पूजा के लिए एनओसी निर्गत करने की प्रक्रिया पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए। जिले में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। साथ ही उपायुक्त ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि आरडीएस एवं मुख्यमंत्री झारखंड उज्ज्वल योजना के अंतर्गत छूटे हुए सभी घरों में शत प्रतिशत बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत ईएसडी पाकुड़ क्षेत्र में चालू माह के भीतर निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप न्यूनतम कनेक्शन सुनिश्चित किए जाएं। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि आम जनता को त्योहारों के दौरान सुचारू बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## "स्वच्छता ही सेवा - 2025" के अंतर्गत मालदा मंडल में मैराथन एवं वॉकाथन का भव्य आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : "स्वच्छता ही सेवा 2025" अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक "स्वच्छोत्सव" विषय के अंतर्गत मनाया जा रहा है के तहत, पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा आज मैराथन एवं वॉकाथन का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता एवं जन-स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करना रहा। जहां पूर्व रेलवे उच्च विद्यालय, साहिबगंज में आयोजित मैराथन का नेतृत्व शिक्षकों ने किया। यह कार्यक्रम पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित किया गया। मैराथन पूर्व रेलवे उच्च विद्यालय से प्रारंभ होकर जनरल इंस्टिट्यूट टॉकीज फील्ड साहिबगंज तक तथा वहां से पुनः विद्यालय में आकर संपन्न हुई। "ऐसी पहलें न केवल रेलवे की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करती हैं, बल्कि हम सभी को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाने हेतु प्रेरित भी करती हैं। वहीं पूर्व रेलवे उच्च विद्यालय, साहिबगंज में विद्यालय के छात्रों द्वारा भी विशेष मैराथन का आयोजन किया गया। यह अभियान मालदा मंडल में 2 अक्टूबर 2025 तक जारी रहेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य रेलवे परिसरों में स्वच्छता एवं स्वच्छ परिवेश सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ बनाना है।

## माटीकला विद्युत चाक वितरण से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगे शिल्पकार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज** : जिला उद्योग केन्द्र, साहिबगंज के प्रांगण में आज झारखण्ड माटीकला बोर्ड राँची एवं मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के बैनर तले माटीकला विद्युत चाक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक रमाकांत चतुर्वेदी ने 40 चयनित लाभुकों के बीच 90 प्रतिशत अनुदान पर अत्याधुनिक विद्युत चाक का वितरण किया।इस अवसर पर महाप्रबंधक रमाकांत ने कहा कि माटीकला योजना का मूल उद्देश्य परंपरागत माटी शिल्पकारों को आधुनिक तकनीकी साधन उपलब्ध कराकर उनकी उत्पादन क्षमता को सुदृढ़ करना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। सरकार की इस पहल से जिले के शिल्पकारों को स्वरोजगार के अधिक अवसर प्राप्त होंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। सभी लाभुकों ने इस योजना के लिए जिला प्रशासन और उद्योग विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला उद्यमी समन्वयक देवव्रत कुमार ने कहा कि माटीकला योजना न केवल परंपरागत कारीगरों को तकनीकी रूप से सशक्त बना रही है बल्कि उन्हें सम्मानजनक आजीविका का अवसर भी प्रदान कर रही है। विद्युत चाक के वितरण से हमारे शिल्पकार आधुनिक तकनीक से जुड़ेंगे, जिससे उनका परिश्रम कम होगा, उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और बाजार की मांग को बेहतर ढंग से पूरा कर सकेंगे। यह प्रयास जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर जिला उद्यमी समन्वयक देवव्रत कुमार, सभी प्रखंड उद्यमी समन्वयक गौरी शंकर, उदय कुमार, कन्हैया कुमार, मोहिबुर रहमान, रश्मि कुमारी, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, साहिबगंज के प्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में माटी शिल्पकार लाभुक उपस्थित रहे। जिला उद्योग केन्द्र साहिबगंज के इस सराहनीय प्रयास से जिले के पारंपरिक माटीकला व्यवसाय को नई दिशा मिलने की संभावना है।

## विद्यार्थियों से ओरिएंटेशन कार्यक्रम में रूबरू हुए उपायुक्त ने आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए दिया गुरु मंत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : जिले में प्रोजेक्ट परख 2.0 अंतर्गत राज हाई स्कूल एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कक्षा 10 वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन, नियमित अध्ययन और सतत परिश्रम से ही सफलता संभव है। उन्होंने सभी छात्रों को आगामी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने विद्यार्थियों से कहा कि जो विद्यार्थी लगातार विद्यालय नहीं आएंगे, उनका नामांकन निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विशेष कक्षाएं विद्यालय में ही आयोजित की जाएंगी, ताकि छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त लाभ मिल सके। इसके अलावा उपायुक्त ने बाजार समिति में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सभी छात्र-छात्राएँ प्रतिदिन नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित हों। शेष बचे लगभग पांच माह में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारी पूरी लगन से करें। निर्धारित सिलेबस को समय पर पूर्ण करें तथा टेस्ट की तैयारी पर विशेष ध्यान दें। सभी विद्यार्थी शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें और दिए गए होमवर्क को समय पर पूरा करें। कोई भी विद्यार्थी अनावश्यक रूप से अनुपस्थित न रहे। आनेवाले समय में बेहतर परिणाम के लिए अधिक से अधिक पढ़ाई पर फोकस करें। उपायुक्त ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अनुशासन, निरंतर अभ्यास एवं एकाग्रता से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।

## साहेबगंज में कुपोषण मुक्त जागरूकता रथ का शुभारंभ, डीसी ने दिखाई हरी झंडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : समाहरणालय सभागार परिसर, साहेबगंज में कुपोषण मुक्त जागरूकता रथ का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डीसी हेमंत सती, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत तथा आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। इस जागरूकता रथ का मुख्य उद्देश्य जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कुपोषण के विरुद्ध व्यापक जनजागरूकता फैलाना है। रथ के माध्यम से लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छता, टीकाकरण, स्तनपान, पोषण युक्त भोजन तथा बच्चों एवं माताओं की विशेष देखभाल के संबंध में जानकारी दी जाएगी। साथ ही, आंगनबाड़ी सेवाओं और सरकारी योजनाओं का भी प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी जागरूक होकर कुपोषण से मुक्ति पा सकें। डीसी हेमंत सती ने इस अवसर पर कहा कि कुपोषण उन्मूलन जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए प्रशासन, समाज एवं समुदाय का सामूहिक सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह रथ गाँव-गाँव जाकर आमजन से संवाद स्थापित करेगा और कुपोषण के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए पोषण युक्त जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करेगा।

# मॉडल कॉलेज राजमहल में 'मेरा शौचालय - मेरा सम्मान' जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिला के राजमहल प्रखंड में शुक्रवार को मॉडल कॉलेज राजमहल, साहिबगंज में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार सिंह के अध्यक्षता व निर्देशन में 'मेरा शौचालय - मेरा सम्मान' विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं आस-पास के ग्रामीणों को स्वच्छ शौचालय के नियमित उपयोग के प्रति प्रेरित करना और खुले में शौच से होने वाले स्वास्थ्य संकटों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा स्लोगन और नारों के साथ हुई। विद्यार्थियों ने "स्वच्छ शौचालय- स्वस्थ जीवन, गंदगी से बीमारी भागे, स्वच्छता से खुशहाली जागे जैसे प्रभावशाली नारों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने परिसर में बने शौचालयों का निरीक्षण किया और उनकी सफाई व्यवस्था से संतोष व्यक्त किया। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की टोली ने नजदीकी ग्रामीण घरों का दौरा किया। वहां उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छ शौचालय का नियमित प्रयोग करने की अपील की और खुले में शौच से होने वाली बीमारियों जैसे दस्त, डेंगू, हैजा और अन्य संक्रामक रोगों के खतरों से अवगत कराया। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता का संकल्प भी दिलवाया गया। डॉ. रमजान अली ने अपने उद्बोधन में कहा कि शौचालय केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और सम्मान की गारंटी है। हमें समाज में यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी परिवार खुले में शौच करने को विवश न हो। इसी प्रकार डॉ. अभिमन्यु कुमार, डॉ. अमित कुमार, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. सत्यमूर्ति झा एवं डॉ. मो जावेद, अजय सोनी ने भी स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों और ग्रामीणों से स्वच्छता आंदोलन को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने एक साथ मिलकर स्वच्छता बनाए रखने और शौचालय के नियमित प्रयोग का संकल्प लिया। इस आयोजन ने न केवल महाविद्यालय परिवार में बल्कि आसपास के ग्रामीण समाज में भी स्वच्छता के महत्व की नई चेतना जगाई।

## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से गिरकर मोटरसाइकिल चालक युवक की हुई मौत



**साहिबगंज**: जिला के राजमहल-मंगलहाट मुख्य मार्ग पर नवाब डेहरी , मस्जिद के पास बीते गुरूवार की रात्रि मोटरसाइकिल से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अहले सुबह गांव के कुछ लोग सुबह टहल रहे थे,तभी उन लोगों की नजर सड़क किनारे पड़े एक मोटरसाइकिल और उसमें दबे एक व्यक्ति पर नजर पड़ी। तभी देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जमा हो गया। लोगों के द्वारा तुरंत घटना की सूचना राजमहल थाना पुलिस को दिया गया। सूचना मिलते ही थाना के ए एस आई सर्जन मुर्मू दल बल के साथ पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल भेज दिया गया। काफी देर के बाद उक्त युवक की पहचान थाना क्षेत्र के मोकीमपुर पंचायत अंतर्गत शोभापुर निवासी नोंगेन मंडल के पुत्र गोरांगो मंडल (27) के रूप में किया गया और घटना की सूचना परिजनों को दिया गया। परिजनों ने अस्पताल में बताया कि मृतक गोरांग मंडल शहर के नौवगछी अपने बहन के घर गुरुवार को किसी काम से आया हुआ था। वहां से रात के लगभग 2:00 बजे अपने घर शोभापुर जाने के लिए बाइक लेकर निकला था। आसपास के लोगों एवं पुलिस के मुताबिक काफी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल रहने के कारण अनियंत्रित होकर गिरकर गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मृत्यु हो गई है। पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

### वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर, 450 पीस सिमल चिरान पटरा लकड़ी सहित भुटभुटिया वाहन जब्त




**साहिबगंज** : उधवा-राजमहल मुख्य सड़क पर जामनगर के पास वन विभाग की टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई कर छापा मारी करते हुए 450 पीस सिमल चिरान पटरा से लदे भुट-भुटिया वाहन को जब्त किया। वन विभाग को अवैध लकड़ी ढोए जाने की गुप्त सूचना मिली थी। गुप्त सूचना के आधार पर वनरक्षी पप्पू यादव एवं उनकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रोककर तलाशी ली। इस दौरान वन विभाग की टीम को देखते ही वाहन चालक वाहन छोड़ कर मौके से फरार हो गया। जांच के बाद वाहन से भारी मात्रा में सिमल चिरान पटरा बरामद हुआ। वन विभाग के अनुसार अवैध लकड़ी की तस्करी रोकने के लिए लगातार गश्ती एवं छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। मौके से वाहन जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### टाउन हॉल में व्यापारिक संस्था के द्वारा दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की



**साहिबगंज**: शहर के पोखरिया स्थित टाउन हॉल में व्यापारिक संस्था ने शुक्रवार को दिशोम गुरू शिबू सोरेन की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। जिसमें वरिष्ठ झामुमो नेता लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू, झामुमो केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा, बोरियो विधायक धनंजय सोरेन, डीसी हेमंत सती, एसपी अमित कुमार सिंह, सहित दर्जनों लोगों ने श्रद्धांजलि सभा में शिरकत की। इस दौरान दिशोम गुरू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। इस दौरान सभी वक्ताओं ने स्वर्ग शिबू सोरेन के कार्यों, संघर्षों और उनके बलिदान को याद कर उनके बताए गए रास्तों पर चलने की बात कही। मौके पर कार्यक्रम में झामुमो व कांग्रेस के कार्यकर्ता सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### बाइक के चपेट में आने से 10 वर्षीय किशोर गंभीर, चालक घायल



**बरहेट**: प्रखंड में शुक्रवार को देर शाम रांगा थाना क्षेत्र के उर्सा पहाड़ निवासी सुरजा पहाड़िया (40) बरहेट हाट से अपना घर भाया तेगड़ा होकर बाइक से जा रहा था। जहां तेगड़ा गांव के समीप गांव के ही चंदन बेसरा का 10 वर्षीय पुत्र साइमन बेसरा सड़क पार कर रहा था। सड़क पार करने के दौरान बाइक ने टक्कर मार दी जिससे साइमन बेसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना से बाइक सवार भी घायल हो गया है। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर चौधरी चन्द्रशेखर प्रसाद चंद ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। इस घटना में साइमन बेसरा का सर पर गहरा चोट लगने के कारण स्तिथि गंभीर है। डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# मैं बनूंगा, सीएम जनता तय करेगी निर्णय

## CM फेस पर राहुल का सपोर्ट नहीं, कांग्रेस हावी.....





बिहार। पहला: 'बिहार का अगला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दोबारा नहीं होने जा रहे हैं, तेजस्वी यादव होने जा रहा है। दूसरा: हमारे गठबंधन में कोई कन्फ्यूजन नहीं है। और बिहार की मालिक जनता मुख्यमंत्री बनाती है। इस बार बदलाव चाहती है। आप बिहार के किसी भी व्यक्ति से पूछिए, सर्वे कराइए वो किसे देखना चाहते हैं। जवाब मिल जाएगा। दोनों बयान RJD लीडर तेजस्वी यादव के हैं। पहला 13 सितंबर को एक टीवी कार्यक्रम में और दूसरा 16 सितंबर को बिहार अधिकार यात्रा के दौरान दिया गया। दोनों में एक फर्क है। पहले तेजस्वी खुलकर कह रहे थे कि वही बिहार के अगले मुख्यमंत्री होंगे। 16 सितंबर को उन्होंने पहली बार कहा, बिहार की जनता मुख्यमंत्री तय करेग यही बात राहुल गांधी, बिहार में कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और पार्टी के बाकी नेता कहते रहे हैं। तेजस्वी भी इस लाइन पर क्यों चले गए, क्या ये बयान पॉलिटिकल करेक्शन है, दैनिक भास्कर ने इस पर एक्सपर्ट्स और पार्टी नेताओं से बात की। महागठबंधन में शामिल RJD, VIP और भाकपा माले के नेता कह चुके हैं कि तेजस्वी ही उट फेस हैं। इनसे अलग बात राहुल ने कही। वोटर अधिकार यात्रा के दौरान तेजस्वी ने राहुल को प्रधानमंत्री पद के लिए चेहरा बताया, लेकिन 24 अगस्त को अररिया में राहुल से तेजस्वी को उट फेस घोषित करने के बारे में पूछा गया, तो वे गोलमोल जवाब दे गए। राहुल ने कहा, हमारी बहुत अच्छे तरीके से पार्टनरशिप बनी है। सारी पार्टियां एक साथ जुड़कर काम कर रही हैं। कोई टेंशन नहीं है और म्यूचुअल रिस्पेक्ट है। एक-दूसरे की मदद हो रही है, तो मजा भी आ रहा है। आइडियोलॉजिकली और पॉलिटिकली हम अलाइंड हैं। बहुत अच्छा रिजल्ट आएगा। इसके बाद 10 सितंबर को कृष्णा अल्लावरू ने भी कहा कि बिहार का उट बिहार की जनता चुने तो बेहतर है। कांग्रेस की तरफ से क्लियर मैसेज न मिलने के बाद तेजस्वी ने दो काम किए। अपनी ताकत दिखाने के लिए 15 सितंबर को बिहार अधिकार यात्रा पर निकल गए। इससे पहले वे 17 अगस्त से 1 सितंबर तक वोटर अधिकार यात्रा में राहुल के साथ थे। इस पूरी यात्रा में राहुल गांधी ही छाए रहे। एक्सपर्ट मानते हैं कि यात्रा से कांग्रेस को ज्यादा फायदा मिला। राहुल गांधी का कद तेजस्वी के मुकाबले बड़ा हो गया। यही वजह है कि तेजस्वी ने तय किया कि वे बिहार अधिकार यात्रा पर अकेले निकलेंगे। यात्रा में काफी भीड़ भी जुट रही है। तेजस्वी महागठबंधन की पार्टियों को दिखाना चाहते हैं कि बिहार में विपक्ष के सबसे बड़े नेता वही हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, तेजस्वी महागठबंधन कोऑर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन हैं। वे बार-बार खुद को CM फेस बता रहे थे, लेकिन कांग्रेस इस मसले को टाल रही थी। इससे तेजस्वी की इमेज खराब हो रही थी। मैसेज जा रहा था कि तेजस्वी महागठबंधन की एकता के बजाय सिर्फ CM पद के बारे में सोच रहे हैं। महागठबंधन में सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला भी तय नहीं हुआ है। कांग्रेस 70 और भाकपा माले 40 सीटें मांग रही हैं। VIP को 60 सीटों के साथ डिप्टी CM का पद भी चाहिए। इतने सारे पेच के बीच तेजस्वी लगातार बोल रहे थे कि वही बिहार के अगले उट होंगे। पहले इसे उनका कॉन्फिडेंस माना गया। कांग्रेस नेताओं के बयान के बाद ये कॉन्फिडेंस, एरोगेंसी में बदलने लगा। इसलिए तेजस्वी ने तय रणनीति के साथ कहा कि बिहार की जनता मुख्यमंत्री तय करेगी। RJD सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने काफी वक्त तक बिहार कांग्रेस को अपने हिसाब से चलाने की कोशिश की। श्री कृष्ण बाबू की जयंती पर कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में लालू प्रसाद ने तब के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के बारे में मंच से कहा कि मैंने ही सोनिया गांधी से पैरवी करके अखिलेश प्रसाद सिंह को पहली बार राज्यसभा भिजवाया था। भूमिहार कम्युनिटी से आने वाले अखिलेश प्रसाद पर आरोप लगता था कि वे लालू प्रसाद की गुड बुक में शामिल हैं। लालू प्रसाद के बयान ने इसे पक्का कर दिया। राहुल ने मजबूत नेता होने के बावजूद अखिलेश को प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटा दिया। प्रदेश प्रभारी मोहन राकेश को भी हटा दिया। राहुल ने अखिलेश की जगह दलित कम्युनिटी से आने वाले राजेश राम को अध्यक्ष बनाया। मोहन राकेश की जगह अपने करीबी और बिहार से बाहर के नेता कृष्णा अल्लावरू को लाए। 2. नीतीश-तेजस्वी के जाति सर्वे को फर्जी बताया तेजस्वी यादव बिहार में हुए जातिगत सर्वे का क्रेडिट लेते रहे हैं। राहुल गांधी ने इस सर्वे को फर्जी बता दिया। 18 जनवरी, 2025 को पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में राहुल ने कहा, देश की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए जाति जनगणना होनी चाहिए। यह बिहार में की गई फर्जी जाति जनगणना की तरह नहीं होगी।' जाति जनगणना के आधार पर नीति बनाई जानी चाहिए। कांग्रेस जाति जनगणना को लोकसभा और राज्यस-भा में पारित करेगी। हम 50% आरक्षण की बाधा को खत्म कर देंगे। इसके अलावा एक मसला OBC वोट बैंक का भी है। OBC लालू प्रसाद यादव का कोर वोट बैंक रहे हैं। जुलाई 2025 में दिल्ली में कांग्रेस के भागीदारी न्याय सम्मेलन में राहुल ने OBC समुदाय से माफी मांगी और कहा, ह्ममैं 2004 से राजनीति में हूं। पीछे देखता हूं तो पाता हूं कि आदिवासी, दलित, महिलाओं के मुद्दों पर मैंने सही काम किए, लेकिन OBC वर्ग को लेकर मुझसे और कांग्रेस से गलती हुई।' 'OBC की चुनौतियां सतह पर नहीं दिखतीं। इसलिए उन्हें पहले गहराई से समझ नहीं पाए। OBC की समस्याएं पहले समझ में आई होतीं, तो बहुत पहले जातिगत जनगणना करवा देते।'

## 10 लाख का प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त



**पटना।** के मालसलामी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को मारूफ गंज मंडी स्थित सागर ट्रांसपोर्ट से भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया है। जब्त कफ सिरप की अनुमानित कीमत 10 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। इस मामले में ट्रांसपोर्टर से पूछताछ की जा रही है। गुप्त सूचना पर पुलिस ने की छापेमारी थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मारूफगंज मंडी स्थित एक ट्रांसपोर्ट के जरिए लाखों रुपए का प्रतिबंधित कफ सिरप मंगाया गया है, जिसे आगे सप्लाई किया जाना था। सूचना के आधार पर पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई 4800 बोतलें कोडीन कफ सिरप बरामद छापेमारी के दौरान पुलिस ने ट्रांसपोर्ट गोदाम से 4,800 बोतल (100 एमएल) कोडीन कफ सिरप बरामद किया। इसकी कुल अनुमानित कीमत करीब 10 लाख 32 हजार रुपए आंकी गई है। बरामद बोतलों पर हिमाचल प्रदेश निर्मित का लेबल लगा है, जिससे संकेत मिलता है कि पैकिंग हिमाचल प्रदेश में हुई। अनुमान है कि हिमाचल प्रदेश से ही यह खेप पटना भेजी गई है। शराबबंदी के बाद बढ़ी कफ सिरप की तस्करी पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बिहार में शराबबंदी लागू होने के बाद तस्कर नशे के लिए प्रतिबंधित कफ सिरप और नशीली दवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। फिलहाल, यह जांच की जा रही है कि खेप किस व्यक्ति या फर्म के नाम से मंगाई गई थी और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## बाइक-फॉरच्यूनर की टक्कर, एक की मौत

**मधेपुरा।** के ग्वालपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत दुधैला पेट्रोल पंप के समीप शनिवार की शाम बाइक और कार के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान एक युवक ने दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा अब भी जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। मृतक की पहचान ग्वालपाड़ा थाना के रहीटोला निवासी राजीव कुमार के बेटे गौतम कुमार (25) के रूप में की गई है। वहीं, घायल युवक की पहचान घनश्याम साह (26) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक बाइक से ग्वालपाड़ा से अरार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दुधैला पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार फॉरच्यूनर कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गए।

### कांग्रेस सेंट्रल इलेक्शन कमिटी की बैठक

## बिहार प्रदेश चुनाव समिति ने कैंडिडेट की फाइल दिल्ली दरबार भेजी




**पटना।** कांग्रेस के सीनियर लीडर्स की बैठक है। बिहार कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के संभावित कैंडिडेट की फाइल दिल्ली दरबार भेज दी है। अब केंद्रीय चुनाव समिति उम्मीदवारों का नाम फाइनल करके टिकट देगी। गुरुवार को पटना में प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हुई थी, जिसके बाद सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रत्याशी चयन को लेकर हामी भरी। आज केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इस उम्मीदवारों पर विस्तार से चर्चा होगी। सदाकत आश्रम में गुरुवार को चार घंटे तक चली बैठक के दौरान चुनाव समिति के सदस्यों ने प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया पर अपनी-अपनी राय दी थी। इसमें आलाकमान को अधिकृत करने की सलाह दी गई थी। उपस्थित सभी सदस्यों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, चूंकि अभी सीट बंटवारा तय नहीं है, इसीलिए ज्यादातर सदस्यों ने दिल्ली को ही अधिकृत करने की राय रखी थी। महागठबंधन में सीट बंटवारे के बाद कांग्रेस को मिली सीटों पर उम्मीदवार का नाम फाइनल कर घोषित की जाएगी। कल के बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह और पूर्व विधायक दल नेता अजीत शर्मा प्रदेश चुनाव समिति की बैठक के बीच से ही निकल गए थे। इसे लेकर कयासों का बाजार गर्म रहा। बाद में अखिलेश ने कहा कि दिल्ली में कार्यक्रम पहले से तय था, इसकी सूचना दे रखी थी। अजीत ने भी कहा कि क्षेत्र में पहले से तय कार्यक्रम को लेकर उनका भागलपुर जाना जरूरी था। वहीं, पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव का भी बैठक में हिस्सा लेना चर्चा का विषय बना रहा।

## युवक से मोबाइल, नकद और बैग छीना, कट्टे से हमला




**मधेपुरा।** जिले के बिहारीगंज थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े लूट की घटना हुई। अपराधियों ने अपोलो अस्पताल से घर लौट रहे परिया भैरों पट्टी वार्ड नंबर 05 निवासी हिमांशु कुमार को बेलाही बस्ती के पास रोककर उससे मोबाइल, नकदी और बैग छीन लिया। पीड़ित ने गुरुवार को थाने पर जाकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित हिमांशु कुमार ने बताया कि आरोपियों में बभगामा वार्ड नंबर 04 निवासी अरविंद कुमार यादव, अभिनव पासवान और एक अज्ञात युवक शामिल थे। हथियार के बल पर बदमाशों ने उससे दो मोबाइल फोन, पच्चीस हजार रुपए नकद और एक बैग लूट लिया। विरोध करने पर अपराधियों ने देसी कट्टे से उसके सिर पर वार कर उसे घायल भी कर दिया। हिमांशु के अनुसार, वह यह राशि अपने चाचा के श्राद्धकर्म के लिए सामान खरीदने हेतु ले जा रहा था। राहगीरों को आता देख अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद जब पीड़ित आरोपियों के घर शिकायत लेकर पहुंचा, तो उसे गाली-गलौज कर भगा दिया गया। बिहारीगंज थानाध्यक्ष अमित रंजन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़ित का आवेदन प्राप्त हो गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# संजय यादव बवाल पर रोहिणी का डैमेज कंट्रोल

## तेजस्वी के रथ पर फ्रंट सीट पर बैठे नेताओं की फोटो शेयर की



पटना। राष्ट्रीय जनता दल (RJD) की राजनीति में इन दिनों सबसे ज्यादा चर्चा तेजस्वी यादव के करीबी और रणनीतिकार माने जाने वाले सांसद संजय यादव को लेकर है। अब तक उन्हें संगठन में तेजस्वी का ह्यदायां हाथह्न कहा जाता था, लेकिन हालात ऐसे बन रहे हैं कि पार्टी के भीतर ही उनके खिलाफ असंतोष तेजी से पनप रहा है। लालू यादव परिवार में मीसा भारती और तेजप्रताप यादव पहले से उनके खिलाफ मुखर थे। अब इस कतार में तेजस्वी को सपोर्ट करने वाली बहन रोहिणी आचार्य भी खुलकर सामने आ गई हैं। तेजस्वी यादव इन दिनों बिहार अधिकार यात्रा पर निकले हैं। इसके लिए विशेष रूप से एक आधुनिक बस को रथ का रूप दिया गया है। इस बस में सबसे आगे की सीट पर तेजस्वी यादव को बैठने की व्यवस्था की गई है, लेकिन सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हुई जिसमें संजय यादव को तेजस्वी की बस में फ्रंट सीट पर बैठे देखा गया। उसके बाद से विवाद गहरा गया। गुरुवार की सुबह पटना के रहने वाले आलोक कुमार ने फेसबुक पर एक पोस्ट लिखी, जिसमें फ्रंट सीट पर संजय यादव के बैठने पर कड़ी आपत्ति जताई गई। आलोक ने लिखा कि, 'आगे की सीट सदैव सर्वोच्च नेता के लिए निर्धारित होती है और उनकी अनुपस्थिति में भी उस स्थान पर किसी अन्य का बैठना उचित नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए सवाल किया कि यदि कोई स्वयं को शीर्ष नेतृत्व से भी बड़ा समझ रहा है तो यह और भी गंभीर बात है। इस पोस्ट को बिना किसी टिप्पणी के रोहिणी आचार्य ने अपने फेसबुक वॉल पर साझा कर दिया। इसके बाद सियासी गलियारे में चर्चा तेज हो गई। बवाल के बाद रोहिणी ने किया डैमेज कंट्रोल अपने इस फेसबुक पोस्ट के बाद शाम को रोहिणी ने फिर पर पोस्ट कर डैमेज कंट्रोल की कोशिश की है। तेजस्वी की गाड़ी की फ्रंट सीट पर 2 नेताओं की फोटो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- वंचितों और समाज के आखिरी पायदान पर खड़े वर्ग को आगे लाना ही राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय लालू यादव जी के सामजिक- आर्थिक न्याय के अभियान का मूल मकसद रहा है। इन तस्वीरों में समाज के इन्हीं तबके से आने वालों को आगे बैठे देखना सुखद अनुभूति है। तेज प्रताप यादव कई बार सार्वजनिक मंचों पर यह कहते रहे हैं कि पार्टी और परिवार के भीतर जयचंद मौजूद हैं। राजनीतिक जानकारों के अनुसार उनका इशारा सीधे संजय यादव की ओर होता है। पार्टी और परिवार से निकाले जाने के बाद भी तेजप्रताप इशारों में तेजस्वी के खास पर निशाना साधे थे। हरियाणा के रहने वाले हैं संजय यादव हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के नांगल सिरोही गांव के रहने वाले संजय यादव पेशे से राजनेता और वर्तमान में राज्यसभा सदस्य हैं, लेकिन उनकी पहचान सिर्फ सांसद तक सीमित नहीं है। पार्टी के तमाम नेता मानते हैं कि संगठन के भीतर छोटे-बड़े फैसले उन्हीं की सलाह से तय होते हैं। संजय और तेजस्वी की दोस्ती की शुरूआत क्रिकेट के मैदान से हुई थी। जब लालू प्रसाद यादव जेल गए तो तेजस्वी को पटना में सक्रिय राजनीति में लाने की जिम्मेदारी परिवार ने दी। उसी समय संजय यादव को भी बुलाया गया और यहीं से उनकी भूमिका लगातार बढ़ती गई। पटना आने के बाद संजय यादव ने आरजेडी की छवि को बदलने का प्रयास किया। उनकी रणनीति यह रही कि पार्टी का चेहरा लालू प्रसाद से हटकर सीधे तेजस्वी यादव पर केंद्रित हो। राजनीतिक विशेषज्ञ मानते हैं कि आज तेजस्वी को युवा और आधुनिक नेता के रूप में प्रोजेक्ट करने में संजय यादव की भूमिका अहम मानी जाती है।

### संक्षिप्त डायरी

## '20 साल पुरानी खटारा सरकार को बदलना जरूरी



**पटना।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव गुरुवार की रात करीब 10 बजे मधेपुरा पहुंचे। जहां कॉलेज चौक पर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उनकी बिहार अधिकार यात्रा भ्रष्टाचार और अपराधमुक्त बिहार बनाने तथा पढ़ाई, दवाई, कमाई और सिंचाई जैसे मूलभूत अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए निकाली गई है। तेजस्वी यादव ने भाजपा और वर्तमान सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बिहार को उसका हक नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी जी कहते हैं हमें वोट दो, लेकिन सबकुछ गुजरात में देते हैं। फैक्ट्री चाहिए तो गुजरात में और वोट चाहिए तो बिहार में। अब ऐसा नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि 20 साल पुरानी खटारा सरकार को हटाना होगा, तभी बिहार विकास के पथ पर आगे बढ़ सकेगा। उन्होंने जनता से अपील की कि एकजुट होकर बदलाव की लड़ाई लड़ी जाए ताकि बेरोजगारी, गरीबी और महंगाई से मुक्ति मिल सके। तेजस्वी यादव ने युवाओं को रोजगार देने का वादा करते हुए कहा कि सरकार बनने पर जिसके पास भी डिग्री होगी, उसके हाथ में नौकरी और रोजगार दिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सामाजिक न्याय के साथ-साथ आर्थिक न्याय भी किया जाएगा और सभी वर्गों को साथ लेकर नया बिहार बनाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने हाथ उठाकर लोगों से समर्थन की अपील की और कहा कि यह लड़ाई बिहार को उसके अधिकार दिलाने की है। मधेपुरा आने से पहले तेजस्वी यादव की यात्रा बैजनाथपुर, घैलाढ़, गम्हरिया और सिंहेश्वर से होते हुए पहुंची। जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया गया। घैलाढ और गम्हरिया में जेसीबी से फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। तेजस्वी यादव के भाषण के दौरान कॉलेज चौक जनसमूह से खचाखच भरा रहा। लोगों ने नारे लगाकर उनका स्वागत किया और यात्रा में शामिल हुए। बस में उनके साथ सदर विधायक प्रो. चंद्रशेखर, सिंहेश्वर विधायक चंद्रहास चौपाल, जिलाध्यक्ष जयकांत यादव, पूर्व मंत्री रेणु कुशवाहा, प्रो. कुमार चंद्रदीप, शांतनु बुंदेला और इंजीनियर नवीन निषाद मौजूद रहे।

## रेलवे ट्रैक किनारे मिला अज्ञात युवक का शव



**मधेपुरा।** के भराहीं थाना क्षेत्र के नया नगर में गुरुवार सुबह रेलवे लाइन के पास एक अज्ञात युवक का शव बरामद होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की उम्र करीब 23 साल बताई जा रही है। ग्रामीणों ने सबसे पहले युवक का शव ट्रैक के पास देखा। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी भराहीं थाने को दी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष राजीव कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शरीर पर चोट के निशान, सिर फटा जांच के दौरान युवक के शरीर पर कई जगह जख्म मिले। सिर में गंभीर चोट के निशान थे। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक ट्रेन से गिरने के कारण हादसे का शिकार हुआ। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि युवक की तस्वीर और विवरण आसपास के थानों में भेजा गया है, ताकि परिजनों तक खबर पहुंच सके। ग्रामीणों का कहना है कि युवक स्थानीय नहीं लगता। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा कारण शव को कब्जे में लेकर मधेपुरा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का पता चलेगा। सुरक्षा को लेकर उठे सवाल इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। रेलवे ट्रैक के पास लोगों की आवाजाही आम बात है, ऐसे में सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। पुलिस ने अपील की है कि यदि कोई युवक की पहचान बताने में मदद कर सकता है, तो भराहीं थाना से तुरंत संपर्क करे।

## मातृभाषाओं के साथ समन्वय आवश्यक



**पटना।** कार्यक्रम में मौजूद प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं। मधेपुरा टीपी कॉलेज के हिंदी विभाग की ओर से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हिंदी के सेवानिवत्त प्राध्यापक डॉ. सीताराम शर्मा ने राजभाषा हिंदी के महत्व और विशेषताओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न मातृभाषाओं के बीच राजभाषा बनने की अधिकारी हिंदी ही थी। इसको लेकर सभी मातृभाषियों की सहमति होनी चाहिए। प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने अपने वक्तव्य में हिंदी को सहज सार्वजनिक भाषा के रूप में रेखांकित किया। कॉलेज के अर्थपाल डॉ. रत्नदीप ने हिंदी के महत्व पर बात करने के अतिरिक्त अपने पिता पूर्व सांसद और हिंदी के प्राध्यापक रहे डॉ. रमेंद्र कुमार रवि और तत्कालीन हिंदी विद्वान सहकर्मियों पर संस्मरण सुनाए। विभागाध्यक्ष डॉ. वीणा कुमारी ने औपचारिक स्वागत के साथ ही हिंदी के राजभाषा की हैसियत पर विस्तार से चर्चा की।हिंदी विभाग की संकाय सदस्य अनामिका ने हिंदी के संवैधानिक दर्जे के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए अष्टम अनुसूची की भाषाओं के महत्व को भी रेखांकित किया। इतिहास विभाग के डॉ. संजय कुमार ने अंग्रेजी वर्चस्व की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया। अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक डॉ. मिंटू कुमार मेनन ने अपने वक्तव्य में हिंदी की खूबियों को पर बात की। अंत में धन्यवाद ज्ञापन हिंदी के सहायक प्राध्यापक डॉ. कुमार सौरभ ने किया। इस अवसर पर 12 सितंबर को आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं और सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। स्नातक स्तर पर इतिहास के सुमंत कुमार को प्रथम, हिंदी की सोनी प्रिया को द्वितीय और बॉटनी की पूजा कुमारी एवं दर्शनशास्त्र की चांदनी कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में उर्दू विभाग की डॉ. यास्मीन रसीदी, इतिहास की डॉ. प्रीति कुमारी, बॉटनी की डॉ. मीनू सोढ़ी, अंग्रेजी की डॉ. भारती कुमारी आदि मौजूद थे।

# ट्रेंड्स नहीं, क्रिएटिविटी के लिए काम करना मेरा मकसद



**अभिनेत्री और गायिका सबा आजाद इन दिनों अपनी नई सीरीज सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने हाल ही में अपने करियर के बारे में बात की। साथ ही बताया कि कैसे उन्होंने खुद को इंडस्ट्री में टाइपकास्ट होने से बचाए रखा।**

सबा एक प्रोफेशनल वॉयस ओवर आर्टिस्ट और सिंगर भी हैं। उन्होंने रॉकेट बॉयज, बंदर, मुझसे दोस्ती करोगे जैसी कई फिल्मों और सीरीज में बेहतरीन काम किया है। सबा से जब पूछा गया कि अपने करियर में उन्होंने अलग-अलग किरदार निभाए हैं, यह किसी प्लानिंग का हिस्सा है या फिर अपने आप उन तक ऐसे किरदार पहुंचे। इसका जवाब देते हुए सबा ने आईएएनएस से कहा, मैं हमेशा ऐसे प्रोजेक्ट्स चुनने की कोशिश करती हूं, जो मुझे रोमांचित करें। शुक्र है कि हर प्रोजेक्ट एक-दूसरे से अलग रहा है, जिससे मुझे हर काम में खुद को पूरी तरह झोंकने और कुछ नया सीखने का अवसर मिलता है।

फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर कलाकारों को एक ही तरह के किरदार ऑफर होते हैं या उन्हें वैसे रोल्स तक सीमित कर दिया जाता है। इससे वो कैसे बचीं? इस पर अभिनेत्री ने कहा, मैं ट्रेंड्स का पीछा नहीं करती, बल्कि सृजन की खुशी ही मेरे काम की सबसे बड़ी वजह है। क्रिएटिविटी के लिए ही मैं काम करना पसंद करती हूं। सबा आजाद इन दिनों बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन के साथ रिलेशनशिप में हैं। कुछ समय पहले लोगों ने उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया था और कहा था कि ऋतिक की गर्लफ्रेंड हो, तुम्हें काम करने की क्या जरूरत? उन्होंने ट्रोल्स को करारा जवाब देकर उनकी बोलती बंद कर दी थी।

सबा आजाद ने 2008 में डायरेक्टर अनिल सीनियर की फिल्म 'दिल कबड्डी' से बॉलीवुड में कदम रखा था। सबा आजाद बहुत जल्द फिल्म 'बंदर' में दिखाई देंगी। इसे टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (टीआईएफएफ) के 50वें संस्करण में प्रीमियर किया गया था। इसकी कहानी बलात्कार के आरोपी एक सुपरस्टार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कानूनी व्यवस्था में व्याप्त अन्याय को उजागर करती है। इसे निखिल द्विवेदी और अनुराग कश्यप ने डायरेक्ट किया है। इसमें बॉबी देओल, सान्या मल्होत्रा और सपना पब्बी जैसे सितारे भी हैं।



## 'बिग बॉस-19' से बाहर होने के बाद नगमा मिराजकर ने भावुक पोस्ट

कंटेस्टेंट नगमा मिराजकर 'बिग बॉस-19' के घर से बाहर हो गई हैं। इससे बाहर होने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट लिखा है। पोस्ट में नगमा ने बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह इतनी जल्दी बाहर हो जाएंगी। नगमा मिराजकर ने इंस्टाग्राम पर वीकेंड का वार के एपिसोड का एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, के दिल अभी भरा नहीं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतनी जल्दी बाहर हो जाऊंगी। अगर मैंने अपने फैंस को निराश किया है तो मैं उनसे माफी चाहती हूं। बिग बॉस हाउस में मेरा स्वास्थ्य थोड़ा सही नहीं था, लेकिन फिर भी मैंने अपने बारे में बहुत कुछ सीखा। ये ऐसे सबक हैं जो मैं हमेशा अपने साथ रखूंगी। इस सफर का हिस्सा बनना मेरे जीवन के सबसे बड़े अवसरों में से एक था और इसके लिए मैं बेहद आभारी हूं।

कंटेस्टेंट ने कहा कि शो में बनी हर याद उनके दिल के करीब रहेगी। उन्होंने लिखा, बिग बॉस के घर की हर हंसी, हर आंसू, हर खामोशी और अंदर की हर याद हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। मुझे उस घर में रहने का एहसास बहुत याद आएगा। हालांकि मेरा सफर जल्दी खत्म हो गया, लेकिन मेरा दिल अभी भी उस घर के अंदर उन लोगों के साथ है जिन्हें मैं प्यार और सम्मान करती हूं। नगमा ने कहा कि वह अपने लवर आवेज दरबार को बाहर से सपोर्ट करती रहेंगी। फिलहाल वे शो में एक अच्छे कंटेस्टेंट के रूप में नजर आ रहे हैं। नगमा ने उनके बारे में लिखा, मैं अपने प्यार, आवेज का समर्थन करूंगी और मैं उसे वहां चमकते हुए देखने के लिए बेताब हूं। घर में मौजूद मेरे कुछ दोस्तों का धन्यवाद जिन्होंने इस सफर को मेरे लिए खास बनाया! इस पोस्ट के अंत में उन्होंने लिखा कि यह अंत नहीं है, यह उनके जीवन का एक और अध्याय है जिसे वे हमेशा संजोकर रखेंगी। बता दें कि बहुत जल्द आवेज और नगमा शादी करने वाले हैं। बिग बॉस के घर से बाहर निकलने के बाद नगमा अपनी शादी की तैयारियों में जुट गई हैं।





## हम दोस्त नहीं हैं...

**जल्द ही ट्विंकल खन्ना और काजोल एक चैट शो 'टू मच' में बतौर होस्ट साथ नजर आएंगी। इस शो के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में दोनों मौजूद थीं। इनके बीच अच्छी बान्डिंग नजर आई, इसके बावजूद ट्विंकल ने काजोल को अपनी दोस्त मनाने से इंकार कर दिया।**

### एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं

इवेंट में ट्विंकल ने कहा, 'मैं शो में काजोल को बहन कहती हूं। हम दोस्त नहीं हैं बल्कि बहनें हैं। हम एक-दूसरे का मजाक उड़ाते हैं, एक-दूसरे को परेशान करते हैं। लेकिन हमको एक-दूसरे पर भरोसा है। हम एक-दूसरे को सपोर्ट करते हैं। यह हमारी बॉन्डिंग का राज है।' काजोल भी ट्विंकल की बात पर हामी भरती हैं।

### कब से आएगा काजोल और ट्विंकल का शो

काजोल और ट्विंकल खन्ना का यह नया टॉक शो 'टू मच' 25 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाला है। इस शो के हालिया रिलीज ट्रेलर में कई बॉलीवुड सेलेब्स नजर आए, जो मेहमान बनकर आएंगे। शो के ट्रेलर में आमिर, सलमान खान, गोविंदा, चंकी पांडी, वरुण धवन, आलिया भट्ट, विक्की कौशल, कृति सेनन, करण जौहर और जान्हवी कपूर नजर आए।




## बिग बॉस के ऑफर को तनुश्री दत्ता ने हर बार ठुकराया



अभिनेत्री तनुश्री दत्ता ने हाल ही में बिग बॉस को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि उन्हें पिछले 11 वर्षों से बिग बॉस में भाग लेने की पेशकश की जा रही है। हालांकि उन्होंने इसमें हिस्सा लेने से लगातार इनकार किया है। शो में हिस्सा लेने के लिए उन्हें 1.65 करोड़ रुपये की पेशकश की गई। उन्होंने कहा कि निर्माता चाहे उन्हें चांद भी ऑफर करें तो भी वह रियलिटी शो का हिस्सा नहीं बनेंगी।

### परिवार के साथ नहीं रहतीं त

बॉलीवुड ठिकाना से बातचीत में तनुश्री ने बताया कि उनके लगातार मना करने के बावजूद, मेकर्स हर साल उन्हें शो में हिस्सा लेने के लिए कहते हैं। वह उन्हें समझाती हैं कि वह ऐसी जगह कभी नहीं रह सकतीं। उन्होंने आगे कहा कि वह अपने परिवार के साथ भी नहीं रहतीं, योंकि हर किसी को अपनी जगह चाहिए होती है।

### ज्यादा पैसों की पेशकश की गई

तनुश्री दाा ने कहा उन्होंने मुझे शो में भाग लेने के लिए 1.65 करोड़ रुपये की पेशकश की। उन्होंने एक दूसरी बॉलीवुड अभिनेत्री को भी इतनी ही राशि दी थी, वह भी मेरे स्तर की अभिनेत्री थीं। बिग बॉस से जुड़े एक व्यक्ति ने मुझसे कहा कि वह ज्यादा पैसे की पेशकश कर सकते हैं, लेकिन मैंने इनकार कर दिया। अभिनेत्री ने कहा कि बिग बॉस में पुरुष और महिलाएं एक ही बिस्तर पर सोते हैं और एक ही जगह पर लड़ते हैं। इस तरह की चीजें वह कभी नहीं कर सकतीं।

### खान-पान को लेकर सजग हैं अभिनेत्री

दाा ने कहा मैं अपने खान-पान को लेकर भी बहुत सजग हूं। वह कैसे सोच सकते हैं कि मैं ऐसी लड़की हूं जो एक रियलिटी शो के लिए एक लड़के के साथ एक ही बिस्तर पर सोएगी? मैं इतनी सस्ती नहीं हूं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे मुझे कितने करोड़ देते हैं।

### तनुश्री दत्ता का काम

तनुश्री दत्ता ने 2005 में इमरान हाशमी और सोनू सूद के साथ फिल्म आशिक बनाया आपने से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद, उन्होंने ढोल, भागम भाग, 36 चाइना टाउन और गुड बॉय, बैड बॉय जैसी कई फिल्मों में अभिनय किया।



## एआई के प्रयोग पर वरुण-जान्हवी ने जताई चिंता

**इन दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जहां लोगों का काम आसान कर रहा है, वहीं कई लोग इसके गलत इस्तेमाल से चिंता में हैं। हाल ही में बॉलीवुड के कलाकार वरुण धवन और जान्हवी कपूर ने बढ़ते एआई के चलन पर चिंता जाहिर की है। दोनों ने बताया है कि एआई को लेकर क्या सावधानी बरतने की जरूरत है।**

### एआई पर वरुण ने रखी राय

वरुण धवन और जान्हवी कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पहुंचे थे। उन्होंने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एआई के गलत इस्तेमाल पर अपनी राय रखी। वरुण धवन ने कहा तकनीक का इस्तेमाल बहुत ही जिम्मेदारी का काम है। कलाकारों के हक को सुरक्षित रखने के लिए नियम कानून बनाने की जरूरत है। उन्होंने एआई के इस्तेमाल पर कहा हम ऐसे वक्त में पहुंच जाएंगे, जहां कलाकारों की जरूरत नहीं पड़ेगी हम उन्हें खुद बनाएंगे।

### जान्हवी कपूर ने जाहिर की चिंता

इसी तरह से जान्हवी कपूर ने एआई के इस्तेमाल पर अपनी राय रखते हुए कहा यह सिर्फ कलाकारों के लिए खतरे की बात नहीं है, बल्कि टेक्नीशियनों के लिए भी है। मैं पिछले कई महीनों से देख रही हूं कि कैसे एआई की मदद से चीजें की जा रही हैं। पहले किरदार का लुक तय करने में वक्त लगता था। अब वह तुरंत दिखा देते हैं कि किरदार कैसा होगा और उसकी कहानी कैसी होगी। इससे जरूर पैसों की बचत होगी लेकिन मुझे लगता है कि एक रचनात्मक इंसान के पास जो कुछ है उसे संरक्षित करने की जरूरत है।

### रिलीज हुआ फिल्म का ट्रेलर

इस बीच, वरुण धवन और जान्हवी कपूर की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। दो मिनट चौवन सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत अभिनेता वरुण धवन द्वारा सान्या मल्होत्रा को प्रपोज करने से होती है, जिसे सान्या ठुकरा देती हैं। इसके बाद वरुण धवन, जान्हवी कपूर के साथ मिलकर उन्हें वापस पाने की योजना बनाते हैं। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# सेलेब्स ने पैसे देकर खरीदे फॉलोवर्स



**अमीषा पटेल ने बॉलीवुड इंडस्ट्री के बारे में बताया कि कई लोग ऐसे हैं, जो उन्हें पसंद नहीं करते क्योंकि वह उनकी चापलूसी नहीं करती हैं। साथ ही शराब और सिगरेट नहीं पीती हैं। उन्होंने बताया कि कई सेलेब्स के सोशल मीडिया पर फॉलोवर्स पैसे देकर खरीदे गए हैं।**

अमीषा पटेल का इनसाइडर्स पर गुस्सा फूटा। एक्ट्रेस अमीषा पटेल बेबाकी से अपनी बात रखती हैं। वह जिस फिल्म में काम करती हैं, उसके भी डायरेक्टर-प्रोड्यूसर की गलती बताने में पीछे नहीं हटतीं। उन्होंने एक इंटरव्यू में बॉलीवुड इंडस्ट्री के बारे में अपनी राय रखी हैं। कहो ना... प्यार है की सफलता के बावजूद, उन्हें उस तरह का फेम नहीं मिला, जिसकी वह हकदार रहीं। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में कई ऐसे लोग हैं, जो उन्हें पसंद नहीं करते हैं।

एक्ट्रेस ने आगे बताया कि 90 फीसदी सेलिब्रिटीज के सोशल मीडिया फॉलोवर्स खरीदे हुए होते हैं। एजेंसियां लोगों से कॉन्टैक्ट करती है और एक मोटा पैसा मांगती है। साथ ही उसके बदले वह उन्हें लाखों फॉलोवर्स देने का वादा करती है।

हम सभी से उस एजेंसी ने कॉन्टैक्ट किया है। कई सेलिब्रिटी सोशल मीडिया अकाउंट्स के फॉलोवर्स का एक बड़ा हिस्सा पेड है। ये रियल फॉलोवर्स नहीं हैं। मुझसे कई बार पैसे मांगे गए लेकिन हमेशा मैंने मना किया। मुझे अपने असली फैंस पसंद हैं। मैं नहीं चाहती कि लोग मुझे इसलिए फॉलो करें क्योंकि मैंने इसके लिए पैसे दिए हैं। अमीषा पटेल ने बातचीत में कहा, दर्शकों का प्यार मैटर करता है। चाहे आप किसी भी कैंप का हिस्सा हों। हां क्योंकि मैं किसी खास सर्कल में फिट नहीं बैठती और न शराब पीती और न स्मोक करती हूं और न ही काम के लिए चापलूसी करती हूं, जो भी कमाया है वो अपनी काबिलियत के आधार पर ही हासिल किया है। इसके कारण कुछ लोग मुझे पसंद नहीं करते हैं। मैं किसी के आगे पीछे नहीं घूमती।

### अमीषा का अकाउंट है रियल

एक्ट्रेस ने बताया, मेरा इंस्टा और ट्विटर अकाउंट रियल है। मैं कभी कोई फोटोशूट नहीं पोस्ट करती। अपनी फोटो जैसी होती है, वैसी ही अपलोड करी हूं। मेरी तस्वीरों में परफेक्ट कंपोजिशन, कैप्शन और फॉन्ट सही नहीं होता। मैं चाहती हूं कि मैं जैसी हूं, वैसी ही दिखूं।

### खुद को बताया आउटसाइडर

अमीषा पटेल ने आगे कहा कि खुद को आउटसाइडर कहा और बताया कि उनके लिए कितना चैलेंजिंग रहा, आपके लिए इंडस्ट्री में तब और मुश्किल होती है, जब यहां से आपका कोई बॉयफ्रेंड या फिर पति न हो। बिना खुद को पावर कपल के रूप में पेश करने पर भी मुश्किल हो जाता है। दूसरों से कम सपोर्ट मिलता है। उनके पास भी आपको सपोर्ट करने के लिए कोई खास वजह नहीं है क्योंकि आप एक आउटसाइडर हैं।

# हरमनप्रीत की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली बार एकदिवसीय सीरीज जीतने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना की शानदार पारी से दूसरे मैच में रिकॉर्ड जीत हासिल की थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। ऐसे में वह इस माह के अंत में होने वाले विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली एकदिवसीय सीरीज जीतना चाहेगी। भारतीय महिला टीम अभी तक एक बार भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय एकदिवसीय सीरीज नहीं जीती है।

पहले मैच में करारी हार के बाद भारतीय महिला टीम ने अच्छी वापसी करते हुए दूसरे मैच में 102 रन से जीत हासिल की थी। ये भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे बड़ी जीत थी।

भारतीय टीम ने इस सीरीज में कई कैच भी छोड़े हैं और उसे इस कमजोर को दूर करना होगा। भारतीय टीम को जीत के लिए प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। दूसरे मैच में हालांकि गेंदबाजों ने अच्छा दबाव बनाया जो सकारात्मक संकेत है। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाली तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर और तेज गेंदबाजी ने उनकी जोड़ीदार क्रांति गौड़ ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। वहीं स्पिनरों ने भी बीच के ओवरों में रनों पर अंकुश लगाये रखा।

तीसरे तेज गेंदबाज के तौर पर अरुंधति रेड्डी को शामिल करना भी फायदेमंद रहा है। भारतीय टीम के एक बार फिर अलग संयोजन के साथ उतरने की उम्मीद है। कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, ''इस सीरीज में हम हर किसी को मौका देना चाहते हैं। हम कुछ नए संयोजन आजमाने सकते हैं।''

बल्लेबाजी में अब तक इस सीरीज भारत का प्रदर्शन दोनों मैच में अच्छा रहा। विशेषकर सलामी बल्लेबाज़ स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल ने दोनों मैचों में टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई हालांकि मध्यक्रम के बल्लेबाज बड़ी साझेदारी निभाने में विफल रहे हैं। मंधाना ने पिछले मैच में शतक जमाया था और टीम को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। अब हरमनप्रीत, हरलीन देओल और ऋचा घोष जैसी खिलाड़ियों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। वहीं दूसरी ओर मेहमान ऑस्ट्रेलियाई टीम वापसी के लिए कोई कसर नहीं रखेगी। कप्तान एलिसा हीली ने माना है कि दूसरे एकदिवसीय में उनकी टीम खेल के हर विभाग में विफल रही। दूसरे मैच में करारी हार से भी वह उबरना चाहेगी। वह विश्व कप से पहले जीत हासिल कर लय में आना चाहेगी।



### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), उमा छेत्री, हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, तेजल हसब्निस, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, श्री चरणी, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया:** एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), ताहलिया मैकग्राथ, डार्सी ब्राउन, निकोल फाल्टम, एशले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, चार्ली नॉट, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शूट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

# उम्मीद नहीं थी कि सत्र का अंत ऐसा होगा: विश्व चैंपियनशिप में खिताब का बचाव ना कर पाने पर बोले नीरज चोपड़ा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को कहा कि विश्व चैंपियनशिप में आठवें स्थान पर रहना उनके लिए सत्र के अंत की उम्मीद के अनुरूप नहीं था लेकिन वह ब्रेक के बाद दमदार वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पिछली बार के चैंपियन चोपड़ा गुरुवार को तोक्यो में 84.03 मीटर ही भाला फेंक सके और पांचवें दौर के बाद बाहर हो गए। इस दौरान वह पीठ दर्द से परेशान रहे। उन्होंने बाद में खुलासा किया कि पीठ की समस्या इस महीने की शुरुआत से ही उन्हें परेशान कर रही थी, लेकिन वह इसे अपने खराब प्रदर्शन का कारण नहीं बताना चाहते थे।

उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण कर रहे सचिन यादव की सराहना की, जिन्होंने 86.27 मीटर की शानदार थ्रो के साथ उनसे बेहतर प्रदर्शन किया और चौथे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने एक्स पर लिखा, 'मैंने तोक्यो में विश्व चैंपियनशिप के साथ सत्र का इस तरह से अंत करने की उम्मीद नहीं की थी। मैं सभी चुनौतियों के बावजूद भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता था, लेकिन वह मेरा दिन नहीं था।'

उन्होंने कहा, 'मैं सचिन के लिए बहुत खुश हूं, जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह लगभग पदक जीत ही गए थे।% स्वर्ण पदक त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वाल्कोट (88.16 मीटर) को मिला। उनके बाद ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (87.38 मीटर) और अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन (86.67 मीटर) का स्थान रहा। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्षीय चोपड़ा ने अधिक मजबूती हासिल करके दमदार वापसी करने का वादा किया। उन्होंने कहा, 'आप सभी के समर्थन के लिए आभारी हूं। इससे मुझे दमदार वापसी करने की प्रेरणा मिलती है।'

# न्यूजीलैंड ने जैमीसन और सियर्स को शामिल किया



**वेलिंगटन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले माह की शुरुआत में होने वाली तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए काइल जैमीसन और बेन सियर्स को टीम में शामिल किया है। इससे पहले ये दोनो ही जिम्बाब्वे में त्रिकोणीय सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम में शामिल नहीं थे। जैमीसन निजी कारणों से वहीं सियर्स फिट नहीं होने के कारण टीम से बाहर थे। इस सीरीज में नियमित कप्तान मिशेल सेंटनर की जगह पर माइकल ब्रेसवेल कप्तानी करेंगे। ब्रेसवेल ने कहा, चैपल-हैडली सीरीज गर्मियों की शुरुआत करने का एक अच्छा तरीका है। मैं ये सीरीज देखते हुए बड़ा हुआ हूं और न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली प्रतिद्वंद्विता बेहद रोमांचक रहती है।

उन्होंने साथ ही कहा, 2016 से ये ट्रॉफी हमारे पास नहीं है। अब हम इसे बदलना चाहते हैं। घरेलू धरती पर इसके लिए खेलने का अच्छा अवसर है। यह विश्वास करना कठिन है कि ईडन पार्क में खेले गए पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच को 20 साल हो गए हैं। यह देखना हैरानी की बात है कि यह प्रारूप कितना आगे बढ़ गया है और मुझे पता है कि दोनों टीमें बे ओवल में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार रहेंगी।

**न्यूजीलैंड टीम-** माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, मैट हेनरी, बेवोन जैकब्स, काइल जैमीसन, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट और ईश सोढ़ी।

# द्रविड़ बन सकते हैं इन तीन में से किसी एक टीम के कोच

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तीन-तीन फ्रेंचाइजियां राहुल द्रविड़ को नये सत्र के लिए अपना कोच बनाना चाहती हैं। द्रविड़ पिछले सत्र में राजस्थान रॉयल्स के कोच थे पर उन्होंने सत्र समाप्त होने के बाद पद छोड़ दिया था। तभी से वह नई भूमिका की तलाश में हैं। द्रविड़ के रहते रॉयल्स का सफर आईपीएल 2025 में अच्छा नहीं रहा पर इसके बाद भी उनका प्रभाव कम नहीं हुआ है। द्रविड़ के कोच रहते ही भारतीय टीम ने टी20 विश्वपक जीता था। ऐसे में कई फ्रेंचाइजी उन्हें अपने साथ लाना चाहती है। इसमें कोलकाता नाइटराइडर्स से लेकर लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स जैसी टीमें हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स ~ लखनऊ सुपर जायंट्स भी नये कोच की तलाश में है क्योंकि उसने जस्टिन लैंगर को कोच बनाया था पर वह सफल नहीं रहे। इसके बाद उसने जहीर खान को टीम का मेंटॉर बनाया पर टीम की किस्मत नहीं बदली। ऐसे में अब लखनऊ फ्रेंचाइजी भी द्रविड़ को कोच बना सकती है।



**कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर):** केकेआर के पास अभी कोई मुख्य कोच नहीं है। गौतम गंभीर के कोच पद छोड़ने के बाद टीम ने चंद्रकांत पंडित को जिम्मेदारी दी पर वह साल 2025 में खिताब का बचाव नहीं कर पाये। कईखिलाड़ी भी उनसे नाराज थे इसलिए उन्हें पद से हटा दिया गया। ऐसे में अब कोलकाता की टीम मुख्य कोच की तलाश में है और इसके लिए वह द्रविड़ को शामिल करना चाहती है।

**दिल्ली कैपिटल्स :** द्रविड़ पहले भी इस टीम के साथ रहे हैं। वह साल 2016 सीजन में उनके मेंटॉर भी रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हेमंग बदानी ज्यादा अनुभवी नहीं हैं । ऐसे में नये सत्र के लिए कैपिटल्स द्रविड़ को अपने साथ जोड़ सकती है।

# श्रीलंकाई स्पिनर पिता की मौत के कारण एशिया कप छोड़कर स्वदेश लौटा

**डेब्यू अच्छा नहीं रहा, पांच छक्के लगने के साथ ही पिता के निधन से दुखों का पहाड़ टूटा**

दुबई (ईएमएस) । श्रीलंकाई टीम के युवा स्पिनर दुनिथ वेलालागे के लिए एशिया कप का डेब्यू मैच अच्छा नहीं रहा ।उनकी गेंदों पर पांच छक्के लगे और इससे भी दुखद ये रहा कि उनके पिता की दिल का दौरा पड़ने के कारण मौत हो गयी। इस मैच में हालांकि श्रीलंकाई टीम ने अफगानिस्तान को आसानी से हरा दिया। अपना पहला ही मैच खेल रहे इस खिलाड़ी को टीम मैनेजर ने पिता के निधन के बारे में बताया। ये 22 साल के इस स्पिनर के लिए दिल टूटने वाली खबर थी। इसके बाद वह तत्काल स्वदेश लौट गये। कप्तान चरिथ असलंका ने उन्हें अंतिम ओवर के लिए बुलाया था। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी ने इस ओवर का पूरा लाभ उठाया नबी ने पहली तीन गेंदों मे लगातार छक्के लगाये। इसके बाद एक नो बॉल हुई और फिर उन्होंने लगातार दो छक्के लगाये। वेलालागे के ओवर में कुल 32 रन बने। वेलालागे 5 छक्के के कारण निराश थे और ऐसे में पिता की मौत की खबर से वह पूरी तरह से टूट गये।



# जुरेल के शतक से भारत ए ने बनाये चार विकेट पर 403 रन

लखनऊ विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल के शतक 113 रनों की सहायता से भारत ए ने यहां ऑस्ट्रेलिया ए के ??खिलाफ जारी अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 403 रन बनाये ।जुरेल ने 132 गेंदों में 10 चौके और 4 छक्के लगाकर 113 रन बनाये ।जुरेल के अलावा बल्लेबाज एन जगदीशन ने 64, बी साई सुदर्शन ने 73 और देवदत्त पडिक्कल ने नाबाद 86 रन बनाये ।इससे पहले सैम कोंस्टास के 109 रनों और जोश फिलिप के नाबाद 123 रनों की सहायता से ऑस्ट्रेलिया ए टीम ने अपनी पहली पारी में 6 विकेट पर 532 रन बनाये थे ।इस प्रकार भारत ए की टीम अभी भी पहली पारी के आधार पर 129 रनों से पीछे हैं ।आज सुबह भारत ए ने एक विकेट पर 116 रन से आगे खेलने के साथ शुरू किया। जगदीशन और सुदर्शन की जोड़ी अधिक नहीं खेल पायी। जगदीशन, 64 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। इसके बाद मेजबान टीम ने सुदर्शन और पडिक्कल की 76 रनों की साझेदारी से स्कोर आगे बढ़ाया। सुदर्शन के आउट होने के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर उतरे पर वह बड़ी पारी खेलने में असफल रहे ।वह 8 रन ही बना पाये ।

# अगर आपको 20 विकेट लेने हैं तो इस खिलाड़ी को टेस्ट टीम का हिस्सा होना चाहिए : अनिल कुंबले




नई दिल्ली ।अनुभवी स्पिनर अनिल कुंबले ने बाएं हाथ के गेंदबाज कुलदीप यादव को टेस्ट टीम में शामिल करने की वकालत की है, जो अपने साथ एक 'एक्स-फैक्टर' ' लेकर आते हैं जो भारत को 20 विकेट लेने के एक कदम और करीब ले जाता है।कुलदीप इस साल की शुरुआत में भारत के इंग्लैंड दौरे के दौरान पूरी तरह से बाहर रहे।यह उनकी फॉर्म या उनके कौशल की कमी की बात नहीं थी; टीम संयोजन और बल्लेबाजी में गहराई की चाह ने उनके लिए कोई जगह नहीं छोड़ी। कुंबले ने कहा, 'मुझे लगता है कि अगर आपको 20 विकेट लेने हैं तो कुलदीप यादव को टेस्ट मैच क्रिकेट का हिस्सा होना चाहिए।हां, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल हैं। लेकिन मुझे लगता है कि कुलदीप का एक्स-फैक्टर यह है कि उन्हें चुनना आसान नहीं है और हमने यह देखा है।' उन्होंने कहा, 'मैं कुलदीप को प्लेइंग इलेवन में लिस्टेड स्पिनर के तौर पर नंबर एक स्पिनर के रूप में देखना चाहूंगा।और फिर उसके बाद आप जो भी करना चाहें, ऑलराउंडर, तेज गेंदबाज और फिर बाकी खिलाड़ियों को चुनें।'

# बुमराह को पाकिस्तान के खिलाफ मैच में आराम देना चाहिए, विश्व कप विजेता की गंभीर को सलाह

**स्पोर्ट्स डेस्क।** पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने अबू धाबी के शेख जायेद स्टेडियम में ओमान के खिलाफ ग्रुप ए के अंतिम मैच से पहले गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव को एक आसान सी सलाह दी है। 1983 विश्व कप विजेता टीम के दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इस मैच और रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले सुपर 4 मुकाबले से आराम देना चाहते हैं। गावस्कर ने कहा कि ऐसा करने से प्रबंधन को 28 सितंबर को होने वाले एशिया कप फाइनल के लिए इस तेज गेंदबाज को तरोताजा रखने में मदद मिलेगी।


गावस्कर ने कहा कि ओमान के खिलाफ मैच भारत को अपने बल्लेबाजों को परखने का मौका देगा। उन्होंने कहा कि संजू सैमसन, तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ियों को क्रीज पर कुछ समय देना चाहिए। बुमराह ने अब तक एशिया कप के दोनों मैच खेले हैं, संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान के खिलाफ, जहां उन्होंने 3 विकेट लिए हैं। इस तेज गेंदबाज ने थोड़ी सुस्ती दिखाई है, इसलिए यह तय नहीं है कि प्रबंधन इस पर ध्यान देगा या नहीं।




ज़्यादा नियमित खेल समय बुमराह को जल्द से जल्द अपनी लय वापस पाने में मदद करेगा। इससे पहले, 31 वर्षीय बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ सभी पाँच टेस्ट मैच नहीं खेल पाए थे, हालाँकि उन्होंने तीन टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया था, जहाँ उन्होंने दो बार पाँच विकेट लिए थे।

गावस्कर ने कहा, 'मेरा मानना है कि जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जाना चाहिए, शायद पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए भी, ताकि वह रविवार 28 तारीख को होने वाले बड़े मैच के लिए उपलब्ध रहें। भारत को इसी पर ध्यान देना चाहिए। बेशक, एक बेंच खिलाड़ी को भी टीम में शामिल करना होगा, लेकिन बुमराह को आराम देने के लिए उन्हें कल के मैच से बाहर रखा जाना चाहिए।'


# गुलबदीन ने भारतीय टीम को एशिया और विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीम बताया




दुबई ।अफगानिस्तान के ऑलराउंडर गुलबदीन नायब ने कहा है कि भारतीय टीम एशिया ही नहीं विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीम है।गुलबदीन ने भारतीय खिलाड़ियों के स्तर की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनसे काफी कुछ सीखने को मिलता है।गुलबदीन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भारतीय खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का उनका अनुभव काफी अच्छा रहा है।इस अफगान क्रिकेटर ने कहा, भारतीय टीम एशिया और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है, आपको इन खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा, मैंने आईपीएलमें उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया है और उनके खिलाफ खेले गए सभी मैचों में हमें बहुत अच्छा अनुभव मिला है।हम यह नहीं कह सकते कि टी20 क्रिकेट में कोई भी टीम प्रबल दावेदार है, जो टीम अच्छा खेलेगी वही जीतेगी।फिर भी, अगर आप स्तर को देखें, तो भारतीय टीम सबसे अच्छी है।नायब आईपीएल दिल्ली कैपिटल्स में शामिल रहे हैं, जहां उन्होंने दो मैच खेले हैं।टी20 क्रिकेट को लेकर इस ऑलराउंडर ने कहा कि कोई भी खिलाड़ी खेल का रुख बदल सकता है।उन्होंने कहा, टी20 क्रिकेट में एक खिलाड़ी खेल का रुख बदल सकता है, चाहे वह शीर्ष क्रम का हो, मध्य क्रम का हो या निचले क्रम का, या फिर स्पिनर हो, कोई भी खिलाड़ी अपने दिन खेल को बदल सकता है। खेल इसी दिशा में जाएगा।टी20 को मनोरंजन का खेल बताते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि टी20 क्रिकेट एक मनोरंजक क्रिकेट है, इसलिए हर कोई देश के लिए कुछ करना चाहता है। एशिया कप में एक जीत और एक हार के साथ अफगानिस्तान तीसरे स्थान पर बना हुआ है।

# अश्विन के आईएलटी 20 लीग खेलने की संभावना : व्हाइट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंटरनेशनल टी20 लीग (आईएलटी) 20 के मुख्य कार्यकारी डेविड व्हाइट ने कहा है कि आने वाले समय में दिग्गज स्पिनर आर अश्विन इस लीग से खेल सकते हैं। अश्विन ने हाल ही में आईपीएल से भी संन्यास ले लिया था। इसके बाद से ही वह विदेशी लीग में खेलने की संभावनाएं तलाश रहे थे। अश्विन के जिन टूर्नामेंटों में खेलने की चर्चा हो रही है। उनमें से एक आईएलटी 20 लीग भी है। ये लीग संयुक्त अरब अमीरात में खेली जाती है। इस लीग के सीईओ व्हाइट ने कहा कि हाल ही में उनकी अश्विन के साथ काफी अच्छी बातचीत हुई है और उन्होंने कहा कि अगर हम उनके स्तर के खिलाड़ी को लाने में सफल रहे तो यह टूर्नामेंट के लिए बहुत बड़ी बात होगी।



व्हाइट ने बताया, अश्विन के साथ हमारी बातचीत बहुत सकारात्मक रही है और उम्मीद है कि निकट भविष्य में वह हमारी लीग में खेल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, अगर हमें उनके स्तर का कोई खिलाड़ी मिल जाए तो यह बहुत बड़ी बात होगी। वह एक विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं। उनके नाम 500 से ज्यादा टेस्ट विकेट, एक शानदार वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर है और उनका क्रिकेट का ज्ञान कमाल का है। उनका एक करिश्माई व्यक्तित्व, खेल की गहरी समझ होना उन्हें अनमोल बनाता है। अगर वह हमारी लीग में खेलते हैं तो हमें बहुत खुशी होगी।

वहीं अश्विन के खिलाड़ी और कोच दोनो ही भूमिका निभाने को लेकर व्हाइट ने कहा, मुझे लगता है कि हम ऐसी किसी भी चीज के लिए तैयार हैं। न केवल उनके खेल और कोचिंग के लिए बल्कि उनके विश्लेषणात्मक कौशल के लिए भी अहम होगा। उनकी अपनी मीडिया कंपनी है, जिस पर वे काम कर रहे हैं। वे बहुत चतुर व्यक्ति हैं। हम सभी पहलुओं का स्वागत करेंगे।

# आईसीसी के आरोपों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का आया बयान, यह प्रोटोकॉल के दायरे में था


**अबुधाबी (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने शुक्रवार को अपने मीडिया मैनेजर द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के खिलाफ एशिया कप मैच से पहले मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट और टीम अधिकारियों के बीच हुई बैठक का वीडियो बनाने का बचाव करते हुए कहा कि यह ICC प्रोटोकॉल के दायरे में था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने PCB को पत्र लिखकर खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों के क्षेत्र (PMOA) संहिता के कई उल्लंघनों का हवाला दिया था जिसमें कोच माइक हेसन, कप्तान सलमान अली आगा और मैनेजर नवीद अकरम चीमा की बातचीत की रिकॉर्डिंग भी शामिल थी।

ICC ने PCB की उस प्रेस विज्ञप्ति पर भी सवाल उठाया था जिसमें कहा गया था कि पाइक्रॉफ्ट ने माफी मांगी है जबकि इसमें स्पष्ट किया गया था कि रैफरी ने केवल एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के स्थल प्रबंधक द्वारा की गई गलतफहमी पर खेद व्यक्त किया था। टूर्नामेंट के एक सूत्र ने बोर्ड की प्रतिक्रिया पर कहा, 'टीम का मीडिया मैनेजर टीम का हिस्सा है और उसे पीएमओए तक जाने की अनुमति है। वहां उसकी मौजूदगी कोई उल्लंघन नहीं है।'

पीसीबी के अनुसार मौजूदा प्रोटोकॉल मीडिया प्रबंधकों को PMOA में कैमरों का इस्तेमाल करने की अनुमति देते हैं। सूत्र ने आगे कहा, 'अगर मानक परिचालन प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया होता तो ICC को मैच रैफरी से यह पूछना चाहिए कि क्या इस मामले की सूचना एसीयू (भ्रष्टाचार रोधी इकाई) को दी गई थी।'

सूत्र के मुताबिक ICC मैच अधिकारी ने इस मामले को पाकिस्तानी टीम के ACU अधिकारी के सामने उठाया था और उन्होंने इसे स्वीकार भी किया था। इससे पहले वैश्विक संस्था ने PCB को भेजे ईमेल में स्पष्ट कहा था। सूत्र ने कहा, 'आईसीसी ने खेल, टूर्नामेंट और संबंधित हितधारकों के हित को बनाए रखने के लिए PCB के अनुरोध को स्वीकार कर लिया, हालाकि यह PMOA के प्रति पूर्ण अनादर दर्शाता है।'

यह सब तब शुरू हुआ जब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के समकक्ष सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया और पीसीबी ने आईसीसी से मैच रैफरी पर खेल भावना से संबंधित प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने की शिकायत की और उन्हें टूर्नामेंट या पाकिस्तान के मैचों से हटाने की मांग की। ICC ने PCB के दावों को खारिज कर दिया और अपने एलीट पैनल मैच रैफरी




का भी समर्थन किया जिससे यह स्पष्ट हो गया कि वह केवल एसीसी स्थल प्रबंधक का संदेश दे रहा था।

# उम्मीद है कि एशेज के पांचों टेस्ट में खेलूंगा : पीठ की समस्या से जूझ रहे पैट कमिंस ने दिया बयान

सिडनी ।पीठ की समस्या से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस एशेज के सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलना चाहते है ।कमिंस ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। खेल क्लबों के लिए जलवायु परिवर्तन से निपटने और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ बने रहने के लिए संघीय सरकार ने 50 मिलियन डॉलर के अनुदान की घोषणा की गई ।कमिंस ने स्वीकार किया कि एशेज से पहले वह पूरी तरह से प्रतीक्षा करने और देखने की स्थिति है ।कमिंस ने कहा, 'लक्ष्य पांच टेस्ट मैच है ।हर गर्मियों में आप पांच टेस्ट मैच खेलने का लक्ष्य रखते हैं ।यह मैच थोड़ा अलग हो सकता है क्योंकि आप बाकी मैचों से थोड़े अलग अंदाज में आ रहे हैं ।लेकिन शुरुआती लक्ष्य पांच विकेट लेना है। एक बार जब हम करीब पहुंच जाएंगे, तो हम शायद अधिक यथार्थवादी परिस्थितियों पर बात करेंगे ।सच कहूं तो यह कहना अभी बहुत दूर की बात है, लेकिन फिलहाल हमारा लक्ष्य इन सबके लिए तैयार रहने का प्रयास करना है ।' कमिंस ने इस तथ्य की ओर इशारा किया कि पहले तीन टेस्ट मैचों के कार्यक्रम में आठ दिनों का स्पष्ट अंतराल रखा गया था, इसलिए बैकअप लेना कोई समस्या नहीं हो सकती ।लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि यह संभावना नहीं है कि ऑस्ट्रेलिया पूरी गर्मियों में एक अपरिवर्तित आक्रमण के साथ टिकेगा ।उन्होंने कहा, 'ज्यादातर सालों में, कम से कम एक गेंदबाज तो खेल ही जाता है ।जॉश हेजलवुड पिछले साल आखिरी हाफ में नहीं खेल पाए थे ।जाहिर है, परिस्थितियां बदलती हैं, लेकिन मुझे लगता है कि आपको बस एक नए गेंदबाज की जरूरत है, जो आकर टेस्ट मैच में बिना पलक झपकाए 40 ओवर गेंदबाजी कर सके ।'

# अब भाजपा ने किया राहुल पर बड़ा हमला कहा- घुसपैठियों को बनवाना चाहते हैं मतदाता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीते कई दिनों से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लगातार वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि लोगों के जबरियां मतदाता सूची से नाम हटाए जा रहे हैं। ऐसे ही आरोपी के बीच भाजपा ने राहुल गांधी को कटघरे में खड़ा करते हुए उन पर आरोप लगाया है कि वे घुसपैठियों को भारत का मतदाता बनवाना चाहते हैं। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने पलटवार करते हुए कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां सभी लोग एक साथ रहते हैं, लेकिन घुसपैठियों के लिए यहां कोई स्थान नहीं है। राहुल गांधी घुसपैठियों को वोटर बनवाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे चुनाव आयोग ने सिरे से खारिज कर दिया है। राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग का जवाब बिल्कुल सही है।

मनोज तिवारी ने सवाल उठाया कि यदि राहुल गांधी के आरोपों में सच्चाई है तो उन्होंने चुनाव आयोग को शपथपत्र (एफिडेविट) क्यों नहीं सौंपा। यदि राहुल गांधी के दावे गलत साबित हुए तो उनकी संसद सदस्यता खतरे में पड़ सकती है। बिना सबूत के इस तरह के बयान लोकतंत्र को कमजोर करते हैं। एसआईआर एक सामान्य चुनावी प्रक्रिया है, जो देश के सभी राज्यों में लागू होती है। दिल्ली इस मामले में देश से अलग नहीं है। वहीं, दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने गुरुवार को जनकपुरी स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय में शहर की पहली निपुण शाला का उद्घाटन किया। यह उद्घाटन सरकार की निपुण संकल्प योजना के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य स्कूली बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक कौशल में सुधार करना है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर हुई, जिसे सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत गुरुवार को सर्वोदय कन्या विद्यालय सी-3 नंबर-1 में हमने एक निपुण शाला का उद्घाटन किया। इससे छात्राओं की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता में सुधार होगा।

## कांग्रेस ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए किया संविधान संशोधन-कानून मंत्री मेघवाल

**प्रयागराज (एजेंसी)।** केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि संविधान बचाने की बात करने वाली कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान संविधान को तोड़ने-मरोड़ने और नष्ट करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी सांविधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। इस तरह का कृत्य वह 2019 में कर चुके हैं। जिसका जवाब जनता ने उन्हें दिया था। फिर जनता उनको जवाब देगी। केन्द्रीय मंत्री मेघवाल शुक्रवार को आर्य कन्या डिग्री कॉलेज के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे।



कार्यक्रम के बाद वह पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कांग्रेस पर निशान साधते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए संविधान में संशोधन किया। उन्होंने संविधान का दुरुपयोग किया। पीएम मोदी ने अपने अब तक के कार्यकाल में अगर संविधान में कोई संशोधन किया है तो वह जनता के हित के लिए किया है अपने स्वार्थ के लिए नहीं किया है। उन्होंने कहा कि भारत का संसद भवन आत्मनिर्भर भारत और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। महिलाओं संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का कार्य मोदी सरकार ने किया है। नए संसद भवन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा में पारित कराकर नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया गया है।

## दीपोत्सव के मौके पर अयोध्या को फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का तोहफा देने आ रहे सीएम योगी

अयोध्या (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अयोध्या को दीपोत्सव के मौके पर फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का तोहफा देने जा रही है। यह रेस्टोरेंट सरयू नदी के किनारे बनेगा और पर्यटकों के लिए एक नया अनुभव होगा। कंपनी के अधिकारी ने बताया कि यह फ्लोटिंग रेस्टोरेंट 20.5 मीटर लंबा और 8 मीटर चौड़ा है। इसमें 12.6 मीटर का हिस्सा रेस्टोरेंट के लिए उपयोग होगा। एक बार में 35 पर्यटक बैठकर इसका आनंद ले सकते हैं। इसकी लागत 3.59 करोड़ रुपये है। इस फ्लोटिंग रेस्टोरेंट को मुंबई की लिटमस मरीन कंपनी ने बनाया है। यह अयोध्या में पर्यटक निगम का तीसरा व्यावसायिक प्रतिष्ठान होगा। रेस्टोरेंट पूरी तरह से वातानुकूलित है। इसमें आधुनिक लाइटिंग सिस्टम के साथ-साथ एक सुसज्जित किचन भी है। इस तैयार करने में डेढ़ माह का समय लगा और करीब 20 कारीगरों ने तैयार किया है। इसकी खासियत यह है कि यह रेस्टोरेंट 10 से 15 मीटर गहरे पानी में चलेगा। फ्लोटिंग रेस्टोरेंट न सिर्फ खाने-पीने की सुविधा देगा, बल्कि पर्यटकों के लिए फोटोग्राफी का भी बेहतरीन स्थल बनेगा। नदी के बीच से दिखाई देने वाली राम की पैड़ी, घाटों और दीपोत्सव के समय जगमगाती अयोध्या की झलक पर्यटकों के कैमरे में कैद होकर जीवनभर की यादगार बन जाएगी। यह जगह सेल्फी पॉइंट के रूप में भी तेजी से लोकप्रिय हो सकती है।

## भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर को अमेरिकी पुलिस ने गोली मारी, पिता ने लगाई मदद की गुहार

महबूबनगर (एजेंसी)। अमेरिका में रह रहे एक तेलंगाना के सॉफ्टवेयर इंजीनियर की पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना 3 सितंबर को कैलिफ़ोर्निया के सांता क्लारा में हुई। तेलंगाना के महबूबनगर जिले के रहने वाले 29 साल के मोहम्मद निजामुद्दीन के परिवार का कहना है कि यह घटना कैलिफोर्निया में रूममेट के साथ झगड़े के बाद हुई। निजामुद्दीन के पिता मोहम्मद हसनुद्दीन ने बताया कि उन्हें बेटे की मौत की जानकारी एक दोस्त से मिली। उनका कहना है कि झगड़ा रूममेट से एक मामूली बात को लेकर हुआ था। उन्होंने विदेश मंत्री जयशंकर को पत्र लिखकर मदद मांगी है। सांता क्लारा पुलिस के मुताबिक, 3 सितंबर सुबह 6:18 बजे उन्हें इमरजेंसी कॉल मिली। पुलिस ने बताया कि निजामुद्दीन ने झगड़े के दौरान अपने रूममेट को चाकू मार दिया था और जब पुलिस पहुंची तो वह चाकू लेकर दोबारा हमला करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने जबरन घर में प्रवेश कर उन्हें काबू करने की कोशिश की, इसी दौरान गोली चलाई गई। घायल निजामुद्दीन को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई से कम से कम एक जान बची। मौके से दो चाकू बरामद हुए। हसनुद्दीन ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखकर बेटे का शव महबूबनगर लाने में मदद मांगी है। उन्होंने लिखा, मुझे नहीं पता कि पुलिस ने उसे क्यों गोली मारी, कृपया तत्काल मदद करें। मजलिस बचाओ तहरीक के प्रवक्ता अमजद उल्लाह खान ने भी परिवार की अपील मीडिया के साथ साझा करते हुए सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है।

## 103 यात्रियों वाले एयर इंडिया के विमान से टकराया पक्षी, कराना पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

विशाखापत्तनम (एजेंसी)। विशाखापत्तनम से हैदराबाद जा रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान से एक पक्षी आकर भिड़ गया। विमान में 103 यात्री सवार थे। कहीं कोई समस्या पैदा न हो इसके लिए आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। अधिकारियों के अनुसार, उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान के इंजन में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके पीछे हवा में किसी पक्षी से टकराने का संदेह है। विशाखापत्तनम हवाई अड्डे के निदेशक एस राजा रेड्डी ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या 2658 के पायलट ने उड़ान भरने के तुरंत बाद आपातकालीन लैंडिंग का अनुरोध किया और हैदराबाद की यात्रा रद्द कर दी। रेड्डी ने बताया, विशाखापत्तनम से रवाना होने के बाद, पायलट ने इंजन में कुछ समस्या की सूचना दी। इसलिए, उन्होंने आपातकालीन लैंडिंग का अनुरोध किया और विशाखापत्तनम लौट आए। विमान सुरक्षित रूप से उतरा और सभी यात्रियों को उतार लिया गया। उन्होंने आगे बताया कि एयरलाइन यात्रियों के लिए वैकल्पिक यात्रा की व्यवस्था कर रही है। निदेशक ने बताया कि विमान दोपहर 2:38 बजे विशाखापत्तनम से रवाना हुआ और केवल 10 समुद्री मील की दूरी तय करने के बाद दोपहर 3 बजे लौट आया। माना जा रहा है कि यह घटना विमान के ऊपर उठने के दौरान हुई।

## केमिकल फैक्ट्री में विस्फोट, एक मजदूर की मौत और चार घायल

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पालघर में एक केमिकल फैक्ट्री में गुरुवार शाम विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में एक मजदूर की मौत हो गई और 4 घायल हो गए। धमाका लिंबानी साल्ट इंडस्ट्रीज में गुरुवार शाम को हुआ था। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार शाम करीब 7:30 बजे फैक्ट्री में विस्फोट हो गया, जब धातु और एसिड को मिलाया जा रहा था। इस वक्त वहां 5 मजदूर मौजूद थे। रिपोर्ट के मुताबिक पालघर जिला आपदा प्रबंधन सेल के प्रमुख ने कहा कि यह अत्यधिक रिएक्टिव प्रोसेस था, जिसके कारण विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा कि एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों को तुरंत अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। दो मजदूरों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। धमाके के बाद अग्निशमन दल और आपदा प्रबंधन कर्मियों सहित आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंचीं और हालात पर काबू पाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कुंतरी और धूर्मा में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, हटाया जा रहा मलबा

देहरादून (एजेंसी)। कुंतरी एवं धूर्मा गांव आपदा प्रभावित क्षेत्र में मलबे में दबे व्यक्तियों को निकालने के लिए दूसरे दिन रेस्क्यू जारी रहा। पुलिस, प्रशासन, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीमें लगातार राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हैं। कुंतरी लगा फाली में भी राहत बचाव टीम जुटी हुई है।

## बेंगलुरु की सड़कों पर हुए गड्ढों को लेकर सियासत शुरु, लोगों को वाहन निकालना हुआ कठिन



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु की सड़कों पर गड्ढों की भरमार है। गड्ढे ठीक होते इससे पहले यहां राजनीति शुरु हो गई है। राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार यहां एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों ने उनसे गड्ढों को लेकर सवाल पूछ लिए। इस पर उन्होंने भरोसा दिलाया कि सड़कों की मरम्मत जल्द पूरी होगी इसकी व्यवस्था कर दी गई है। लेकिन जैसे ही उनसे एचडी कुमारस्वामी के एक्स पोस्ट के बारे में पूछा गया कि बेंगलुरु की खराब सड़कों के कारण आईटी कंपनियां डर रही हैं तो शिवकुमार ने पलटवार करते हुए कहा, वे खुद को प्रधानमंत्री का दाहिना हाथ कहते हैं, तो फिर बेंगलुरु के लिए 10,000 करोड़ रुपए क्यों नहीं ला पाए? उन्होंने कहा था कि मेकदाटू प्रोजेक्ट की मंजूरी 5 मिनट में ले आएंगे, क्या हुआ उसका? महादयी और अपर कृष्णा प्रोजेक्ट पर उनकी चुप्पी क्यों है? अगर वो मिट्टी का बेटा हैं, तो महाराष्ट्र द्वारा सुप्रीम कोर्ट में जाने की धमकी पर बयान क्यों नहीं दे रहे? उन्होंने ये भी कहा कि शिक्षण संस्थानों के बच्चों से प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखवाना राजनीति का हिस्सा है, अगर कुमारस्वामी को राजनीति ही करनी है तो सीधे चुनाव लड़ें।

जब उनसे पूछा गया कि इतने हजारों करोड़ खर्च होने के बावजूद गड्ढे क्यों बने रहते हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, यह समस्या सिर्फ ट्वीट करने या प्रेस कॉन्फ्रेंस करने से नहीं सुलझेगी। हमने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है और जल्द इसका समाधान होगा। जब उनसे नारा लोकेश द्वारा कंपनियों को आंध्र प्रदेश आने का न्योता देने पर शिवकुमार ने कहा, वहां बिजनेस है ही नहीं, इसलिए बुलावा दे रहे हैं। पीएम ने खुद बेंगलुरु को ग्लोबल सिटी कहा है। यहां 25 लाख इंजीनियर हैं, जबकि कैलिफोर्निया में सिर्फ 13 लाख। यहां 2 लाख से ज्यादा विदेशी प्रोफेशनल्स काम कर रहे हैं। बेंगलुरु का टैलेंट और सिस्टम ही इसकी पहचान है।उन्होंने केंद्र पर भी आरोप लगाया कि बेंगलुरु के विकास के लिए केंद्र सरकार ने एक रुपया भी नहीं दिया।

# रात 1.30 बजे ही क्यों ऑपरेशन सिंदूर अंजाम दिया गया... सीडीएस चौहान ने बताया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा भारतीय सेना ने अपनी ताकत का एहसास पूरी दुनिया से कराया है। भारतीय सेना का मिशन पूरी तरह सफल रहा और इसकी दुनिया भर खासकर पाकिस्तान में इसकी खूब चर्चा हुई। पाकिस्तान को इस ऑपरेशन में भारी नुकसान हुआ। वहीं ऑपरेशन को लेकर लोगों के मन एक सवाल था कि रात 1.30 बजे ही क्यों ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया। इस सवाल का जवाब सीडीएस अनिल चौहान ने शुक्रवार को दे दिया।

सीडीएस चौहान ने कहा यदि सुबह 5 या 6 बजे के बीच ऑपरेशन चलाते, तब वह समय अजान का होता। इस दौरान वहां कई लोग मौजूद होते, इसकारण सेना ने तय किया कि रात 1.30 बजे कार्रवाई को अंजाम दिया जाए। सीडीएस चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक नए प्रकार के युद्ध की शुरुआत की है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि हमले के दौरान हर बार भारत ने पाकिस्तान को निर्णायक रूप से हराया।

सीडीएस चौहान ने रात के समय कार्रवाई के पीछे कहा कि सेना को अपनी तकनीक पर पूरा भरोसा है। सैटेलाइट इमेज और दूसरी तकनीक के द्वारा सटीक निशाना साधा जा सकता है। ऑपरेशन सिंदूर ने दिखा दिया कि लंबी दूरी के टारगेट को रात में भी कैसे हिट किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि पारंपरिक युद्ध के विपरीत युद्ध भूमि, वायु, समुद्र और साइबर क्षेत्र में लड़ा गया। जनरल चौहान ने कहा कि यहां जीत का एक पैमाना हमारे हमले की उच्च तकनीक थी जिसका प्रदर्शन वहां हुआ। रात के समय लंबी दूरी के लक्ष्यों पर सटीक हमले के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने हर बार पाकिस्तान को निर्णायक रूप से हराया।



## बॉम्बे हाईकोर्ट को फिर मिली बम की धमकी, अलर्ट पर मुंबई पुलिस

**मुंबई (एजेंसी)।** एक बार फिर मुंबई में दहशत का माहौल हो गया जब बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति ने हेल्पलाइन 112 पर कॉल करके हाई कोर्ट परिसर में बम विस्फोट होने की चेतावनी दी। इस कॉल के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बम निरोधक दल, डॉग स्क्वॉड और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और कोर्ट परिसर को खाली करवाकर सघन तलाशी अभियान चलाया। मगर कहीं भी कोई संदेहस्पद सामान नहीं मिला। फिलहाल हाई कोर्ट परिसर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और मुंबई पुलिस इस बात की जाँच कर रही है कि कॉल असली थी या फर्जी। उधर एक हफ्ते के अंदर दूसरी बार धमकियाँ मिलने से नागरिकों और कोर्ट कर्मचारियों में डर का माहौल है।

### * मुंबई पुलिस ने अलर्ट जारी किया

मुंबई पुलिस ने बम विस्फोट की धमकी के बाद तुरंत अलर्ट जारी किया है। सुरक्षा कारणों से पूरे शहर में कड़े एहतियाती कदम उठाए गए हैं। कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और शहर के महत्वपूर्ण चौराहों, रेलवे स्टेशनों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्ती दलों की संख्या बढ़ा दी गई है। साथ ही, तटीय इलाकों और प्रमुख समुद्री मार्गों पर कड़ी जाँच शुरू कर दी गई है। नौसेना और तटरक्षक बल से भी लगातार संपर्क बनाए रखा जा रहा है। मुंबई पुलिस ने नागरिकों से शांत रहने की अपील की है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने का अनुरोध किया है। आधिकारिक तौर पर कहा गया है कि पुलिस किसी भी संभावित भ्रम से बचने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### * अज्ञात कॉलर की तलाश जारी

मुंबई पुलिस के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अदालत को प्राप्त 112 धमकी भरे कॉल के स्रोत का पता लगाने का काम तत्काल शुरू कर दिया गया है। तकनीकी टीमें और साइबर अपराध शाखा की एक टीम मामले पर काम कर रही है। पुलिस अब कॉल रिकॉर्ड, नंबर के लोकेशन डेटा, वॉयस कॉल के सिग्नेचर और अन्य डिजिटल सुरागों की गहन जाँच कर रही है। साथ ही, कॉल के कुछ संभावित चैनलों जैसे वॉयसओवर-आईपी, इंटरनेट-आधारित ऐप या स्थानीय सिम की जाँच करके असली कॉलर का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि तकनीकी विश्लेषण से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर ही जाँच की दिशा तय की जाएगी, इसलिए बिना किसी निष्कर्ष पर पहुँचे सावधानीपूर्वक जाँच की जा रही है।

## सुरक्षा उपायों के साथ हेलीकॉप्टर सेवा शुरु, अब आसान होगी चारोंधाम यात्रा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मॉनसून अंतराल के बाद 15/16 सितंबर 2025 से चारधाम यात्रा 2025 के लिए हेलीकॉप्टर परिचालन फिर से आरंभ करने की स्?वीकृति दे दी है। नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू के नेतृत्व में गहन समीक्षा के बाद चारधाम यात्रा और अधिक सुरक्षित बनाने हेतु महत?वपूर्ण पहल की गई है। सुरक्षा में कोई चूक बिल?कुल बर्दाश्त न करने के स्पष्ट आदेश के साथ, डीजीसीए को सख्त कदम उठाने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार नायडू ने डीजीसीए, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, राज्य सरकार और उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ देहरादून और दिल्ली में कई समीक्षा बैठकें कीं। नागर विमानन मंत्री के निर्देशों के अनुसार, डीजीसीए ने अपनी टीम द्वारा सभी हेलीपैड, हेलीकॉप्टरों, संचालकों की तैयारियों और सहायता सुविधाओं का व्यापक निरीक्षण/आकलन किया। इसके बाद उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण और हेलीकॉप्टर ऑपरेटरों को संचालन फिर से आरंभ करने की स्?वीकृति दी गई।

इसके अलावा, नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा सभी हेलीकॉप्टर संचालक कंपनियों और पायलटों को चुनौतियों तथा तीर्थयात्रा संचालन से संबंधित परिपत्र में अपनाए गए अतिरिक्त सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। डीजीसीए चारधाम यात्रा हेलीकॉप्टर संचालन पर कड़ी और निरंतर निगरानी रखेगा। मई-जून 2025 में चारधाम सेक्टर में कई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं के बाद, विभिन्न उच्चाधिकार प्राप्त समितियों ने सुरक्षित हेलीकॉप्टर संचालन में सुरक्षा उपायों की सिफ़ारिश की थी, जिनमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण - एएआई द्वारा हवाई यातायात नियंत्रकों, भारतीय मौसम विभाग द्वारा मौसम विज्ञान अधिकारियों और उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूसीएडीए) द्वारा नियंत्रण कक्षों में योग्य कर्मियों की तैनाती शामिल है। सुरक्षा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आकस्मिक जांच और आकलन किए जाएंगे। डीजीसीए उच्चतम स्तर की विमानन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसने फिर दोहराया है कि यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा सर्वोपरि है। चारधाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा फिर से आरंभ होने से श्रद्धालुओं को इन पवित्र तीर्थस्थलों तक परिवहन का एक सुरक्षित, कुशल और भरोसेमंद साधन उपलब्ध होने की उम्मीद है।

## कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक 24 को, एसआईआर और 'वोट चोरी' पर होगा मंथन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी ने 24 सितंबर को पटना में अपनी विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बुलाने का ऐलान किया है। इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस कमेटियों और विधायक दलों के नेता, साथ ही कार्यसमिति के स्थायी व आमंत्रित सदस्य शामिल होंगे।

बैठक का मुख्य एजेंडा बिहार में पार्टी की चुनावी रणनीति तैयार करना, सीट-बंटवारे पर चर्चा करना और चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसईआर) की प्रक्रिया पर सवाल उठाना होगा। कांग्रेस का आरोप है कि एसईआर के बहाने बड़े पैमाने पर दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और गरीब वर्गों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कई जगहों पर मृत या डुप्लीकेट नाम जोड़े जाने और जीवित मतदाताओं के नाम काटे जाने की शिकायतें भी दर्ज कराई हैं।

बैठक में 'वोट चोरी' का मुद्दा भी जोरदार ढंग से उठने की उम्मीद है। राहुल गांधी ने हाल में अपनी सभाओं में इस आरोप को लगातार दोहराते हुए कहा है कि जनता के अधिकारों से खिलवाड़ हो रहा है और मतदाता सूचियों में हेरफेर किया जा रहा है। इधर बिहार में महागठबंधन के सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे पर मतभेद बने हुए हैं। कांग्रेस चाहती है कि उसे पर्याप्त सीटें दी जाएँ, जबकि अन्य दल पिछले नतीजों के आधार पर कम सीटें देने के पक्ष में हैं। इसी बीच कांग्रेस ने प्रदेश चुनाव समिति का गठन कर संभावित उम्मीदवारों और सीट वितरण की रूपरेखा तैयार करने का काम शुरू कर दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पटना में बैठक कर कांग्रेस पार्टी न सिर्फ अपने कार्यकर्ताओं को संदेश देना चाहती है कि केंद्रीय नेतृत्व राज्य की लड़ाई में पूरी ताकत से उतरेगा, बल्कि यह भी दर्शाना चाहती है कि पार्टी चुनाव से पहले पारदर्शिता, मतदाता अधिकार और गठबंधन की मजबूती जैसे अहम मुद्दों पर गंभीर है।

# नीरव ने प्रत्यर्पण की प्रक्रिया को फिर से खोलने की मांग रखी, लग सकता है भारत को झटका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब नेशनल बैंक घोटाले में फंसे कारोबारी नीरव मोदी ने एक नई चाल चली है। उन्होंने ब्रिटेन की अदालत ने उस अपील को स्वीकार कर लिया है, जिसमें उसने अपनी प्रत्यर्पण की प्रक्रिया को फिर से खोलने की मांग रखी। इससे उसे जल्द भारत लाने की कोशिशों को झटका लग सकता है। इस फैसले के बाद भारत सरकार और जांच एजेंसियां लंदन को जवाब भेजने की तैयारी में हैं, ताकि लंबी कानूनी लड़ाई से बचा जा सके। सीनियर अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, नीरव मोदी ने अपनी कानूनी टीम के जरिए पिछले महीने यूके की वेस्टमिंस्टर कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी, जिसमें उसने भारत में प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील को फिर से खोलने की मांग की। अदालत ने इसे स्वीकार कर लिया है और भारत सरकार को नोटिस भेजा गया है।

नीरव ने अपनी अर्जी में दावा किया कि अगर उसे भारत भेजा गया तो कई एजेंसियां उससे पूछताछ करेंगी और इस दौरान उसे यातना का सामना करना पड़ सकता है। अदालत ने अभी इस अर्जी पर सुनवाई की तारीख तय नहीं की है। एक अन्य सरकारी अधिकारी ने कहा, हम विस्तार से जवाब देने की तैयारी कर रहे हैं, जो राजनयिक चैनलों के जरिए भेजा जाएगा। हम नीरव के दावों का खंडन करेंगे। अदालत से इस अर्जी को खारिज करने की अपील करेंगे, क्योंकि प्रत्यर्पण का आदेश 2022 में ही अंतिम हो चुका था। बता दें कि भारत सरकार यह बताने की योजना बना रही है कि अगर नीरव को प्रत्यर्पित किया गया, तो उसका मुकदमा पूरी तरह भारतीय कानून के अनुसार होगा। साथ ही, किसी भी एजेंसी की ओर से उससे पूछताछ नहीं की जाएगी। बता दें कि नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक घोटाले में धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, विश्वासघात, भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग और करार उल्लंघन के गंभीर आरोप हैं। 2011 से 2017 तक उन्होंने अपनी कंपनियों (जैसे फायरस्टार डायमंड, सोलर एक्सपोर्ट्स) के लिए पीएनबी के मुंबई ब्रांच से 1,200 से अधिक फर्जी लेटर्स ऑफ अंडरटेकिंग हासिल किए, जो विदेशी बैंकों से कर्ज लेने के लिए इस्तेमाल हुए।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902